

घर से बेदखल नहीं होंगे शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा


# रॉयल बुलेटिन


तापमान- अधिकतम- 38.09
न्यूनतम- 21.09

प्रात:कालीन हिन्दी दैनिक




ट्रंप का दावा- भारत ने किया अमेरिकी आयात पर जीरो टैरिफ का ऑफर


◆ वर्ष 41, अंक 133 RNI No. 43285/85 ◆ संस्करण - नगर ◆ मुजफ्फरनगर, शुक्रवार, 16 मई, 2025 ◆ ज्येष्ठ कृष्ण 4 विक्रमी सम्वत् 2082 ◆ पृष्ठ 8+4=12 ◆ मूल्य 4 रुपया

## भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता वाले बयान से पलटे ट्रम्प

● कहा- मैंने सीजफायर नहीं कराया, सिर्फ मदद की ● 10 मई को जानकारी देकर लिया था श्रेय

**वाशिंगटन/कतर (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प गुरुवार को 5 दिन बाद भारत पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के बयान से पलट गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता नहीं कराई, लेकिन मैंने मदद की है।

ट्रम्प ने कहा, मैं ये नहीं कहता कि ये मैंने किया, लेकिन ये पक्का है कि पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान के बीच जो हुआ, मैंने उसे सैटल करने में मदद की। भारत-पाकिस्तान के बीच और भी भयावह हो सकता था। दोनों देशों ने अचानक मिसाइल दागना शुरू कर दिया और हमने सब सैटल कर दिया। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच मध्यस्थता का ऐलान किया था। कहा था, मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को समझदारी दिखाने के लिए बधाई। ट्रम्प ने 15 मई को कतर में कहा- मुझे उम्मीद है कि मैं यहां से बाहर नहीं निकलता और दो दिन बाद पता चलता कि मामला सुलझा नहीं है, लेकिन मामला सुलझ गया। मैंने दोनों से व्यापार को लेकर बात की। मैंने कहा कि युद्ध के बजाय व्यापार करें। पाकिस्तान बहुत खुश था, भारत बहुत खुश था। मुझे लगता है कि वे सही रास्ते पर हैं। उन्होंने कहा, वे (भारत-पाकिस्तान) बीते 1000 साल से लड़ रहे हैं। मैंने कहा कि मैं समझौता करा सकता हूं। और मैंने समझौता करा दिया। मैंने कहा कि मुझे इसे निपटाने दो।

● 12 मई- ट्रम्प बोले- हमने भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु जंग रोकी- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाली परमाणु जंग रोक दी है। उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा- अमेरिका ने दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने में मदद की है। ट्रम्प ने कहा, मुझे यकीन है कि यह सीजफायर स्थायी होगा। दोनों देशों के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं, इससे एक भीषण परमाणु जंग छिड़ सकती थी। लाखों लोग मारे जा सकते थे।

● 11 मई- ट्रम्प बोले- कश्मीर मुद्दे पर हल निकालने की कोशिश करूंगा- मुझे भारत और पाकिस्तान की मजबूत लीडरशिप पर बहुत गर्व है, जिन्होंने ताकत, समझदारी और हिम्मत दिखाकर यह फैसला लिया कि अब मौजूदा तनाव को रोकने का समय है। यह तनाव लाखों लोगों की मौत और तबाही का कारण बन सकता था। लाखों निर्दोष लोग मर सकते थे। मुझे खुशी है कि अमेरिका इस ऐतिहासिक और साहसी फैसले तक पहुंचने में आपकी मदद कर सका।

महाराष्ट्र के जलगांव में बड़ा हादसा

## मालगाड़ी के 5-6 डिब्बे पटरी से उतरे

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में गुरुवार दोपहर एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इससे पश्चिम रेलवे के नंदुरबार-सूरत खंड की दोनों लाइनों पर रेल यातायात प्रभावित हुआ है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि चंद्रपुर जिले के गुगुस से गुजरात के गांधीनगर जा रही इस मालगाड़ी के इंजन समेत सात डिब्बे जलगांव जिले के अमलनेर स्टेशन पर दोपहर 2:18 बजे पटरी से उतर गए। यह स्थान मुंबई से करीब 350 किलोमीटर दूर है।



**किसी के हताहत होने की सूचना नहीं-** उन्होंने कहा कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मालगाड़ी के चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। उद्धना, भुसावल और नंदुरबार से दुर्घटना राहत ट्रेनें (एआरटी) और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं। परिचालन बहाल करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है।

श्रीनगर में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जवानों से मिले

## भारत के माथे पर वार करने वालों की छाती पर घाव किया

● पाकिस्तान -भीख मांगने वालों की लाइन में सबसे आगे खड़ा मिलता है



**श्रीनगर (एजेंसी)।** राजनाथ ने कहा- पाकिस्तान जहां से खड़ा होता है वहां से मांगने वालों की लाइन शुरू हो जाती है। हाल ही में पाकिस्तान आईएमएफ से कर्ज मांगने गया। जबकि भारत उसी आईएमएफ को फंड देता है। रामचरित मानस में कहा गया है जहां सुमति तहं संपति नाना, जहां कुमति तहं विपत निधाना। यानी जहां सुमति होती है वहां संपन्नता आती है। जहां कुमति होती है वहां विपत्ति आती है। हमने तय किया कि धरती की छाती चीरकर दुश्मन के ठिकानों को नष्ट करेंगे। मैं मानता हूं कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ की गई यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। हमने दिखा दिया है कि हम आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने भारत के मस्तिष्क पर वार किया तो हमने उनकी छाती पर वार किया।

**दुनिया जानती है कि हमारी सेना का निशाना अचूक-** साथियों आपको याद होगा लगभग 21 साल पहले स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सामने इस्लामाबाद ने डिक्लेयर किया था कि पाकिस्तान से आतंकवाद एक्सपोर्ट नहीं किया जाएगा, लेकिन पाकिस्तान ने धोखा दिया है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दो टूक शब्दों में आतंकवाद के खिलाफ डिफाइन कर दिया है।

### ● परमाणु हथियारों पर भारत के रुख से सहमा पाकिस्तान!

राजनाथ सिंह के पाकिस्तान के परमाणु हथियारों पर दिए बयान के बाद पाकिस्तान ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि राजनाथ सिंह को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बारे में जानकारी नहीं है और उनका बयान उनकी 'असुरक्षा और निराशा' को दर्शाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पाकिस्तान के परमाणु हथियारों पर दिए बयान पर पाकिस्तान ने भी प्रतिक्रिया दी है। पाकिस्तान ने कह दिया है कि राजनाथ सिंह को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बारे में जानकारी नहीं है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने राजनाथ सिंह के बयान की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान ने फिर से बड़बोलेपन वाले अंदाज में राजनाथ सिंह के बयान के बारे में कहा कि यह उनकी 'असुरक्षा और निराशा' को दिखाता है।

## आतंकियों की काल बनी सेना, ड्रोन से खोजकर 6 को किया ढेर

**नई दिल्ली/श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के त्राल में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने 6 आतंकियों को मार गिराया। यह एक मकान में छिपे थे। सुरक्षाबलों ने इन्हें ड्रोन की मदद से ढूंढ निकाला और एनकाउंटर कर दिया। मारे गए आतंकियों में एक टॉप कमांडर आसिफ शेख था। इसके अलावा सुरक्षाबलों ने आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट को भी मार गिराया। इस बीच, त्राल में मारे गए एक आतंकी आमिर नजीर वानी का आखिरी वीडियो सामने आया है। इसमें वह अपनी मां से बात कर रहा है। मां ने कश्मीरी में आमिर से कहा- बेटा, सरेंडर कर दो। जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में यह दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले शोपियां जिले के केलर में 13 मई को सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए थे।

### मणिपुर के चंदेल में 10 उग्रवादी ढेर

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के चंदेल जिले में गुरुवार को असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए।

## कर्नल सोफिया पर आपत्तिजनक बयान पर एमपी के मंत्री शाह की मुश्किलें बड़ी

एफआईआर की भाषा से हाईकोर्ट नाराज, कहा खानापूर्ति कर दी, अब जांच हमारी निगरानी में होगी

**जबलपुर/नई दिल्ली/भोपाल (एजेंसी)।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री के विवादित बयान पर दर्ज एफआईआर की भाषा पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने गुरुवार को मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर को सिर्फ खानापूर्ति बताया है।

हाईकोर्ट ने कहा कि अब इस पुलिस जांच की निगरानी कोर्ट करेगी। जांच किसी दबाव में प्रभावित ना हो इसलिए ऐसा करना जरूरी है। हाईकोर्ट इस मामले में छुट्टियों के बाद फिर सुनवाई करेगा।



**सुप्रीम कोर्ट बोला- मंत्री से जिम्मेदारी की उम्मीद की जाती है-** इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री विजय शाह की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि आप हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। आप किस तरह के बयान दे रहे हैं? देखना चाहिए कि कैसे हालात हैं? आप जिम्मेदार पद पर हैं, जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

**हाईकोर्ट की टिप्पणी और राज्य सरकार की दलील-** मध्य प्रदेश सरकार- महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट के आदेश पर बुधवार शाम 7:55 बजे इंदौर के मानपुर थाने में विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई। जांच पुलिस कर रही है। हाईकोर्ट- जस्टिस अतुल श्रीधरन ने कहा कि यह किसी हत्या की जांच नहीं है, बल्कि एक आपत्तिजनक भाषण से जुड़ा मामला है। ऐसे में इसमें लंबी जांच की आवश्यकता नहीं है।

### अब सपा के रामगोपाल यादव ने कहा व्योमिका सिंह जाटव हैं

**मुरादाबाद (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ीं कर्नल सोफिया के बाद अब विंग कमांडर व्योमिका सिंह के बारे में विवादित टिप्पणी की गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चाचा रामगोपाल यादव ने उनके लिए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। इनमें कुछ ऐसे शब्द हैं, जो हम लिख नहीं सकते हैं।

गुरुवार को यूपी के मुरादाबाद में रामगोपाल ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग में कर्नल सोफिया कुरैशी के साथ शामिल विंग कमांडर व्योमिका सिंह हरियाणा की जाटव है... हैं। लेकिन भाजपा ने राजपूत समझकर व्योमिका के बारे में कुछ नहीं कहा, जबकि मुसलमान होने पर भाजपा के मंत्री ने कर्नल सोफिया कुरैशी को गाली दी।प्रोफेसर रामगोपाल यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा- ऑपरेशन सिंदूर में एयर ऑपरेशन को अंजाम देने वाले एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती यादव हैं।

## भाजपा छोड़ टीएमसी में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉन बारला बोले- मुझे आदिवासियों के लिए काम नहीं करने दिया गया

**कोलकाता (एजेंसी)।** बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने उन्हें आदिवासियों के कल्याण के लिए काम नहीं करने दिया। बारला 2019 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार से भाजपा सांसद चुने गए थे। उन्होंने केंद्र सरकार में अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री के रूप में काम किया था। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बारला की जगह मनोज तिग्गा को अलीपुरद्वार से अपना उम्मीदवार बनाया था, जिसे लेकर उन्होंने खुले तौर पर नाखुशी जाहिर की थी। पश्चिम बंगाल विधानसभा में मुख्य सचेतक तिग्गा चुनाव जीतने में सफल रहे थे। तृणमूल में आधिकारिक तौर पर शामिल होने के बाद बारला ने कहा, भाजपा में रहने के दौरान मुझे आदिवासी लोगों के हितों के लिए काम करने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में मैं आदिवासी आबादी के हितों के साथ न्याय कर सकूंगा।




## लखनऊ में चलती एसी बस में आग, 5 जिंदा जले

● पिता के सामने बेटा-बेटी की मौत, इमरजेंसी गेट नहीं खुला, बिहार से दिल्ली जा रही थी

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ में गुरुवार सुबह चलती एसी बस में आग लग गई। हादसे में 5 यात्रियों की जलकर मौत हो गई। मृतकों में मां-बेटी, भाई-बहन और एक युवक है। बस में करीब 80 यात्री थे। स्लीपर बस बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही थी। हादसा सुबह 4.40 बजे आउटर रिंग रोड (किसान पथ) पर मोहनलालगंज के पास हुआ। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। यात्रियों ने बताया कि बस में अचानक धुआं भरने लगा। लोगों को कुछ समझ नहीं आया। कुछ ही मिनटों में आग की तेज लपटें उठने लगीं। बस के अंदर भगदड़ मच गई। ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर भाग गए। ड्राइवर की सीट के पास एक एक्स्ट्रा सीट लगी थी। ऐसे में यात्रियों को नीचे उतरने में दिक्कत हुई। कई यात्री फंसकर गिर गए। आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचीं, तब तक पूरी बस जल चुकी थी।



## अनमोल वचन

आज विश्व परिवार दिवस है। परिवार, समाज और राष्ट्र की एक ईकाई है। यदि परिवार रूपी संस्था में ही आत्मीयता और सहयोग न रहा तो समाज में सामुहिकता और राष्ट्र में सुराज की कलपना दिवास्वप्न बनकर रह जायेगी। युवा और प्रौढ दम्पत्तियों को भी एकल परिवार बसाते समय इन तथ्यों की ओर ध्यान देना चाहिए कि जैसा व्यवहार हम आज अपने माता-पिता से कर रहे हैं वैसा ही व्यवहार हमारी सन्तान हमसे करे तो अपने हृदय पर क्या बीतेगी। यह कल्पना की बात नहीं एक सच्चाई है, क्योंकि ऐसे अभिभावक अपनी सन्तान को सहयोग-सहकार के स्वयं के ही संस्कारों से संस्कारित करते हैं। इस कारण बडे होकर वे भी एकल परिवार ही तो बसायेंगे। परिवार को टूटने से बचाया जा सके और संयुक्त परिवार को तत्कालिक और वैयक्तिक परिस्थितियों के अनुसार किसी भी रूप में जीवित रखा जा सके तभी आदर्श समाज की रचना की परिकल्पना साकार हो पायेगी। आज के युवाओं को यह नहीं भूलना चाहिए कि बुजुर्गों के पास अनुभव की जो संचित निधि है उसका लाभ जो उठा लेता है वह भाग्यशाली है। उनकी दुआओं और आशीर्वाद में अपरिमित शक्ति है, जो उनके आशीष वचनों से वंचित रह जाते हैं वे अभागे हैं।

# टीबी उन्मूलन लक्ष्य को साकार करने की दिशा में 100 मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरित

**शामली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में शामली जनपद में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को विकास भवन सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान और मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी के प्रयासों से 100 टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली किट का वितरण किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत में यह बताया गया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ 9 सितंबर 2022 को किया गया था, जिसका उद्देश्य वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाना है। इसी अभियान के तहत महामहिम राज्यपाल महोदया द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके उपचार के दौरान पोषण पोटली वितरित करने की पहल की गई है। जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से आए 20 मरीजों को इस कार्यक्रम में लाभान्वित किया गया। इस कार्य में संबंधित ब्लॉक विकास अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग की अहम भूमिका रही।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने जानकारी दी कि वर्तमान में जनपद शामली में कुल 2506 टीबी मरीज उपचाराधीन हैं, जिनमें से 1776 मरीजों ने गोद लिए जाने की सहमति दी है। अब तक जिले में 169 निक्षय मित्र बनाए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से 1282 मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली प्रदान की जा चुकी है। डॉ. कुमार ने समाजसेवियों और संगठनों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग 'निक्षय मित्र' बनें और टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके इलाज में सहायता करें, ताकि प्रधानमंत्री का टीबी मुक्त भारत का सपना समय पर साकार हो सके।

# धमकी देने के मामले में वांछित गिरफ्तार, थानाभवन पुलिस ने की कार्रवाई

**शामली।** थाना थानाभवन पुलिस ने एक धमकी देने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर अहम सफलता हासिल की है। अभियुक्त पर एक पुराने मुकदमे को वापस लेने के लिए वादी की पुत्री को डराने-धमकाने का आरोप था।



1 मई 2025 को वादिया ने थाना थानाभवन में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री द्वारा दर्ज कराए गए एक मुकदमे को वापस लेने के लिए अश्वनी पुत्र सतपाल निवासी ग्राम खानपुर, थाना थानाभवन, दबाव बना रहा है और धमकियाँ दे रहा है। इस शिकायत पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस अधीक्षक शामली श्रामसेवक गौतम के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत आज दिनांक 15 मई 2025 को थाना थानाभवन पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार के बाद आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण: अश्वनी पुत्र सतपाल, निवासी ग्राम खानपुर, थाना थानाभवन, जनपद शामली।

गिरफ्तार करने वाली टीम: उप निरीक्षक गजेन्द्र सिंह, थाना कैराना, हेड कांस्टेबल गौरव कुमार, थाना कैराना, हेड कांस्टेबल दुर्गेश शर्मा, थाना कैराना।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म और गर्भपात कराने वाला गिरफ्तार



**शामली।** जनपद शामली के थाना कैराना क्षेत्र में युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और जबरन गर्भपात कराने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की शिकायत पर कैराना पुलिस द्वारा यह कार्रवाई 15 मई को की गई। इस मामले में पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देश पर चलाए जा रहे महिला अपराधों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत गिरफ्तारी हुई। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने 14 मई 2025 को थाना कैराना में तहरीर दी थी, जिसमें उसने ग्राम आमवाली, थाना झिंझाना निवासी सद्दाम पुत्र शमशाद पर गंभीर आरोप लगाए थे। पीड़िता का आरोप है कि अभियुक्त ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए और जब वह गर्भवती हो गई तो उसे गर्भपात के लिए मजबूर किया गया। तहरीर के आधार पर कैराना थाने में आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। जिस पर थाना कैराना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की इस कार्रवाई में निरीक्षक योगेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक इन्तजार और कांस्टेबल हरिओम वर्मा की टीम शामिल रही। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित, इन इलाकों में नहीं आएगी बिजली

**मुजफ्फरनगर-** जानसठ रोड स्थित 33/11 केवी सब स्टेशन पर 1घ्ङ्क फीडर ए टू जेड कॉलोनी की लाइन का विभक्तिकरण कार्य दिनांक 16 मई को किया जाएगा। इस कारण फीडर ए टू जेड एवं अलमासपुर बंद रहेगा। इन इलाकों की ए टू जेड कॉलोनी, वेदांता, कुंज विहार, वसुंधरा, मीनाक्षीपुरम, अवध विहार, अलमासपुर, जानसठ रोड, गुलशन विहार, भूमिया वाली गली, महालक्ष्मी एनक्लेव, पारस कॉलोनी, सैनिक विहार, सुरेंद्र नगर कॉलोनी गोकुल सिटी की 16 मई सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग ने जनता से निवेदन किया है कि इस दौरान आवश्यक सुरक्षा एवं सुविधा का ध्यान रखते हुए अपने विद्युत उपकरणों का उचित उपयोग करें।

# यूपी में पीसीएस अफसरों का बड़ा फेरबदल, शामली समेत कई जिलों में एडीएम बदले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य प्रशासनिक ढांचे में बड़ा फेरबदल करते हुए कई पीसीएस (प्रोविंशियल सिविल सर्विस) अधिकारियों के तबादले किए हैं। इस सूची में शामली, सहारनपुर, अयोध्या, बरेली, मथुरा, शाहजहांपुर और महाराजगंज जैसे महत्वपूर्ण जिले शामिल हैं।



शामली के अपर जिलाधिकारी को बरेली भेजा गया। शामली जिले के एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह का तबादला बरेली कर दिया गया है। उन्हें अब बरेली का नया एडीएम (वित्त एवं राजस्व) नियुक्त किया गया है। सहारनपुर के एडीएम (वित्त एवं राजस्व) रजनीश कुमार मिश्रा को शाहजहांपुर का नया एडीएम (प्रशासन) बनाया गया है। वहीं, अयोध्या में तैनात एडीएम सिटी सलिल कुमार पटेल को सहारनपुर का एडीएम (वित्त एवं राजस्व) नियुक्त किया गया है।

बुलंदशहर में एडीएम (प्रशासन) के रूप में कार्यरत प्रशांत कुमार भारती को अब महाराजगंज में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मथुरा के एडीएम (वित्त एवं राजस्व) योगानंद पांडेय को अयोध्या का नया एडीएम सिटी बनाया गया है। वहीं, महाराजगंज में तैनात एडीएम (वित्त एवं राजस्व) पंकज वर्मा को मथुरा भेजा गया है।

# शुकतीर्थ स्थित संत शिरोमणि सतगुरू रविदास मंदिर में 11 जून ऊपधारेंगे सीएम योगी: मंत्री कपिल देव

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री एवं मुजफ्फरनगर के नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने राजधानी लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उनके साथ अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मंदिर, शुक्रताल, मुजफ्फरनगर के पीठाधीश्वर महंत गोरधनदास महाराज भी उपस्थित रहे।



भेंट के दौरान मंत्री कपिल देव एवं महंत गोरधनदास महाराज ने मुख्यमंत्री योगी को आगामी 11 जून 2025 को शुक्रताल स्थित संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मंदिर में आयोजित होने वाले विशाल संत समागम एवं सत्संग कार्यक्रम का औपचारिक निमंत्रण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक जागरण एवं संत परंपरा के गौरवशाली विचारों के प्रचार-प्रसार हेतु एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें देशभर से लाखों संत-महात्मा, भक्तजन एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि संत परंपरा और आध्यात्मिक आयोजनों का समाज निर्माण में विशेष महत्व है। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं भी प्रेषित की और यहाँ आगमन की स्वीकृति प्रदान की है।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों एवं जनसहयोग से हो रहे आध्यात्मिक-सामाजिक प्रयासों की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने मंदिर की गतिविधियों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

मंत्री कपिल देव ने बताया कि यह भेंटवार्ता समरस समाज और संत परंपरा की सशक्त अभिव्यक्ति रही। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति के प्रबल समर्थक और संवाहक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के यहाँ आगमन से न केवल धार्मिक आस्था को बल मिलेगा बल्कि सामाजिक समरसता को भी एक नई दिशा प्राप्त होगी।

# एसडीएम से सड़क निर्माण कराने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**खतौली।** सत्तारूढ़ कुछ भाजपाइयों की अड़ंगेबाजी के चलते लम्बे समय से कस्बे की अशोका मार्केट स्थित सड़क के अधर में लटके पुनर्निमाण का विवाद नाराज लोगों द्वारा पालिका अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार का घेराव किए जाने से पुन: सुर्खियों में आ गया है। अशोका मार्किट स्थित एक सड़क का पुनर्निर्माण करने का प्रस्ताव वार्ड सभासद विकास कौशिक ने पास कराया था। बताया गया कि इस सड़क पर सत्ताधारी पार्टी से जुड़े लोगों ने अपने घरों और दुकानों के आगे स्लैब बनाकर अतिक्रमण कर रखा है।

पालिका ठेकेदार द्वारा स्लैब तोड़कर सड़क का निर्माण करने का इन्हीं अतिक्रमणकारियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। जिसके चलते लम्बे समय से सड़क निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। ठेकदार द्वारा सड़क उखाड़ दिए जाने से लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। चर्चा है कि सत्तधारी बड़े नेताओं के अतिक्रमणकारियों की पैरवी किए जाने के चलते नगर पालिका परिषद के अलावा



तहसील प्रशासन इस प्रकरण में बैक फुट पर खेल रहा है। बुधवार को अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार का घेराव कर हंगामा करने के बाद गुरुवार को सभासद विकास कौशिक के नेतृत्व में लोगों ने एसडीएम संजय सिंह से मिलकर अतिक्रमण को साफ करा कर सड़क का पुनर्निर्माण यथाशीघ्र कराए जाने की मांग की। एसडीएम संजय सिंह ने सभासद विकास कौशिक के साथ आए लोगों मौके पर जाकर जांच पड़ताल के पश्चात सड़क का पुनर्निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया है।

# सारिका हत्याकांड में दहेजलोभी पति अंकुर जैन को कोर्ट ने सुनाई दस वर्ष की सजा

**मुज़फ्फ़रनगर।** दहेज हत्या जैसे जघन्य अपराध में न्याय की विजय हुई है। मुज़फ्फ़रनगर की एक विशेष अदालत एफटीसी-02 ने अभियुक्त को उसकी पत्नी सारिका की दहेज के लिए हत्या करने के मामले में 10 वर्ष के कठोर कारावास और 35 हजार रुपये के जुर्माने की सज़ा सुनाई है। यह फैसला पुलिस की मजबूत विवेचना और अभियोजन की प्रभावी पैरवी का प्रतिफल है, जिसने न्याय के पक्ष में निर्णायक भूमिका निभाई।

यह मामला 14 फरवरी 2018 का है, जब वादी इंदर रस्तोगी ने थाना कोतवाली नगर में अपनी बहन सारिका की हत्या की तहरीर दर्ज कराई थी । उन्होंने आरोप लगाया कि अभियुक्त अंकुर जैन, जो कि मुज़फ्फ़रनगर के छिम्पीवाड़ा, मोतीमहल का निवासी है, ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर उनकी बहन की हत्या कर दी। इस आधार पर थाना कोतवाली नगर में अंकुर जैन के खिलाफ आईपीसी की धारा 498ए, 304बी व ङदहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

मुज़फ्फ़रनगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज एक दिन के भीतर, यानी 15 फरवरी 2018 को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था और गहन साक्ष्य संकलन करते हुए 11 मार्च 2018 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। पूरे मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर राजू कुमार साव और प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया के नेतृत्व में पुलिस ने कोई कसर नहीं छोड़ी। सहायक शासकीय अधिवक्ता अरुण जावला, कोर्ट पेरोकार कांस्टेबल मुकेश कुमार और निजारुलहक ने सशक्त पैरवी की, जिससे अभियोजन की स्थिति मज़बूत बनी रही। विशेष न्यायालय एफटीसी-2 द्वारा आरोपी अंकुर जैन को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सज़ा सुनाई गई और 35 हजार रुपये का आर्थिक दण्ड भी लगाया गया।

## नाबालिग से बलात्कार के मामले में आरोपी को 10 साल की सजा

**मुज़फ्फ़रनगर।** जनपद की विशेष पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने और बलात्कार करने के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की सश्रम कारावास और रूपये 10,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला 22 सितंबर 2017 को शामली जनपद के थाना कांधला क्षेत्र के ग्राम डूंडाखेड़ा से संबंधित है, जहां 15 वर्षीय बालिका को आरोपी मुकेश द्वारा बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) अल्का भारती की अदालत में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से शासकीय अधिवक्ता विक्रांत राठी और दीपक गौतम ने प्रभावशाली पैरवी करते हुए आवश्यक साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत किए। अदालत ने संपूर्ण साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई।

# नगर पंचायत बुढ़ाना का सालाना बजट पास हुआ

❒ शासन से पास हुआ 65 करोड़ रुपए का प्रस्ताव, नगर पंचायत चेयरपर्सन उमा त्यागी ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी




**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना का सालाना बजट वर्ष 2025-26 शासन से स्वीकृत हो गया है। अब कर्मचारियों के वेतन और विकास संबंधित कार्य नियमानुसार होते रहेंगे। यह जानकारी नगर पंचायत चेयरपर्सन उमा त्यागी ने प्रेसवार्ता में दी है। नगर पंचायत की चेयरपर्सन उमा त्यागी ने बताया कि उनके शपथ ग्रहण को दो साल होने वाले हैं। पद धारण करने यानी पहले दिन से सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास किया है, लेकिन कुछ लोग बोर्ड मीटिंग में सिर्फ बजट और विकास कार्यों के प्रस्तावों का विरोध करने आते हैं, जिस कारण बजट पास नही होता था। जनहित में फिर से शासन से नगर पंचायत बुढ़ाना का बजट पारित हो गया है। विकास कार्यों और बजट का विरोध करने वालों को समझना चाहिए कि जब नगर निकायों में कोई निर्वाचित अध्यक्ष भी नहीं होता है, तब भी निकायों में कार्य होते है। हमारा पहले भी सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास था और आगे भी रहेगा।

राजनीति के चक्कर में कस्बे और कस्बे की सम्मानित जनता का नुकसान नहीं होना चाहिए। दो साल में नगर पंचायत की ओर से 88 कार्य सड़क, नाली आदि निर्माण के हुए हैं, जिनमें से 52 कार्य उन सभासदों के वार्ड में कराए हैं, जो हर मीटिंग में विकास कार्यों और बजट का विरोध करते हैं। चेयरपर्सन उमा त्यागी ने बताया कि शासन से सालाना बजट करीब 65 करोड़ रुपए पास हुआ है। इस दौरान डीसीडीएफ मुजफ्फरनगर के पूर्व चेयरमैन सुबोध त्यागी, सभासद नसीम सिद्दीकी, नितिन शर्मा, नियम पंवार, फरीदा उस्मानी, नूरजहां, सुनीता, राशिद मंसूरी, प्रवीण कुमार, नौशाद उस्मानी, अमित गर्ग मीतू आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने सीखा लोकतंत्र का व्यावहारिक पाठ

**मुजफ्फरनगर।** द एस डी पब्लिक स्कूल जानसठ रोड द्वारका सिटी में स्टूडेंट काउंसिल कमेटी पदों के चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न कराया गया। इस आयोजन की थीम थी। जिसका उद्देश्य बच्चों को उनके मताधिकार का जागरूकता के साथ सर्वहित हेतु प्रयोग करना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी देना था।



चुनाव प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने प्रचार, मतदान और मतगणना के सभी चरणों में सक्रिय भागीदारी दिखाई। उम्मीदवारों ने अपने विचारों और योजनाओं को साझा करते हुए विद्यालय समुदाय के समक्ष प्रस्तुतीकरण भी दिए। विद्यार्थियों ने न केवल मतदान का अनुभव प्राप्त किया अपितु लोकतांत्रिक मूल्यों जैसे पारदर्शिता, निष्पक्षता और सहभागिता को भी निकट से समझा।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम माहना जी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में नेतृत्व, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना जागृत होती है। यह केवल एक चुनाव नहीं था बल्कि एक सीखने की प्रक्रिया थी, जो उन्हें एक जागरूक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सहयोग रहा।

## रुद्र प्रकाश ने 10वीं में 86.5त्न अंक हासिल किए, भविष्य में डाक्टर बनने का है सपना

**मुजफ्फरनगर।** होनहार छात्र रुद्र प्रकाश ने सीबीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा परिणाम घोषित पर 86.5 अंक हासिल कर शानदार सफलता प्राप्त की है। रुद्र प्रकाश का भविष्य में डाक्टर बनने का सपना है। रुद्र प्रकाश ने अपने पिता परमेंद्र कुमार व दादाजी स्वर्गीय प्रेम प्रकाश का नाम रोशन किया है। स्वर्गीय प्रेम प्रकाश वन विभाग में अधिकारी रहे हैं। रुद्र प्रकाश ने देहरादून के नैंसी इंटरनेशनल स्कूल से कक्षा 10 में 86.5 परसेंट अंक प्राप्त किये। रुद्र प्रकाश का सपना डॉक्टर बनने का है।



# नौमान की गिरफ्तारी के बाद जनसेवा केंद्र संचालकों पर पुलिस सख्त

❒ स्थानीय खुफिया एजेंसी, साइबर विभाग तथा सिविल पुलिस की टीमें मामले की गहन जांच-पड़ताल में जुटी

## एक जनसेवा केंद्र संचालक को हिरासत में लेकर की जा रही गहन पूछताछ

**कैराना।** दो दिन पूर्व हरियाणा के पानीपत में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में कैराना के युवक नौमान इलाही की गिरफ्तारी के बाद से स्थानीय पुलिस-प्रशासन भी चौकन्ना हो गया है। प्रकरण में मनी ट्रांसफर को लेकर पुलिस की कई टीमें एक जनसेवा केंद्र संचालक को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस की सख्ती से कस्बे के जनसेवा केंद्र संचालकों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

विगत मंगलवार को हरियाणा राज्य के पानीपत जनपद की क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी(सीआईए)-1 की टीम ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया था। सीआईए द्वारा गिरफ्तार किया गया युवक कैराना कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा निवासी नौमान इलाही बताया गया है। नौमान पिछले करीब चार माह से पानीपत में अपनी बहन जीनत के पास रहकर एक फैक्ट्री में गॉर्ड की नौकरी कर रहा था। गिरफ्तारी के बाद बुधवार को सीआईए की टीम आरोपी युवक नौमान को साथ लेकर मनी ट्रांसफर के एक मामले में पूछताछ के लिए कैराना के एक जनसेवा केंद्र संचालक के यहां पहुंची थी। यह जनसेवा केंद्र कचहरी के सामने स्थित है, जिसका संचालक कस्बे के मोहल्ला आलकलां का रहने वाला बताया गया है। नौमान की गिरफ्तारी के बाद से स्थानीय पुलिस व खुफिया विभाग में काफी हलचल है। गुरुवार को कैराना पुलिस एक जनसेवा केंद्र संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ये वही जनसेवा केंद्र संचालक है, जिसके पास पानीपत सीआईए की टीम पहुंची थी। बताया जा रहा है कि कोतवाली पुलिस के अलावा, एलआईयू, स्टेट आईबी व साइबर विभाग की टीमें हिरासत में लिए गए जनसेवा केंद्र संचालक से गहन पूछताछ में जुटी हुई है। हालांकि अभी तक हिरासत में लिए गए जनसेवा केंद्र संचालक से पुलिस की टीमें कुछ खास जानकारी हासिल नही कर पाई है। मनी ट्रांसफर के मामले में नगर एवं क्षेत्र के अन्य जनसेवा केंद्र संचालकों पर भी पुलिस की निगाहें सख्त हो गई है, जिसके चलते जनसेवा केंद्र संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि एक जनसेवा केंद्र संचालक से मनी ट्रांसफर के मामले में पूछताछ की जा रही है।

# कोतवाली के पास हेयर सैलून की दुकान पर अज्ञात चोरों का धावा

❒ ईंटों के प्रहार से दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखी 10,400 रुपये की नकदी चुराई

चोरी की घटना से पुलिस की पुलिस की सक्रियता की खुली पोल

**कैराना।** अज्ञात चोरों ने कोतवाली के निकट स्थित हेयर सैलून की दुकान पर धावा बोल दिया। चोरों ने ताले पर ईंटो से प्रहार करके गल्ले में रखी 10,400 रुपये की नकदी चोरी कर ली। चोरी की घटना कोतवाली से महज पचास कदम दूर होने के चलते पुलिस सक्रियता की पोल खुल गई है। वहीं, पीड़ित ने पुलिस को शिकायती-पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

कस्बे के मोहल्ला खैलखुर्द निवासी नसीम ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि उसकी हेयर सैलून की दुकान कस्बे के मोहल्ला आलकलां मायापुर रोड पर स्थित है। मंगलवार की रात्रि दुकान बंद करके वह अपने घर चला गया था। इसी दौरान रात्रि के समय अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान पर धावा बोल दिया। चोरों ने ईंट से प्रहार करके दुकान का ताला तोड़कर वहां गल्ले में रखी 10,400 रुपये की नकदी चोरी कर ली। बुधवार सुबह दुकान पर पहुंचने पर उसे घटना की जानकारी हुई।

पीड़ित ने पुलिस से अज्ञात चोर के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग की है। वहीं, मामले के सम्बंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि दुकान पर लगा ताला टूटा हुआ नही मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

## सूचना

मेरा एक मूल बैनामा खसरा नं. 1227/1, सरवट बाहर हदूद मुजफ्फरनगर घर से मैं गेट नं-1, नवीन मंडी दुकान पर जा रहा था। रास्ते में कहीं गुम हो गया। काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला। किसी अन्य द्वारा इसका उपयोग अवैध होगा।

**कृष्णपाल पुत्र राजपाल**
निवासी बचन सिंह कालोनी, गली नं.-6, जिला-मुजफ्फरनगर
मोबाइल 9058992714


## रॉयल बुलेटिन

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने मै. साईं प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6 नोएडा-201301 से मुद्रित कराकर **रॉयल हाऊस, 174, गांधी कालौनी (उत्तरी), मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।**

सम्पादक:
◆अनिल रॉयल

✆:(0131) 2412222,
मो. 9412211222
e-mail Address :
royalbulletin@gmail.com



❒ शराब छुड़ाएं ❒ धूम्रपान छुड़ाएं

**खोई हुई ताकत व जवानी दोबारा प्राप्त करें।**




शराबी को लाने/बताने की जरूरत नहीं
जर्दा, तम्बाकू, स्मैक, नौरफीन, अफीम, मारफीन, प्रोक्सीवोन, हैरोइन, चेहरे के अनचाहे बाल हटायें, डोडे (पोस्त), फैंसीडिल, कौरेक्स, मैथाडोन व धूम्रपान से पक्का छुटकारा




सेहत ऐसा अनमोल खजाना है, जिसके सामने दुनिया के सभी खजाने फीके हैं।

दुबले-पतले व्यक्ति का कोई आक कि व्यक्तित्व नहीं होता वह चाहे कितना भी शक्तिशाली, दृढ़ व स्वस्थ हो लोग उसे कमजोर ही समझते हैं।

रोजाना मिलें सुबह 10 से शाम 5 बजे

**सेहत की बात**



दुबले-पतले पिचके गाल हो तो आदमी जवानी में भी बूढ़ा लगने लगता है। शादी-विवाह, दोस्तों, मित्रों के सामने अपने को पेश करने में शर्मिंदगी महसूस होती है।

हमारी दवा से सभी नौजवान लड़के-लड़कियां आसानी से सेहत बना सकते हैं। इस दवा से आपकी भूख बढ़ेगी, खाया-पिया लगेगा, सेहत बनेगी, ताकत पैदा होगी, वजन बढ़ने लगेगा।

यह दवा आपके अंदर के विकारों को दूर करके नया जोश, नयी ताकत, नया खून तेजी से बनाती है। चुस्ती-फूर्ती, पैदा कर तदंरूस्ती बनायेगी। चेहरे पर लाली आयेगी। पिचके हुए गाल भर जायेंगे और आप मोटे-तगड़े, सुन्दर सेहतमंद हो जायेंगे। परामर्श नि:शुल्क लें।

**शंकर दवाखाना** गली पान, दाल मंडी मुजफ्फरनगर
फोन-0131-2432326, 9719442124



रॉयल बुलेटिन

मुजफ्फरनगर समाचार

शुक्रवार 16 मई 2025, पृष्ठ-3



# किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि, सिसौली में यज्ञ और सैनिकों को समर्पित





**सिसौली।** किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि देश की सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले वीर सैनिकों को समर्पित की गई है। मुख्य कार्यक्रम आज भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) मुख्यालय किसान भवन, सिसौली में आयोजित किया गया। मुख्य कार्यक्रम में आज किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं व श्रीमती बलजोरी देवी टिकैत की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सिसौली के किसान भवन में न्याय भूमि के समक्ष हवन का आयोजन हुआ, जिसमें किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के पोत्र आदित्य टिकैत सपत्निक यजमान की भूमिका में यज्ञ में शामिल हुए। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत, राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत, लाटियान खाप के चौधरी वीरेंद्र, सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान, विधायक प्रसन्न चौधरी, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, कमल मित्तल, जयदेव बालियान, शामली शुगर मिल के केन जी एम बलधारी सिंह आदि सैकड़ो किसानों ने यज्ञ में आहुति दी। भाकियू मुखिया चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि सैनिक हमारे देश के असली नायक है। फ़ौज में भर्ती होने के साथ ही अपने घर परिवार से दूर रहकर देश की रक्षा करते है। सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि हमे किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के आदर्शो को अपनाते हुए आगे बढ़ना होगा। किसान और जवान देश का सम्मान है। कार्यक्रम में आये क्षेत्र के किसानों ने अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों के स्टाल लगाए।

आज के कार्यक्रम में विधायक राजपाल बालियान, पंकज मलिक, गौरव टिकैत, नरेंद्र टिकैत, रघु एवं वंश टिकैत आदि शामिल हुए। भाकियू मुख्यालय सिसौली में हमेशा की तरह अखंड किसान ज्योति किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की यादें ताजा करती है। अखंड किसान ज्योति में किसान मसीहा बाबा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत द्वारा प्रतिदिन घी डाल कर अखंड ज्योति के रुप में रखा जाता था यह ज्योति आज भी निरंतर बाबा टिकैत की याद दिला रही है। अब अखंड ज्योति में बाबा टिकैत के पुत्र नरेंद्र टिकैत प्रतिदिन घी डालकर ज्योति को जलने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। अगर नरेंद्र किसी कारणवश घर में नहीं है, तो उनके परिवार के अन्य सदस्य इस अखंड ज्योति की गति को गतिमान बनाए रखने के लिए इसमें घी डालकर इसकी देखरेख करते हैं। आज भाकियू मुख्यालय मे बाबा टिकैत की पुण्यतिथि पर इस अखंड जोत को बाबा की समाधि न्याय भूमि के सामने रखा गया, जिस पर अनेक लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। अखंड ज्योति बाबा टिकैत की ताकत समझी जाती थी। बताया जाता था कि बाबा टिकैत जब कोई बडा आंदोलन करते थे, तो पहले वह ज्योति में घी डालकर ही उस कार्य का शुभारंभ करते थे। आज हजारों की संख्या में बाबा टिकैत के अनुयायियों ने अखंड दिव्यज्योति में घी डालकर देश मे सुख शांति के लिए प्रार्थना की।

## कलेक्ट्रेट में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना

### 22 को होगी महापंचायत, चकबंदी अधिकारियों की गांव में नो एंट्री



**मुज़फ्फरनगर।** भारतीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह के नेतृत्व में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की शुरुआत की गई। सैकड़ों किसानों और संगठन पदाधिकारियों की मौजूदगी में यह आंदोलन शुरू हुआ, जिसमें संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो 22 मई को कलेक्ट्रेट पर किसान मजदूर अधिकार महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। धरने के दौरान पूरन सिंह ने चकबंदी विभाग, बिजली विभाग, पीडब्ल्यूडी, हर घर जल योजना और निजी कंपनियों पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यदि चकबंदी विभाग का भ्रष्टाचार नहीं रुका और जिला प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया, तो गांवों में चकबंदी अधिकारियों की 'नो एंट्री' रहेगी। यदि कोई अधिकारी गांव में आता है, तो उसे तब तक रोका जाएगा जब तक जिला प्रशासन कार्रवाई नहीं करता।

संगठन प्रमुख ने कहा कि यदि किसानों की आवाज नहीं सुनी गई, तो चकबंदी अधिकारियों को गांवों में घुसने नहीं दिया जाएगा, और आवश्यकता पड़ने पर बंधक बनाकर तब तक रखा जाएगा जब तक उच्च अधिकारी संज्ञान नहीं लेंगे। धरने में बोलते हुए पूरन सिंह ने कहा कि जिले में सौभाग्य योजना, हर घर जल योजना सहित कई परियोजनाओं में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने एलएनटी कंपनी का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि बिना पारदर्शिता के कंपनी को करोड़ों रुपये के ठेके दिए गए हैं। संगठन ने साफ किया कि यदि तब तक कोई समाधान नहीं हुआ, तो 22 मई को सहारनपुर, शामली और मुज़फ्फरनगर से हज़ारों किसान कलेक्ट्रेट में जुटेंगे और महापंचायत में आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जाएगी। पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसानों से महापंचायत में आने और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज़ बुलंद करने की अपील की गई है। धरना प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होता।

## भाकियू अराजनैतिक ने मनाया तीसरा स्थापना दिवस


### किसानों के मसीहा टिकैत को दी श्रद्धांजलि

**मुज़फ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने आज अपना तीसरा स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में संगठन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने न केवल बीते तीन वर्षों की संघर्षगाथा को साझा किया, बल्कि किसानों के मसीहा स्व. चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प भी दोहराया। गोष्ठी की शुरुआत श्रद्धांजलि सभा से हुई, जिसमें जीआईसी मैदान पर कार्यकर्ता एकत्र हुए। कार्यक्रम में संगठन के युवा जिला प्रभारी विनीत त्यागी ने कहा, हमारे लिए यह केवल एक स्थापना दिवस नहीं, बल्कि उस विरासत का सम्मान है जो बाबा टिकैत ने किसानों के लिए संघर्ष करते हुए छोड़ी। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की स्थापना उन्हीं मूल्यों पर हुई, जिनके लिए बाबा टिकैत आजीवन लड़ते रहे। विनीत त्यागी ने बताया कि इस अल्पकाल में संगठन ने किसानों के कई मुद्दों को मजबूती से उठाया, फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी, कृषि सब्सिडी और निःशुल्क बिजली की मांग, आसान कर्ज और स्टोरेज सुविधाओं की उपलब्धता और हाल ही में, गन्ना भुगतान को सीधे किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित करने का फैसला। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गन्ना किसानों के भुगतान को सोसाइटियों से हटाकर सीधा बैंक खातों में भेजे जाने के निर्णय को स्वागत योग्य और ऐतिहासिक कदम बताया। पश्चिम प्रदेश प्रभारी राजीव नीटू दुलहरा ने संगठन की प्रमुख उपलब्धियों पर रोशनी डालते हुए कहा कि हमारे प्रयासों से बजाज ग्रुप की शुगर मिलों से रू. 1600 करोड़ का बकाया भुगतान दिलवाया गया। वहीं क्षेत्र में पिछले




35-40 वर्षों से लंबित चकबंदी प्रक्रिया में फैले भ्रष्टाचार को भी उजागर कर समाप्त करने में सफलता मिली। कार्यक्रम में संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे और 'जय जवान जय किसान' के नारों से वातावरण गूंज उठा। अंत में सभी ने बाबा टिकैत के विचारों को आत्मसात कर, किसान अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## प्रॉपर्टी डीलर पर हमले में हुई गिरफ्तारी, देशी बंदूक व कारतूस बरामद



**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने जानलेवा हमले के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12 बोर की एक देशी बंदूक, एक जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की। घटना 10 मई 2025 की है, जब एक प्रॉपर्टी डीलर ने थाना सिविल लाइन में शिकायत दी कि उसके पूर्व साथी राजीव ने अपनी रंजिश में अभिषेक उर्फ काला और अन्य के साथ मिलकर उसके घर पर हमला किया। आरोप है कि अभिषेक ने लम्बी नाल की बंदूक से फायरिंग की, लेकिन शिकायतकर्ता बाल-बाल बच गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुअसं 117/2025 धारा 109, 351(4), 61(2) बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अभिषेक उर्फ काला पुत्र राजीव निवासी ग्राम दौलतपुर, थाना सिखेड़ा के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वह पहले भी कई संगीन मामलों में संलिप्त रह चुका है। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ मजबूत संदेश के रूप में देखा जा रहा है। अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिसौली का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं का गहनता से परीक्षण किया और मौके पर मौजूद चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. तेवतिया ने औषधियों के रख-रखाव, उपस्थिति पंजिका, स्वच्छता व्यवस्था तथा कर्मचारियों की कार्यशैली की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई की स्थिति को और बेहतर करने के निर्देश दिए ताकि मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके।



## मुस्लिम महिला पर देशद्रोह के आरोप

### काशीराम कॉलोनी के लोगों ने किया प्रदर्शन

**मुज़फ्फरनगर।** शहर की काशीराम आवासीय कॉलोनी में रहने वाली एक मुस्लिम महिला के खिलाफ पूरे मोहल्ले के लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। कॉलोनी के दर्जनों निवासी जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए महिला पर गंभीर आरोप लगाए। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि उक्त महिला न केवल अवैध रूप से सरकारी आवास में किराए पर रह रही है, बल्कि आए दिन मोहल्ले में झगड़ा, गाली-गलौज और धार्मिक उन्माद फैलाने जैसे कार्यों में भी संलिप्त है। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय निवासी रेनू ने बताया कि उक्त महिला का नाम बुसरा है और वह कई महीनों से कॉलोनी में रह रही है। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि महिला गाय को डंडे से मारती है, बच्चों को डराती है और गालियां देती है।



रेनू ने बताया कि उन्होंने मकान मालिक से भी इसकी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कॉलोनी के सभी लोग अब चाहते हैं कि उससे तत्काल मकान खाली कराया जाए। स्थानीय निवासी अजय पंडित ने बुसरा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब कॉलोनी में पाकिस्तान मुर्दाबाद के बैनर लगाए गए थे, तो वह महिला जानबूझकर उन पर नहीं चली और बाद में बैनर भी हटा लिए। अजय ने आरोप लगाया कि यह महिला भारत-पाक तनाव के बीच पाकिस्तान के प्रति सहानुभूति दिखाती है। उन्होंने बताया कि वह 23/266 नंबर मकान में रह रही है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि महिला के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए और उसे कॉलोनी से तत्काल निकाला जाए। कॉलोनीवासियों ने यह भी कहा कि बुसरा के बच्चे भी आए दिन अन्य बच्चों से मारपीट करते हैं, जिससे इलाके में लगातार तनाव का माहौल बना रहता है। जिला प्रशासन को दिए गए ज्ञापन में कॉलोनीवासियों ने लिखा है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### जानलेवा हमले के आरोप में दो आरोपियों को 5 साल की सजा, 18-18 हजार रुपये जुर्माना

**मुज़फ्फरनगर।** थाना कोतवाली क्षेत्र के रामपुरी में पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में कोर्ट ने आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। फास्ट ट्रैक कोर्ट के पीठासीन अधिकारी निशांत सिंगला की अदालत ने आरोपी विकास और विक्की को पांच-पांच वर्ष की कैद और 18-18 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। मामला 23 अप्रैल 2011 का है, जब रामपुरी इलाके में पुरानी दुश्मनी के चलते आरोपियों ने एक परिवार पर घर में घुसकर हमला किया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपियों ने लाठियों से हमला कर विक्रम सिंह और उनके दो बेटों प्रवीण वर्मा और अरुण कुमार को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मामले में शासकीय अधिवक्ता अमित त्यागी ने अभियोजन की ओर से प्रभावी पैरवी की। उन्होंने अदालत में पीड़ितों की ओर से घटना के साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत किए, जिनके आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई।

## बिहार में भन्ते विनयाचार्य की गिरफ़्तारी पर भड़के बौद्धिस्ट, भारत बंद की दी चेतावनी

**मुजफ्फरनगर।** बिहार में महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के प्रमुख प्रचारक भन्ते विनयाचार्य की गिरफ्तारी ने बौद्ध समुदाय में भारी आक्रोश जगा दिया है। गुरुवार को मुजफ्फरनगर के जिला कलेक्ट्रेट पर बौद्ध भिक्षु, भिक्षुणियां और अंबेडकरवादी कार्यकर्ता एकत्र हुए और गया पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को सौंपा और भन्ते विनयाचार्य की तत्काल रिहाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगों में बोधगया टेंपल एक्ट 1949 को रद्द करना और महाबोधि महाविहार का प्रबंधन बौद्ध समुदाय को सौंपना शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा व्यवस्था में मंदिर पर ब्राह्मणों का नियंत्रण है, जिसे सरकार का समर्थन प्राप्त है। प्रदर्शन में मौजूद भन्ते अनुकीर्ति ने कहा कि, भन्ते विनयाचार्य को बिहार सरकार ने गिरफ्तार किया है और उनकी कोई जानकारी नहीं दी जा रही। हमें आज सूचना मिली है कि उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। वह निर्दोष हैं और केवल महाबोधि मंदिर की मुक्ति के लिए आंदोलन चला रहे थे, जब तक उन्हें रिहा नहीं किया




जाता, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही भन्ते विनयाचार्य को रिहा नहीं किया गया, तो देशव्यापी भारत बंद की रणनीति अपनाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि आज देशभर के सभी जिला मुख्यालयों पर इसी तरह के प्रदर्शन हो रहे हैं। यह मामला केवल एक गिरफ्तारी का नहीं, बल्कि बौद्ध समुदाय के धार्मिक अधिकारों और धार्मिक स्थलों के प्रबंधन में हिस्सेदारी का भी है। आने वाले समय में यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक तूल पकड़ सकता है।

## न्यायपालिका कमजोर होगी, तो अधिवक्ता भी कमजोर होगा: जिला जज

**मुजफ्फरनगर।** जिला बार एसोसिएशन के फैन्थम हॉल में गुरुवार को एक विशेष आयोजन में नवागंतुक जिला जज संतोष राय का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, कि लोकतंत्र का सबसे मजबूत स्तंभ न्यायपालिका है। यदि न्यायपालिका कमजोर हुई, तो अधिवक्ता भी स्वत: कमजोर हो जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठा. कंवरपाल सिंह तथा संचालन महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल ने किया। स्वागत समारोह में जिला जज को अधिवक्ताओं ने पुष्पगुच्छ और मालाएं भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में जिला जज संतोष राय ने कहा कि न्यायपालिका और अधिवक्ताओं के बीच सामंजस्य आवश्यक है। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे ऐसा कोई कार्य न करें जिससे न्याय व्यवस्था की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचे। कार्यक्रम में महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल ने कहा कि मुजफ्फरनगर की बार ऐतिहासिक है, यहां से न केवल स्वतंत्रता सेनानी बल्कि कई राजनेता भी निकले हैं, जिन्होंने राजनीति में विशेष स्थान बनाया है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठा. कंवरपाल सिंह




ने जज राय को 'स्टील जैसे दृढ़' बताते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली हमेशा प्रभावशाली रही है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, अनिल जिन्दल, सुरेन्द्र मलिक (पूर्व महासचिव), जितेन्द्र कुमार, आमोद त्यागी, चन्द्रमणि शर्मा संदीप त्यागी सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे। समारोह में सचिन त्यागी, अनुराग, नीरज गौतम, उदयवीर पोरिया, प्रवीण जावला, रणवीर सिंह, कैसर अली, निश्चल त्यागी, शशी प्रभा, शिखा कौशिक, उमा देवी, अखलाक चौधरी, हरितोष मोहन, कपिल चौधरी, आशीष भारद्वाज समेत पूरी कार्यकारिणी की भागीदारी रही।

## संपादकीय

# मैदान का शेर विराट कोहली

क्रिकेट टेस्ट मैचों के मुकाबलों में अब विराट कोहली नहीं होंगे। मगर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की दुनिया में अब तक उनकी जो जगह बन चुकी है, उसमें इस खेल के हर प्रारूप में उनकी छवि मौजूद होगी। सोमवार को विराट कोहली ने जब सोशल मीडिया पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की, तो भारत सहित दुनिया भर में इस खेल में उनके सफर को याद करते हुए उन्हें भावुक विदाई दी गई। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टी-20 मैचों से वे पहले ही संन्यास ले चुके हैं और अब टैस्ट मैचों में भी नहीं दिखेंगे। हालांकि एकदिवसीय मैचों में वे मौजूद रहेंगे। दरअसल, विराट कोहली के उभार के बाद से अब तक देश और दुनिया भर में लोगों ने जिस रूप में उन्हें देखा है, उसमें वे ज्यादातर लोगों के दिमाग में एक सदाबहार, सहृदय और बेहद सक्षम खिलाड़ी के रूप में स्थिर हो चुके हैं। विराट ने भारत को चालीस टैस्ट मैचों में जीत दिलाई, लगातार नौ टेस्ट शृंखला जीतने का कीर्तिमान कायम किया। उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में छह दोहरे शतक, बीस शतक और नाबाद 254 रन का कीर्तिमान दर्ज है। विराट कोहली के सफर में आए उतार-चढ़ाव उनके प्रदर्शन में कभी बाधक नहीं बने। कभी मैदान में उन्होंने अपनी चमक बिखेरी, तो उसकी चकाचौंध में डूबे नहीं, कभी मद्धिम पड़े तो उससे हारे नहीं। सन 2014 में इंग्लैंड में एक टेस्ट शृंखला के पांच मैचों में दस पारियों में विराट ने महज एक सौ पैंतीस रन बनाए, तब उनकी क्षमता पर सवाल उठाए जाने लगे थे। हालांकि उससे पहले वे अलग-अलग देशों के कई तेज पिचों पर शतक जमा चुके थे और उन्हें तेजी से उभरता सितारा माना जाने लगा था। विराट ने अपने उस प्रदर्शन को सबक के तौर पर लिया, अपनी बल्लेबाजी की तकनीक और कौशल में सुधार लाने के लिए उन्होंने खुद को सख्त मेहनत और अभ्यास में झोंक दिया और फिर ऐसे खिलाड़ी के रूप में उभर कर सामने आए, जिसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अपनी क्षमता साबित की और खेल के रुख को बदल देने वाले चेहरे के तौर पर मशहूर हुए। अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेस्ट क्रिकेट की दुनिया को वे शिद्दत से याद आएंगे।

**भारत का रुख हमेशा की तरह साफ था कि हम युद्ध नहीं चाहते। हमारी लड़ाई किसी मुल्क से नहीं, बल्कि आतंकवादियों से है। उन आतंकवादियों से, जो हमारे सपूतों के खून से अपने हाथ धोकर पाकिस्तान के अपने शरणालयों में चले जाना चाहते हैं। हम उनके उन आकाओं का खात्मा चाहते हैं, जिन्होंने पिछली 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में धार्मिक आधार पर 26 भारतीयों की हत्या की साजिश रची। उन्हें खत्म करना, हमारी पवित्र जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई दिल्ली की सरकार ने यही तो किया।**

# पाक के परमाणु बम पर सोचें

**(शशि शेखर)**

भारत ने साबित कर दिया कि हम पाकिस्तानी नेताओं और रावलपिंडी के जनरल साहबान की उन भभकियों से नहीं डरने वाले कि हम परमाणु हमला कर देंगे। युद्ध की आशंकाओं से लरजती शनिवार की शाम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टवीट शांति की समझ लेकर आया। उन्होंने दोनों देशों को बधाई दी कि वे संपूर्ण संघर्ष-विराम के लिए तैयार हो गए हैं। बाद में भारत और पाकिस्तान, दोनों ने इसकी पुष्टि की।जो लोग अमन चाहते थे, उनके लिए यह खबर यकीनन सुकूनदेह है। जंग किसी समस्या का हल नहीं, पर क्या हमारे ऊपर थोपे जाने वाले आतंकवाद की आहटें हमेशा के लिए थम गईं? तत्काल इसका जवाब देना असंभव है, पर एक बात तय है कि भारत ने अपना तात्कालिक लक्ष्य हासिल कर लिया है। पाकिस्तान में चल रहे आतंक के तमाम अड?्डे ध्वस्त किए जा चुके हैं। पड़ोसी के साथ समूची दुनिया को संदेश मिल गया है कि अब पुरानी रवायत नहीं चल सकती।

भारत का रुख हमेशा की तरह साफ था कि हम युद्ध नहीं चाहते। हमारी लड़ाई किसी मुल्क से नहीं, बल्कि आतंकवादियों से है। उन आतंकवादियों से, जो हमारे सपूतों के खून से अपने हाथ धोकर पाकिस्तान के अपने शरणालयों में चले जाना चाहते हैं। हम उनके उन आकाओं का खात्मा चाहते हैं, जिन्होंने पिछली 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में धार्मिक आधार पर 26 भारतीयों की हत्या की साजिश रची। उन्हें खत्म करना, हमारी पवित्र जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई दिल्ली की सरकार ने यही तो किया।

दुर्भाग्य से पाकिस्तान अपनी पांच हजार साल पुरानी रवायत को भूल गया है। धर्म जोड़ने के लिए होता है, तोड़ने के लिए नहीं। भरोसा न हो, तो उनकी मिसाइलों के नाम देख लीजिए- गजनी, अब्दाली और न जाने क्या-क्या! वे भूल कैसे गए कि मध्य एशिया से आने वाले आक्रामकों ने सबसे पहले हिन्दुस्तान की उसी सरजमीं पर कदम रखा था, जिसे आज पाकिस्तान कहते हैं? सबसे पहली कत्लोगारत और महिलाओं पर अत्याचार वहीं हुए थे।

जुल्फिकार अली भुट्टो का नाम तो आपको याद होगा। उन्होंने कहा था- हम भारत से हजार साल तक लड़ेंगे। उनके दोस्त से जानलेवा दुश्मन बने जनरल जियाउल हक हमें हजार घाव देना चाहते थे, ताकि लहू (जान-माल) रिसता रहे और देश कमजोर होता रहे। आज पाकिस्तान के साथ यही हो रहा है। वह जो महंगे मिसाइल और ड्रोन हम पर दागता है, उनको आसमान में ही ठंडा कर दिया जाता है। यह उस देश का आत्मघात नहीं तो और क्या है, जहां एक बोरी आटे के लिए लोग एक-दूसरे की जान लेने पर आमादा हो जाते हैं!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देख-रेख में भारतीय सेनाओं ने सोची-समझी रणनीति और तालमेल के साथ पाक के तमाम शहरों पर सफल हमले किए हैं। पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों के साथ इस कार्रवाई के जरिये भारत सरकार ने न केवल पाकिस्तान, बल्कि समूची दुनिया को स्पष्ट संदेश दे दिया कि हमें संयम बरतना आता है, लेकिन अपने ऊपर



हुआ हमला हमें बर्दाश्त नहीं। यकीनन, आने वाले वक्त में सैन्य विज्ञान के विद्यार्थी सगर्व पढ़ेंगे कि भारत ने किस तरह उरी, बालाकोट और मई 2025 के प्रतिकार के जरिये परत-दर-परत एक नई सुरक्षा नीति की सर्जना कर दी है।

भारत ने यह भी साबित कर दिया कि हम पाकिस्तानी नेताओं और रावलपिंडी के जनरल साहबान की उन भभकियों से नहीं डरने वाले कि हम परमाणु हमला कर देंगे। पिछले तीन दशकों से यह धमकी सुनते-सुनते हिन्दुस्तान सहित समूची दुनिया आजिज आ चुकी है। यही वह बिंदु है, जहां मुझे लगता है कि पूरी विश्व बिरादरी को अपने किंतु-परंतु को त्यागकर सोचना होगा कि इतने गैर-जिम्मेदार देश को परमाणु हथियार रखने की इजाजत देनी चाहिए या नहीं?

याद करें, पाकिस्तान ने अपना परमाणु बम लीबिया और कुछ अन्य अरब देशों की इमदाद से बनाया था। भुट्टो और उनके साथी कहते थे कि 'इस्लामी' दुनिया को 'अपना बम' चाहिए। मैं आतंकवाद को हथियार और जनता को धार्मिक चश्मे की रंगत से नहीं देखना चाहता, लेकिन सच को भी तो नहीं झुठलाया जा सकता। इजरायल ने इसीलिए तो 1970 की दहाई के अंत और 1980 की शुरुआत में पाकिस्तान के कहूटा स्थित परमाणु संयंत्र को नष्ट करने की योजना बनाई थी।

तेल अवीव आज भी अपने इस 'स्टैंड' पर कायम है। 11 अक्तूबर, 2023 को इजरायली प्रधानमंत्री ने एक इंटरव्यू में साफ तौर पर कहा?था- हमारा सबसे बड़ा मिशन है, कट्टर इस्लामी शासन को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना या परमाणु हथियारों को किसी इस्लामी जेहादी निजाम के हाथ लगने देने से रोकना। इनमें पहला ईरान है और दूसरा पाकिस्तान। ज्यादा सटीक रूप से कहूं, तो तालिबान के कब्जे वाला पाकिस्तान!

पाकिस्तानी सत्ता-प्रतिष्ठान में फिलवक्त यह खौफ तारी है कि हमास पर निर्णायक बढ़त और सीरिया में सत्ता-परिवर्तन कराने के बाद इस साल ईरान को अपने काबू में करना 'यहूदी-ईसाई गठबंधन' के लिए आसान हो जाएगा। उसके तत्काल बाद पाकिस्तान के परमाणु केंद्र उसके निशाने पर होंगे।

पेंटागन के रणनीतिकार भी मानते हैं कि जिस तरह पाकिस्तान में तालिबानी ताकतें पनप रही हैं, उससे यह खतरा बढ़ता जा रहा है कि अगर वहां का मौजूदा सत्ता-तंत्र विफल रहता है, तो भुट्टो साहब का 'इस्लामिक बम' वाकई अपने नाम को चरितार्थ करने वाला साबित हो जाएगा।

मैं अफसोस के साथ यहां आपको वाशिंगटन स्थित 'हेरिटेज फाउंडेशन' के एक कार्यक्रम में ब्रिटेन की पूर्व गृह मंत्री सुरेलाव ब्रेवरमैन के दिए गए भाषण पर ध्यान दिलाना चाहूंगा। ब्रेवरमैन ने कहा था कि जिस तरह से पाकिस्तान और अन्य देशों से आए मुसलमानों की संख्या हमारे देश में बढ़ रही है, उससे यह खतरा पैदा हो गया है कि आने वाले कुछ सालों में ब्रिटेन में ईसाई अल्पसंख्यक हो जाएंगे। उस स्थिति में पाकिस्तान के बाद ब्रिटेन दूसरा ऐसा इस्लामिक देश होगा, जिसके पास परमाणु हथियार होंगे। यह दुनिया के 'अमन-ओ-अमान के लिए बड़ा खतरा' होगा।

इंग्लैंड के तमाम लोगों ने इसे 'इस्लाम-फोबिया' बताते हुए खारिज कर दिया था। लेकिन पश्चिम में पनपती इस सोच की अनदेखी भी नहीं की जा सकती। वहां दक्षिणपंथी राजनीति का उदय भी यही मुनादी करता है। ऐसे में, सवाल उठना लाजिमी है कि अगर ट्रंप प्रशासन और ईरान किसी समझौते पर पहुंचने के करीब हैं, तो क्यों न समूची दुनिया एक बार पुन¬ पाकिस्तान की परमाणु नीति की समीक्षा करे। इन्हीं हथियारों की आड़ में वह भारत में अशांति के बीज रोपता आया है। जो देश ओसामा बिन लादेन को पनाह दे सकता हो, संसार की कई बड़ी आतंकवादी वारदातों में जिसके नागरिकों की भूमिका पाई गई हो, उसे परमाणु बम की आड़ में अपना खेल खेलने के लिए खुला नहीं छोड़ना चाहिए।अच्छा होगा, दुनिया समय रहते इस सच को समझकर चेत जाए।

# फतह-गजनवी पर इतराने वाले पाक का इतने में ये हाल है, भारत ने तो अभी इन ब्रह्मास्त्रों का इस्तेमाल भी नहीं किया

**(अभिनय आकाश) ।**

पाकिस्तान की इस हरकत ने पड़ोसी देश के मिसाइल शस्त्रागार और भारत के साथ उसकी तुलना पर फिर से ध्यान केंद्रित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि दोनों के पास एक-दूसरे को जवाब देने के लिए अत्याधुनिक मिसाइल सिस्टम हैं।

दोनों तरफ तनाव बराबर बना हुआ है। मगर फिलहाल ऐसा भी नहीं है कि दोनों देश खुद को जंग में झोंक दें। पर अगर मान लें कि दोनों देश जंग में कूद पड़ते हैं और फिर कहीं भारत पाकिस्तान के बीच परमाणु जंग शुरु हो गई तो क्या होगा? तस्वीर भयानक होगी। एक हफ्ते में ही 2 करोड़ दस लाख लोग मारे जाएंगे। इनमें से 50 लाख लोग बम की तपिश में झुलस जाएंगे। जो बचेंगे उन्हें रेडिएशन मार देगा। दुनिया से सर्दी-गर्मी का मौसम ही खत्म हो जाएगा। आधी ओजोन परत बर्बाद हो जाएगी। वनस्पतियों और पेड़-पौधों का निशान मिट जाएगा। आधी दुनिया भूख से मर जाएगी। इस वक्त पाकिस्तान अपनी औकात से बढ़कर काम करने की कोशिश कर रहा है। लेकिन भारत के एयर डिफेंस सिस्टम के सामने पाकिस्तान की मिसाइलें धूल चाटती नजर आ रही हैं। वो मिसाइलें अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में दो कौड़ी की रह जाएंगी। क्योंकि भारत का एयर डिफेंस सिस्टम ऐसा खतरनाक है कि इन सारे हथियारों को हवा में ह ढेर कर दे रहा है। पाकिस्तान का जेट, मिसाइल, ड्रोन सब के सब खत्म हो रहा है। 10 मई की तड़के इस्लामाबाद ने फतह-सेकेण्ड मिसाइल लॉन्च की, जिसे भारत ने हरियाणा के सिरसा में रोक दिया। शुक्रवार-शनिवार की रात को कई भारतीय शहरों पर बिना उकसावे के हमले जारी रखने के दौरान पाकिस्तान द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई। सूत्रों का कहना है कि मिसाइल का लक्ष्य दिल्ली था। पाकिस्तान की इस हरकत ने पड़ोसी देश के मिसाइल शस्त्रागार और भारत के साथ उसकी तुलना पर फिर से ध्यान केंद्रित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि दोनों के पास एक-दूसरे को जवाब देने के लिए अत्याधुनिक मिसाइल सिस्टम हैं।

**विश्व की बड़ी मिसाइल शक्ति भारत:** भारत में मिसाइल तकनीक का समृद्ध इतिहास है। स्वतंत्रता से पहले, भारत के कई राज्य अपने युद्ध के हिस्से के रूप में रॉकेट का इस्तेमाल कर रहे थे। मैसूर के शासक हैदर अली ने 18वीं शताब्दी के मध्य में अपनी सेना में लोहे के आवरण वाले रॉकेट शामिल करना शुरू किया। जब हैदर के बेटे टीपू सुल्तान की मृत्यु हुई, तब तक उनकी सेना की प्रत्येक ब्रिगेड में रॉकेटियर की एक कंपनी शामिल हो गई थी, जिसमें लगभग 5,000 रॉकेट ले जाने वाले सैनिक थे। स्वतंत्रता के बाद, भारत ने मिसाइलों की खोज शुरू की और वर्षों में अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) सहित मिसाइल प्रौद्योगिकी का एक व्यापक विकास किया, जिससे वह इस तकनीक के साथ पृथ्वी पर केवल सात देशों में से एक बन गया।

**भारत ने इनका इस्तेमाल तो अभी किया भी नहीं:** पाकिस्तान के पास पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह के मिसाइलों का एक विविध शस्त्रागार है। हालाँकि, इसकी कई मिसाइलें उसके मित्र और पड़ोसी चीन द्वारा प्रदान की गई हैं। पाकिस्तान की तरफ से अपने शस्त्रागार से फतह मिसाइल 2 को दिल्ली पर टारगेट करने की कोशिश की लेकिन भारत ने उसका घमंड चकनाचूर करते हुए उसे हवा में ही ढेर कर दिया। पाकिस्तान अक्सर आक्रांताओं के नाम पर रखे गजनवी, बाबर, गौड़ी का जिक्र कर इतराता रहता है। लेकिन भारत ने इस बार अपने एस 400, आकाश, स्पाईडर के जरिए उसे धूल चलाई है। जिसके वार से पाकिस्तान त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहा है। ये आलम तब है जब आर्मी के पास अभी ऐसे हथियार मौजूद हैं, जो पलक झपकते पाकिस्तान का जर्रा-जरी धरों सकते हैं, अभी इनका इस्तेमाल तो हुआ ही नहीं है।

**ब्रह्मोसः** सर्जिकल स्ट्राइक के लिए अचूक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल। दो वैरिएंट हैं। 450 से 800 किमी तक रेंज, जमीन, समुद्र व हवा से दाग सकते हैं। कीमत 15 से 30 करोड़ रुपए।

**पृथ्वीः** दुश्मन हटे तो भी टारगेट हिट न्यूक्लियर बैलेस्टिक मिसाइल है। तीन वैरिएंट हैं। 2000 किमी तक रेंज। इतनी सटीक कि दुश्मन 10 मीटर भी इधर-उधर हो तो बच नहीं सकता। कीमत 3 करोड़ रुपए। एटमी हमले में सक्षम

**शौर्यः** हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल है। परमाणु हमला भी कर सकती है। 700 से 800 किमी रेंज। कीमत करीब 2.5 करोड़ रुपए।

**प्रहारः** दिशाएं अलग तो भी भेदती है बैलिस्टिक मिसाइल है। अलग-अलग दिशाओं में कई टारगेट भेद सकती है। 150 किमी रेंज। कीमत 4 से 5 करोड़ रुपए।

**आकाशः** हवा में उड़ा सकती है जेट एक यूनिट में 4 मिसाइलें होती हैं। 3 वैरिएंट हैं। फाइटर जेट को हवा में तबाह कर देती है। रेंज 80 किमी है। कीमत 2.5 करोड़ रुपए।

**धनुषः** जमीं से आसमां तक तबाही लाती है इस बैलिस्टिक मिसाइल को युद्धपोत से दाग सकते हैं। जमीन-जल पर हमले में सक्षम। परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम। कीमत 14 करोड़ रु.।

**निर्मयः** दिशा बदल टारगेट कर सकती है क्रूज मिसाइल है। दुश्मन को चकमा देने में माहिर है। राडार की पकड़ में नहीं आती। 1500 किमी रेंज। कीमत 10 करोड़ रुपए।

**सागरिकाः** नेविगेशन सिस्टम से गाइड बैलिस्टिक मिसाइल है। रेंज 750 किमी। खुद को नेविगेशन सिस्टम से गाइड कर टारगेट लेती है।

**अमोधः** अंधेरे में भी टारगेट पहचान लेती है टैंक रोधी गाइडेड मिस्बइल है।

# नर्सें रोगी के लिये करुणा एवं मुस्कान बांटती है

**दुनिया में नर्सों की सेवा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, हर दिन, नर्सें शांत शक्ति, स्थिर हाथों और करुणा से भरे दिलों के साथ अस्पतालों, क्लीनिकों और विभिन्न सामुदायिक स्थानों पर कदम रखते हुए रोगियों के लिये देवदूत बनती हैं। नर्सें भगवान का रूप होती है, वे ही इंसान के जन्म की पहली साक्षी बनती है और उनमें करुणा का बीज बोती है। एक रोगी को स्वस्थ करने में वे अपना सब कुछ दे देती हैं। रोगी की सेवा करते हुए वे अपना पारिवारिक सुख, करियर, जीवन और वर्तमान सबकुछ झोंक देती है। नोबल नर्सिंग सेवा की शुरुआत करने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर हर साल दुनिया भर में 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के रूप में मनाया जाता है।**

**(ललित गर्ग)**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, नर्सिंग कार्यबल वैश्विक स्वास्थ्य के सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है। अंतर्राष्टीय नर्स दिवस पर लॉन्च की जाने वाली विश्व नर्सिंग 2025 की स्थिति रिपोर्ट वैश्विक नर्सिंग कार्यबल का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत करेगी। दुनिया में नर्सों की सेवा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, हर दिन, नर्सें शांत शक्ति, स्थिर हाथों और करुणा से भरे दिलों के साथ अस्पतालों, क्लीनिकों और विभिन्न सामुदायिक स्थानों पर कदम रखते हुए रोगियों के लिये देवदूत बनती हैं। नर्सें भगवान का रूप होती है, वे ही इंसान के जन्म की पहली साक्षी बनती है और उनमें करुणा का बीज बोती है। एक रोगी को स्वस्थ करने में वे अपना सब कुछ दे देती हैं। रोगी की सेवा करते हुए वे अपना पारिवारिक सुख, करियर, जीवन और वर्तमान सबकुछ झोंक देती है। नोबल नर्सिंग सेवा की शुरुआत करने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर हर साल दुनिया भर में 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस 1965 से इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेज द्वारा शुरु हुआ है, बहुत से लोग इस दिन का उपयोग अपने देश एवं दुनिया में नर्सों द्वारा किए गए अद्भुत सेवा कार्यों का सम्मान करने के लिए करते हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है 'हमारी नर्सेः हमारा भविष्य-नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाती है।' यह थीम नर्सों की भलाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए न केवल उनकी व्यक्तिगत भलाई के लिए बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियों के अधिक लाभप्रद एवं सशक्त बनाने पर बल देती है। नर्सों को दूसरों की देखभाल करने के लिए जाना जाता है, स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को भी उनकी देखभाल करनी चाहिए। उचित समर्थन के बिना, सबसे कुशल पेशेवर भी उपेक्षा, आर्थिक शोषण, तनाव और थकान का सामना कर सकते हैं।

किसी बीमारी से उबरने में जितना बड़ा योगदान चिकित्सकों, दवाओं और इलाज का होता है, उतना ही सही देखभाल का भी होता है। इसमें डॉक्टर्स से कहीं बड़ी जिम्मेदारी नर्सेज निभाती हैं, जो 24 घंटे मरीज की देखरेख में लगी रहती हैं। वास्तव में उनकी निःस्वार्थता एवं सेवाभावना उन्हें रोगियों के लिए स्वर्गदूत बनाती है, एक फरिश्ते के रूप में वे जीवन का आश्वासन बनती है और उनका बलिदान-योगदान उन्हें मानवीय सेवा का योद्धा बनाता है। यदि चिकित्सक किसी रोगी के रोग को ठीक करता है तो उसके दर्द को कम एक नर्स करती है। जो अपना जीवन मरीजों की प्यार से देख-रेख में व्यतीत करती है। एक नर्स ना केवल अपना व्यवसाय समझ रोगी की सेवा करती है बल्कि वो उससे भावनात्मक रुप से जुड़ जाती है और उसे ठीक करने में जी-जान लगा देती है। नर्सें ही इंसान के जन्म की पहली साक्षी बनती है और उनमें करुणा का बीज बोती है, मुस्कान बांटती है।

पूरी दुनिया में हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते है कि नर्सिंग सेवाएं दुनिया में सबसे बड़ी स्वास्थ्य देखभाल का पेशा है। रोगियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बनाये रखने के लिये नर्सों का प्रशिक्षण एवं कौशल विकास अपेक्षित है, भारत की नर्सों को नयी ऊर्जा, नयी दिशा एवं नया परिवेश मिले, उसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार कोई प्रभावी योजना लागू करें ताकि वे और अधिक अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं देने में सक्षम हो सके। इससे भारत की नर्सों के लिये गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिये अनुकूल वातावरण सुनिश्चित होगा। इससे नर्सें रोगियों की अधिक प्रभावपूर्ण ढंग से शारीरिक, मानसिक एवं भावात्मक भलाई करने में सक्षम होगी। ऐसी योजनाओं को निजी अस्पतालों को भी प्रोत्साहन देना चाहिए। मरीज जब ठीक होकर मुस्कुराते हुए अपने परिवार वालों के साथ घर जाता है, तो वह खुशी नर्सों को और भी हिम्मत देती है। इलाज के दौरान नर्सों और मरीज के बीच पारिवारिक रिश्ता हो जाता है। सचमुच नर्सों की दुनिया अद्भुत है। वे दवा के साथ उन्हें मानसिक तौर पर मजबूत करती हैं और रोगों से लड़ने की प्रेरणा एवं शक्ति बनती है। यह शक्ति अधिक तेजस्वी एवं प्रखर बने, यही विश्व नर्स दिवस मनाने का मूल उद्देश्य होना चाहिए।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, नर्सिंग कार्यबल वैश्विक स्वास्थ्य के सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है। अंतर्राष्टीय नर्स दिवस पर लॉन्च की जाने वाली विश्व नर्सिंग 2025 की स्थिति रिपोर्ट वैश्विक नर्सिंग कार्यबल का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत करेगी। यह रिपोर्ट नर्सिंग शिक्षा, प्रवास, कार्य स्थितियों और नेतृत्व जैसे प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डालती है तथा आवश्यक डेटा प्रदान करती है जो दुनिया भर में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत करने के लिए भविष्य की नीतियों को आकार देने में मदद कर सकता है। जब नर्सों को अच्छी तरह से समर्थन एवं प्रोत्साहन मिलता है, तो स्वास्थ्य सेवा प्रणालियां अधिक प्रभावी ढंग से काम करती हैं, जिससे रोगियों और समाजों के लिए बेहतर परिणाम सामने आते हैं। नर्सिंग देखभाल चिकित्सा दिनचर्या से परे है, यह अक्सर दर्द के दौरान स्थिर हाथ, सर्जरी से पहले आश्वस्त करने वाली आवाज, या ठीक होने की राह पर कोमल प्रोत्साहन होता है। मरीज अक्सर नर्सों के साथ अपने अनुभवों का वर्णन सांत्वना देने वाले, समझदार, धैर्यवान और भरोसेमंद जैसे शब्दों का उपयोग करके करते हैं। एक दयालु नर्स की उपस्थिति शांति, मुस्कान और आशा की भावना लाती है। जब नर्सिंग देखभाल सही तरीके से की जाती है, तो यह न केवल शरीर को ठीक करती है, बल्कि आत्मा को भी ऊपर उठाती है।

आने वाले वर्षों में गुणवत्तापूर्ण देखभाल सुनिश्चित करने के लिए नर्सिंग कार्यबल में निवेश, प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन करना आवश्यक है। नर्सिंग स्वास्थ्य सेवा की शांत शक्तियों में से एक है, जो करुणा, कौशल और अथक समर्पण पर आधारित है। चाहे गंभीर देखभाल का प्रबंधन करना हो या सांत्वना के शब्द देना हो, नर्सें उपचार में मानवता लाती हैं। उनकी भूमिका केवल इलाज करना ही नहीं है, बल्कि मरीजों की सबसे कमजोर स्थितियों में उनकी बात सुनना, उनका समर्थन करना और उनके साथ खड़ा होना है। नर्सों की सेवाएं जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही विश्वस्तर पर उनकी जरूरत है। अपेक्षित नर्सों की उपलब्धता न होना, एक चिन्तनीय विषय है। विश्व बैंक की एक ताजा रिपोर्ट में भी कहा गया है कि अच्छे वेतनमान और सुविधाओं के लालच में आज भी विकासशील देशों से बड़ी संख्या में नर्सें विकसित देशों में नौकरी के लिए जाती है जिससे विकासशील देशों को प्रशिक्षित नर्सों की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी वजह से इस समस्या से निपटने के लिए एवं नर्सों की सराहनीय सेवा को मान्यता प्रदान करने के लिए भारत सरकार के परिवार एवं कल्याण मंत्रालय ने राष्टीय फ्लोरेंस नाइटिंगल पुरस्कार की शुरुआत की। पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 12 मई को दिये जाते हैं। यह पुरस्कार प्रति वर्ष महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किये जाते हैं। अंतर्राष्टीय नर्स दिवस सिर्फ जश्न मनाने का दिन नहीं है, यह चिंतन और कृतज्ञता का समय है। उनका समर्पण, करुणा और विशेषज्ञता हर जगह स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों की नींव है। अब हमारा यह नैतिक कर्तव्य है कि हम उनकी अनूठी एवं निःस्वार्थ सेवाओं के बदले वापस कुछ लौटाये और उनका भविष्य उन्नत करें। इस दिवस को मनाते हुए हम अपनी नर्सों के करियर को फिर से परिभाषित करे, उनके सेवा का मूल्यांकन करते हुए नए सिरे से उन्नत नर्स सेवा को विकसित करें और कौशल विकास की शक्ति के साथ उनके जीवन को बदले। कोविड़-19 के संकट में एक योद्धा की तरह हर मुश्किल घड़ी में अपनी जान की परवाह किये बिना मरीजों के साथ जो खड़ी रही, वे नर्सें ही थी।

# नोएडा में रहने वाले दो युवकों ने मानसिक तनाव में की आत्महत्या




नोएडा। नोएडा में रहने वाले दो युवकों ने मानसिक तनाव के चलते अपने-अपने घरों में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आत्महत्या के कारणों का पता लग रही है।

जानकारी के अनुसार थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के अट्टा गांव में रहने वाले एक 23 वर्षीय युवक ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। उसके परिजनों ने गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि रानू उम्र 23 वर्ष नामक युवक अट्टा गांव में रहता था। उन्होंने बताया कि रात को उसने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। उसके परिजनों ने गंभीर हालत में उपचार के लिए उसको नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लग रही है।

इसके अलावा थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर-15 में बारात घर के पास एक पीजी में रहने वाले देवांग उम्र लगभग 24 वर्ष द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच के दौरान पता चला है कि कुछ दिन पूर्व ही युवक पीजी में रहने आया था। उन्होंने बताया कि घटना स्थल का फॉरेंसिक टीम द्वारा निरीक्षण किया गया है। परिजनों मौके पर है।

## बैंक कैशियर पर धोखाधड़ी मुकदमे में कार्रवाई पर हाईकोर्ट की रोक



मेरठ। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक बैंक कैशियर पर धोखाधड़ी सहित अन्य आरोपों में दर्ज मुकदमे की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। साथ ही राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। बैंक कैशियर का नाम पुलिस की विवेचना में प्रकाश में आया था। यह आदेश न्यायमूर्ति दीपक वर्मा ने उमंग शर्मा की याचिका पर दिया। मेरठ निवासी संध्या रानी की शादी कल्याण नगर गढ़ रोड के सौरभ गोयल संग हुई थी। विवाद होने पर संध्या ने पति व बैंक कर्मचारियों के खिलाफ मेडिकल कॉलेज थाने में मुकदमा दर्ज कराया। आरोप लगाया कि बैंक कर्मियों ने उनके पति संग मिलीभगत कर संयुक्त खाते से रुपये निकाल लिए। आरोपी बैंक कैशियर ने चार्जशीट को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची अधिवक्ता सुनील चौधरी ने दलील दी कि बैंक ने गाइडलाइन के अनुसार ही चेक का भुगतान किया था। मामले में पत्नी ने मुकदमा अपने पति सौरभ गोयल, ब्रांच मैनेजर व पूर्व मैनेजर के विरुद्ध दर्ज कराया है। पुलिस ने चार्जशीट में एफएसएल रिपोर्ट लगाई है। उसमें चेक पर मौजूद पत्नी के हस्ताक्षर मिलान नहीं कर रहे। इसी आधार पर धोखाधड़ी कर कूटरचित दस्तावेज से रुपये हड़पने के आरोप में चार्जशीट लगाई गई।

## ब्रह्मपुरी में तांत्रिक क्रिया के नाम पर 50 हजार की ठगी



मेरठ। ब्रह्मपुरी की महिला ने एक तांत्रिक पर 50 हजार रुपये ठगी, छेड़छाड़ और धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसएसपी ऑफिस पर शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी ने थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया है। माधवपुरम निवासी एक महिला ने एसएसपी डॉ. विपिन ताडा को दी शिकायत में कहा कि देते हुए बताया कि एक महीने पूर्व उसकी मुलाकात रेलवे रोड निवासी एक युवक से हुई थी। युवक ने खुद को तांत्रिक बताया था। महिला के अनुसार तांत्रिक ने उसे अपनी बातों में फंसा लिया था। आठ दिन पूर्व आरोपी महिला के घर पहुंचा और तांत्रिक क्रिया के नाम पर 50 हजार रुपये ले लिए थे। पैसे लेने के बाद आरोपी दो दिन बाद महिला के घर पहुंचा था। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक ने घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की और धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने लगा। पीड़िता ने शोर मचा दिया। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। थाना पुलिस को जांच के लिए निर्देश दिया गया है।

## साइबर ठगी का शिकार युवक के पुलिस ने पैसे वापस कराए



मेरठ। नौचंदी थाने की साइबर टीम ने ठगी का शिकार हुए पीड़ित पुनीत सभरवाल के दस हजार रुपये वापस कराए हैं। होटल बुक करने के नाम पर ठगी की गई थी। सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने बताया कि शास्त्रीनगर निवासी पुनीत सभरवाल से कुछ समय पहले अज्ञात व्यक्ति ने होटल बुकिंग के नाम परधोखाधड़ी कर गूगलपे के माध्यम से 10 हजार रुपये ठग लिए थे। जिसकी रिपोर्ट पीड़ित ने नौचंदी थाने पर दर्ज कराई थी। नौचंदी थाने पर पर गठित साइबर टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए साइबर पोर्टल पर शिकायत अपलोड कर ठगी करने वाले का खाता ब्लॉक कराया था। साइबर पुलिस पोर्टल के माध्यम से आरोपी के खाते की ट्रांजक्शन डिटेल हासिल कर संबंधित बैंक मैनेजर से समन्वय स्थापित करके दस हजार रुपये पीड़ित के वापस कराए हैं।

## मां–बेटे के साथ लोहे की रॉड से मारपीट



मेरठ। भावनपुर थाना के जयभीमनगर के मोहल्ला संजय विहार निवासी निवासी रोहित मोबाईल रिपेरिंग का काम करता है। उसने बताया कि उसके घर के सामने रहने वाले युवक ने उससे पैसे मांगे थे। इंकार करने पर उसके साथ मारपीट कर दी। थाना पुलिस को इस बाबत तहरीर दी। इससे नाराज होकर आरोपी युवक ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर उसके घर में घुस आए। उसके साथ लोहे की रॉड से मारपीट शुरू कर दी। बीचबचाव कराने पहुंची रोहित की मां सोनिया के साथ भी मारपीट करते हुए मां-बेटे को घायल कर दिया।

## हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से पेट्रोल भरे टैकर ने पकड़ी आग, इंडियन आयल डिपो के पास हादसा



मेरठ। थाना टीपीनगर क्षेत्र के गांव पूठा में हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से किसान के घेर में खड़े पेट्रोल के चार टैंकरों में आग लग गई। इनमें से एक टैंकर में पेट्रोल भरा था। जबकि तीन खाली थे। आग से पास में बना ऑफिस भी जलने लगा। आग से घेर में काम करने वाले हेल्पर निक्कू निवासी भलसाना और चालक रोहित निवासी बरनावा, बागपत झुलस गए। आरएएफ, परतापुर और पुलिस लाइन से छह दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मेरठ के प्रभारी सीएफओ मनु शर्मा के मुताबिक पूठा गांव में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम और इंडियन ऑयल के डिपो हैं। यहां से टैंकरों में पेट्रोल भरने के बाद पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति होती है। पूठा गांव में जाटों वाले मंदिर के पास किसान शैली चौधरी का घेर है। जिसको शैली ने गांव के ही लोकेश चौधरी को किराए पर दे रखा है। घेर के ऊपर से हाईटेंशन की लाइन गुजर रही है। पेट्रोल की सप्लाई करने वाले चार टैंकर घेर में खड़े थे।

33 हजार की लाइन में चिंगारी और ब्लास्ट होने से टैंकरों में आग लग गई। एक टैंकर में पेट्रोल होने की वजह से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

घेर में ही क्रिकेट खेल रहे युवकों ने शोर मचा दिया।

ग्रामीणों ने तुरंत सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद 108 आरएएफ बटालियन अपने चार दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंची और आग बुझानी शुरू कर दी। घंटाघर और पुलिस लाइन से छह फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकलकर्मी भीषण गर्मी में आग काबू पाने के प्रयास में जुट गए। रात साढ़े आठ बजे दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सीएफओ मनु शर्मा ने बताया कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई है।

### गृह क्लेश में मजदूर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



मेरठ। थाना भावनपुर क्षेत्र स्थित गढ़ रोड पर संजय विहार कॉलोनी निवासी 34 वर्षीय विकास उर्फ मोदी मजदूरी का कार्य करता है पिछले काफी समय से विकास का अपनी पत्नी कविता से गृह क्लेश चल रहा था। पत्नी बीस दिन पूर्व अपने दोनों बच्चों के साथ मायके चली गई थी। विकास ने देर रात कमरे में रस्सी बांध कर आत्महत्या कर ली। जब सुबह विकास ने दरवाजा नहीं बोला तो पड़ोसियों ने छत पर जाकर देखा तो विकास फांसी के फंदे से लटका हुआ था। कंट्रोल रूम की सूचना पर पहुंची भावनपुर पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए कार्रवाई शुरू कर दी।

### किसानों ने भूनी टोल प्लाजा पर मनाई टिकैत साहब की 14 वीं पुण्यतिथि




मेरठ। भारतीय किसान यूनियन मेरठ के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों किसान भूनी टोल प्लाजा पर एकत्रित हुए। टोल प्लाजा पर नारेबाजी करते हुए सभी किसानों ने चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की मूर्ति पर पुष्पांजलि करते हुए नारेबाजी की। चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए उनकी नीतियों पर चलने और बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान भूनी टोल प्लाजा किसानों ने फ्री कर दिया और इस कारण हाइवे पर जाम लग गया। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया कि आज हम सब किसान संकल्प दिवस के रूप में मनाया हैं और आज हमने सैकड़ों की संख्या में भूनी टोल पर एकत्रित होकर टिकैत साहब की मूर्ति पर पुष्पांजलि कर उनकी जन्मभूमि कर्मभूमि किसान राजधानी स्थित समाधिस्थल सिसौली रवाना हुए। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया कि टिकैत बाबा ने किसानों को एक अलग पहचान दी। आज भी किसान आंदोलन करने की शक्ति उन्हीं की दो ताकतों द्वारा करते हैं। हम आगे उनकी नीतियों को बढ़ाने का कार्य कर रहे आने वाले समय में आंदोलन में और तेजी लाई जाएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, मेजर चिंदौड़ी, भोपाल, सुनील, मोनू, हर्ष, सनी, अंकित , सत्येंद्र, बबलू, मनोज, सत्ते, सुखपाल, विनोद , वीरेंद्र, कृष्णपाल, परविंदर, नवीन, हरेंद्र गुर्जर, प्रशांत त्यागी, शेखर आदि मौजूद रहे।

### अस्पताल गई महिला संदिग्ध परिस्थिति में लापता



मेरठ। थाना सिविल लाइन क्षेत्र स्थित मोहनपुरी से अस्पताल के लिए घर से निकली 47 वर्षीय महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने बताया कि पुरानी मोहनपुरी निवासी जगरोशनी घर से प्यारे लाल जिला अस्पताल से दवाई लेने जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन वह शाम तक वापस नहीं लौटी। बुधवार सुबह परिजन जिला अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों से रजिस्टर चेक किया। रजिस्टर में भी जगरोशनी का नाम नहीं मिला है। फिलहाल सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से तलाश की जा रही है।

## एनसीआर के साप्ताहिक बाजारों से ग्राहकों के मोबाइल फोन चुराने वाले 4 चोर गिरफ्तार



नोएडा। नोएडा व एनसीआर क्षेत्र के आस-पास लगने वाले साप्ताहिक बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों व घरों से लोगों के मोबाइल फोन चोरी करने वाले एक गिरोह के 4 शातिर बदमाशों को पुलिस ने एक सूचना के आधार पर आज गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 20 एनड्रायड मोबाइल, 4 चाकू तथा 2 मोटर साइकिल बरामद किया है।

एडीसीपी सेंट्रल नोएडा हृदेश कठेरिया ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि मामूरा गांव से मोबाइल फोन चोरी करने वाले बदमाश बाइक पर सवार होकर चोरी के मोबाइल फोन बेचने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने बैरियर लगाकर चेकिंग करनी शुरू की। कुछ देर बाद 2 मोटरसाइकिल पर सवार होकर चार बदमाश आते हुए दिखाई दिए, जब पुलिस ने उन्हें रोककर तलाशी की तो उनके पास से 20 मोबाइल फोन मिले। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए बदमाशों ने पुलिस को बताया कि यह मोबाइल मामूरा गांव के विभिन्न जगहों से चोरी किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के नाम आकाश पुत्र संजय, प्रशान्त उर्फ जोबलिन पुत्र सत्यपाल, वंश पुत्र प्रमोद तथा अजय उर्फ सिनचैन पुत्र राजे सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है जो नोएडा व एनसीआर के आसपास साप्ताहिक बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों से लोगों का मोबाइल फोन चोरी कर कम दामो में बेचकर मौज-मस्ती करते है।

## आज का इतिहास

नयी दिल्ली। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 16 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है।

1875: वेनेजुएला और कोलंबिया में विनाशकारी भूकंप के कारण 16000 लोगों की मौत हुयी।

1911: कलकत्ता (अब कोलकाता) में बने तल्लाह वाटर टैंक का निर्माण पूरा। इसे उस समय दुनिया का सबसे बड़ा ओवरहैड वाटर टैंक कहा गया था।

1920: फ्रांसीसी स्वतंत्रता सेनानी, सेनापति जॉन ऑफ आर्क को संत की उपाधि दी गयी।

1929: फिल्मी दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित ऑस्कर अवॉर्ड की शुरूआत हुयी।

1943: वॉरसॉ में यहूदी बस्तियों में चल रही लड़ाई खत्म हो गई। पुलिस और कमांडो दल ने 19 अप्रैल को इन बस्तियों में प्रवेश किया था।

1960: भारत और ब्रिटेन के बीच अंतरराष्ट्रीय टेलेक्स सेवा की शुरूआत।

1974: इस्राइल के लड़ाकू विमानों ने सात फि लिस्तीनी शरणार्थी शिविरों और दक्षिणी लेबनान के गांवों पर बम दागे। इन हमलों में 27 लोग मारे गए और 138 अन्य घायल हुए।

1975: सिक्किम को 22वें राज्य के रूप में भारतीय संघ में शामिल किया गया।

1996: अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत के दसवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की।

2004: टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडेरर ने हेम्बर्ग मास्टर्स खिताब जीता।

2006: हॉलिवुड की चर्चित अदाकारा नाओमी वाट्स को संयुक्त राष्ट्र संस्था का राजदूत बनाया गया।

2006: न्यूजीलैंड के 47 वर्षीय मार्क इंजलिस कृत्रिम पैरों के सहारे एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने वाले पहले व्यक्ति बने।

2007: निकोलस सरकोजी का फ्रांस के राष्ट्रपति के तौर पर कार्यकाल की शुरूआत।

2008: उच्चतम न्यायालय ने केन्द्रीय शिक्षण संस्थानों के स्नाकोत्तर पाठ्यक्रमों में 27% ओबीसी कोटा पर रोक के कोलकाता उच्च न्यायालय के निर्णय को खारिज किया।

2013: अमेरिकी वैज्ञानिकों को पहली बार क्लोन किए गए इंसानी भ्रूण से स्टेम सेल निकालने में सफलता मिली।

2014: भारतीय उद्योगपति रुस्तमजी होमसजी मोदी का निधन।

2014: भाजपा ने आम चुनावों में जीत दर्ज की। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 543 में से 336 सीटें मिलीं। पहली बार भाजपा ने अपने दम पर लोकसभा में बहुमत हासिल किया।

2017: भारत के हरियाणा की एक कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए 10 साल की बच्ची को गर्भपात की इजाजत दी।

## रंग संसार

### घर से बेदखल नहीं होंगे शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा



नई दिल्ली। बी-टाउन के पावर कपल कहे जाने वाले शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा का नाम अक्सर किसी न किसी वजह के चलते छाया रहता है। राज कुंद्रा की गिरफ्तारी से लेकर मनी लॉन्ड्रिंग के केस तक, पिछले कुछ साल से शिल्पा की पर्सनल लाइफ उथल-पुथल से भरी रही है। हाल ही में, उन्हें हाई कोर्ट की तरफ से बड़ी राहत मिली है। हुआ यूं कि बीते दिनों प्रवर्तन निदेशालय ने शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा को एक एविक्शन नोटिस जारी किया गया था, जिसके मुताबिक उन्हें 10 दिन के अंदर अपना जुहू वाला घर खाली करना था। ईडी के आदेश के खिलाफ कपल ने बॉम्बे हाई कोर्ट में चुनौती दी थी और कहा था कि यह मनमाना, गैर-कानूनी और अनुचित है जिस पर आज यानी 10 अक्टूबर को सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने बुधवार को ईडी से पूछा था कि कुर्की आदेश पारित होने के बाद बेदखली नोटिस जारी करने की क्या जल्दी थी, जबकि कपल के पास आदेश के खिलाफ अपील करने का कानूनी उपाय मौजूद है।गुरुवार को, ईडी ने अदालत को बताया कि बेदखली नोटिस पर तब तक कार्रवाई नहीं की जाएगी जब तक कि याचिकाकर्ता कुर्की आदेश के खिलाफ अपनी अपील दायर नहीं करता है और ट्रिब्यूनल द्वारा उस पर फैसला नहीं किया जाता है। पीठ ने बयान को स्वीकार कर लिया और कहा कि न्यायाधिकरण द्वारा प्रतिकूल आदेश दिए जाने की स्थिति में नोटिस दो सप्ताह की अवधि तक प्रभावी नहीं होंगे। साल 2018 में ईडी ने अमित भारद्वाज समेत अन्य के खिलाफ बिटकॉइन धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में शिकायत दर्ज की थी। इस मामले में शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा का नाम भी सामने आया। भले ही दोनों आरोपी साबित नहीं हुए, लेकिन मामले में उन्हें कई बार पूछताछ के लिए बुलाया जा चुका है। इसी साल अप्रैल में ईडी ने कपल की 98 करोड़ की प्रॉपर्टी को अस्थायी रूप से जब्त करने का आदेश दिया था जिसमें पुणे स्थित उनका फार्म हाउस और मुंबई के जुहू स्थित उनका घर भी शामिल था।

## राज काज

### ट्रंप का दावा- भारत ने किया अमेरिकी आयात पर जीरो टैरिफ का ऑफर



नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ ट्रेड एग्रीमेंट पर चल रही बातचीत में महत्वपूर्ण अपडेट दिया है। दोहा में उन्होंने कहा कि भारत ने उन्हें जीरो टैरिफ का ऑफर दिया है। इसका मतलब है कि भारत में अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर कोई इंपोर्ट ड्यूटी नहीं लगेगी। विदेश मंत्री जयशंकर ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है। ये जटिल वार्ताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी तय नहीं होता। व्यापार सौदा परस्पर लाभकारी होना चाहिए। ट्रंप ने भारत में एपल के प्लांट को लेकर भी बड़ी बात कही। उन्होंने कहा, "मेरी कल एपल के सीईओ टिम कुक से बात हुई। मैंने उनसे कहा कि आप भारत में एपल के प्लांट न लगाएं। आप अपने प्लांट अमेरिका में लगाएं। भारत अपने हित खुद देख सकता है।" इससे पहले 30 अप्रैल को ट्रंप ने कहा था कि भारत के साथ टैरिफ पर बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। नए घटनाक्रम पर ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (GTRI) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, यह डील जल्दी होने की संभावना है। ट्रंप ने कहा है कि भारत अधिकतर वस्तुओं पर टैरिफ घटाने पर राजी हो गया है। ट्रंप हमेशा व्यापार घाटे के लिए भारत के ऊंचे टैरिफ को दोष देते रहे हैं।" श्रीवास्तव के अनुसार, भारत समझौते के पहले दिन से जीरो फॉर जीरो अप्रोच के तहत अमेरिका से 90% आयात को टैरिफ-मुक्त कर सकता है। ऑटोमोबाइल और कृषि को इससे बाहर रखा जा सकता है। लेकिन यह डील बराबरी की होनी चाहिए। दोनों पक्ष को टैरिफ समान रूप से खत्म करना चाहिए। रायटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने अमेरिका के साथ औसत टैरिफ अंतर को मौजूदा 13 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत करने का ऑफर दिया है। पहले चरण में भारत 60 प्रतिशत वस्तुओं पर टैरिफ खत्म कर देगा। इसके बदले भारत अभी या भविष्य में टैरिफ वृद्धि से छूट चाहता है। 2 अप्रैल को डोनाल्ड ट्रंप ने भारत सहित 60 देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की घोषणा की थी।

## दैनिक राशिफल 16 शुक्रवार मई, 2025

**मेष** – सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है।

**वृष** – परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्ययभार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं।

**मिथुन** – विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**कर्क** – पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**सिंह** – दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**कन्या** – अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**तुला** – कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**धनु** – संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

**मकर** – शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा परिणाम शुभ रहेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे।

**कुम्भ** – विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**मीन** – व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देगें। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

## दैनिक पंचांग

**16 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | वृष | 05.14 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मिथुन | 07.16 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.30 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.46 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 13.58 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.08 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.23 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.39 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.44 बजे से |
| **राहुकाल** | | कुंभ | 00.31 बजे से |
| 10.30 से | | मीन | 02.03 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | मेष | 03.34 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 136 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 05.14 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** मूल 16.08 बजे को समाप्त। **योग** सिद्ध 07.14 बजे को समाप्त। **करण** बव 16.42 बजे तदनन्तर बालव 05.14 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 07' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872346 **जूलियन दिन** 2460811.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्काद **तारीख** 17 **विशेष** संकष्टी चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# सपा पदाधिकारियों ने गांव सिसौली पहुंचकर स्व. चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की समाधि पर श्रद्धांजलि दी






**शामली।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने गुरुवार को गांव सिसौली पहुंचकर स्व चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की समाधि पर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी कहा कि चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत जैसे महापुरुष विरले ही होते है। उन्होंने किसान आंदोलन को नई पहचान दी तथा किसानों के असली मुद्दों को लखनऊ और दिल्ली तक पहुंचाया तथा सरकारों को किसानों के सामने झुकने पर मजबूर किया।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत के संघर्ष का सम्मान करती है तथा सरकार बनने पर किसानों के मुद्दों को हल करने का प्रयास करेगी। प्रोफ़ेसर सुधीर पंवार ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने खाप के सामाजिक संगठन और किसान आंदोलन को जीवंत बनाया। उन्होंने किसानों को संघर्ष के लिए भारतीय किसान यूनियन जैसा अराजनैतिक संगठन दिया। मौके पर किरण पाल मलिक,अमरदीप पंवार आदि मौजूद रहे।

इसके अलावा भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा गुरुवार को किसान मसीहा स्व. चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान हवन यज्ञ का आयोजन कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया और बाबा टिकैत के बताए गए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया गया।

गुरुवार को शहर के मौहल्ला रेलपार स्थित भाकियू नगर अध्यक्ष अमरपाल बालियान के आवास पर किसान मसीहा स्व चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें शहर तथा आसपास देहात क्षेत्रों से पहुंचे भाकियू पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आहुति प्रदान की। तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सांता कुमार, कपिल खाटियान, मास्टर जाहिद व कुलदीप पंवार ने कहा कि स्व चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत ने देश के किसानों की लडाई लडने का काम किया। उनको बहुत की कम उम्र में बालियान खाप की पगडी मिल गई थी।

उसको उन्होंने बडी जिम्मेदारी के साथ संभाला। यही नही उन्होंने बिजलीघर आन्दोलन की शुरुआत की थी, जो एक मिल का पत्थर साबित हुआ था। उक्त आन्दोलन से किसानों को सफलता हाथ लगी थी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूर मनोयोग से किसानों की लडाई लडने का काम करे। इस अवसर पर योगेन्द्र पंवार, परमेन्द्र निर्वाल, प्रवीन निर्वाल, आशीष चौधरी, छत्रपाल, समयपाल आदि मौजूद रहे।

## वार्ड-5 की कमला कॉलोनी में महिलाओं को जागरूक किया

**शामली।** गुरूवार को नगर पालिका परिषद शामली के ईओ के निर्देशन पर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर वीणा अग्रवाल एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल पीजेआरएम



फोर्स ट्रस्ट के अर्बन कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार द्वारा वार्ड-5 की कमला कॉलोनी में महिलाओं को जागरूक किया। सफाई नायक अनुज चावला के सहयोग से आईटीसी के मॉडल सामुदायिक नेतृत्व में विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। जिसमें कैपेसिटी बिल्डिंग के अंतर्गत समिति की समस्त महिलाओं को कचरा क्या है, कचरे के प्रकार जैविक कचरा, अजैविक कचरा, घरेलू खतरनाक कचरा, व सेनेटरी कचरा की जानकारी दी गई। साथ ही कूड़े को पृथक करने, संग्रह करने एवं निपटान करने के लिए होम कंपोस्टिंग एवं कम्युनिटी कंपोस्टिंग की जानकारी दी गई। गीले कचरे के लिए हरे डस्टबिन एवं सुखे कचरे के लिए नीले डस्टबिन, घरेलू हानिकारक अपशिष्ट के लिए लाल रंग के डस्टबिन, प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। सूखे कचरे के निपटान के लिए मेटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान स्वच्छता अभियान एंबेसडर वीना अग्रवाल, सुनील कुमार, अनुज चावला, पूनम सिंगल, सीमा संगल, मंजू संगल, श्वेता संगल, रीना जैन, सनी संगल, राशि संगल, विजयलक्ष्मी, रेखा जैन, शिप्रा गोयल, मेघा गोयल आदि उपस्थित रहे।

# डीएम शामली का स्कूलों में औचक निरीक्षण

❒ बच्चों से सुनाया पहाड़ा, देखा शौचालय और ड्रेस की व्यवस्था

**शामली।** शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने आज कैराना ब्लॉक के मुण्डेट कलां स्थित प्राथमिक विद्यालय नं.1 और नं.2 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता, स्कूलों की साफ-सफाई, ड्रेस कोड और मूलभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया।

प्राथमिक विद्यालय नं.1 मुण्डेट कलां में निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्षा-3 की छात्रा कनक से 13 का पहाड़ा सुना, जिसे छात्रा ने बिना रुके सुना दिया। इसके बाद ब्लैकबोर्ड पर कनक से जोड़ और प्रीति से घटाव के सवाल हल करवाए, जिनका समाधान दोनों ने आसानी से कर दिया। जिलाधिकारी ने उनकी तत्परता की सराहना की और बाकी छात्रों को भी मेहनत से पढ़ने की प्रेरणा दी। निरीक्षण के दौरान डीएम को कई छात्र स्कूल ड्रेस में नहीं मिले, जिस पर उन्होंने हेडमास्टर को निर्देशित किया




कि सभी बच्चों को निर्धारित यूनिफॉर्म में ही विद्यालय लाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने स्कूल परिसर की साफ-सफाई, पौधों की सिंचाई और निराई-गुड़ाई की व्यवस्था सुधारने के निर्देश भी दिए।

विद्यालय के शौचालयों की साफ-सफाई न मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और संबंधित हेडमास्टर के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए।

प्राथमिक विद्यालय नं.2 मुण्डेट कलां के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने कक्षा-3 की छात्रा परी से गुणा का सवाल पूछा, जिसे परी ने हल कर दिखाया। हालांकि कुछ छात्र सवाल हल नहीं कर सके, जिस पर डीएम ने अध्यापकों को बच्चों पर अधिक मेहनत करने की आवश्यकता बताई। कक्षा-4 और 5 की कक्षाओं में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पानी की व्यवस्था का भी जायजा लिया और बच्चों के लिए आरो सिस्टम उपलब्ध कराने का निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया।

विद्यालय नं.1 में नामांकित 142 में से 116 छात्र और विद्यालय नं.2 में 84 में से 73 छात्र उपस्थित पाए गए। इस निरीक्षण में बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर, जिला समन्वयक एमडीएम जितेंद्र कुमार, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## वर्मा मार्केट में सेना के शौर्य को नमन और वीरता का उत्सव मनाया

**शामली।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा बुधवार देर रात्रि शहर के वर्मा मार्केट में सेना के शौर्य को नमन और वीरता का उत्सव मनाया। यह आयोजन हाल ही में पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा संघर्षविराम के उल्लंघन के उपरांत हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले और भारतीय सेना द्वारा दिए गए मुंहतोड़ जवाब की पृष्ठभूमि में रखा गया। जिसका उद्देश्य वीर जवानों के शौर्य, बलिदान और देशप्रेम को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत वीरगति को प्राप्त जवानों की स्मृति में दो मिनट के मौन व श्रद्धांजलि से हुई। इसके पश्चात वक्ताओं ने भारत की सैन्य शक्ति और सैनिकों के अद्वितीय साहस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महज जवाबी कार्रवाई नहीं थी, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता और संकल्प का परिचायक था। समाज के युवाओं ने देशभक्ति पर आधारित समूह प्रस्तुति के माध्यम से शहीदों को नमन किया, जिससे उपस्थित जनसमूह की आंखें नम और मन गर्वित हो उठा।

## डीएम द्वारा गठित टीम ने जल निस्तारण संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया

**शामली।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान के निर्देश पर प्रभागीय वनाधिकारी की अध्यक्षता में गठित टीम द्वारा नगर पालिका कांधला व नगर पंचायत एलम द्वारा जल उपचार के लिए नगर के नालों पर कराए जा रहे कार्यों



व ठोस अपशिष्ट का निस्तारण संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि नगर पालिका कांधला द्वारा नगर में प्रवाहित 4 नालों पर बायोरेमिडिएशन कार्य कराया जा रहा है, लेकिन पूर्ण रूप से व्यवस्थित नहीं है। वहीं देखा गया नगर में नालों के आसपास ठोस अपशिष्ट का निस्तारण पूर्ण रूप से नहीं किया जा रहा है। टीम ने अधिशासी अधिकारी कांधला को नालों पर चल रहे बायोरमिडिएशन का को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने, ठोस अपशिष्ट का निस्तारण कराना सुनिश्चित करने को कहा। नगर पंचायत एलम में मुख्य नाले पर कोई टैपिंग कार्य नहीं किया गया है, एवं न ही बायोरेमीडिएशन कार्य कराया जा रहा है। जिसमें प्रदूषण विभाग द्वारा नगर निकायों के सभी नालों के जल नमूने लिए गए। जिसकी निरीक्षण रिपोर्ट जिला गंगा समिति/पर्यावरण समिति की बैठक में डीएम के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रदूषण विभाग से सहायक पर्यावरण अभियंता कुंवर संतोष कुमार, देवकर देव गहलोत, जल निगम ग्रामीण नमामि गंगे से सौरभ त्यागी, वन विभाग से सोनू कुमार मौजूद रहे।

# कर्नल सोफिया पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में उबले कांग्रेसी

❒ अमर्यादित टिप्पणी करने वाले भाजपा नेता के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग





### ❒ तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर किया धरना-प्रदर्शन

**कैराना।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अमर्यादित टिप्पणी से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में उबाल आ गया। उन्होंने भाजपा नेता द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों से जमकर नारेबाजी की। बुधवार को कांग्रेस पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता संगठन के शामली जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया पर की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना दिया। इस दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा नेता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने भाजपा नेता को मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग की। कांग्रेसियों ने भारतीय सेना जिंदाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के भी नारे लगाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि मंत्रीपद ग्रहण करने वाला व्यक्ति देश के संविधान को साक्षी मानकर पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते है, लेकिन भाजपा के मंत्री ने अपनी घृणित बयानबाजी से सेना के मनोबल को गिराने का कार्य किया हैं। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी देश की आन-बान-शान हैं। उन्होंने पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों को धूल चटाने का काम किया है। भाजपा का मंत्री देश की इस महान बेटी को आतंकियों की बहन बता रहा हैं। वहीं, जिला महासचिव शमशीर खान ने कहा कि इस तरह की बयानबाजी भाजपा के महिला एवं सेना विरोधी होने की मानसिकता को दर्शाती है। मंत्रिपद पर बैठे ऐसे लोग देश की छवि धूमिल करने का काम करते हैं। उन्हें भाजपा नेता को तत्काल मंत्रीपद से हटाए जाने की मांग की है। इस अवसर पर धर्मवीर कश्यप, नदीम एडवोकेट, जावेद अली, जाकिर राणा, जाहिद, कादिर, प्रद्युम्न, अंकुश, रिजवान, सुहैब, बिलाल, नईम, आबिद, मित्रसैन, साबिर, आलिम, मोनू, जुबैर गय्यूर आदि मौजूद रहे।

## प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने ऑल इंडिया योगासन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता




**शामली।** हरियाणा के पलवल में आयोजित ऑल इंडिया योगासन चैंपियनशिप का आयोजन 10 मई से 12 मई तक हुआ। जिसमें लगभग 10 राज्यों के 200 योग खिलाडियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें शिक्षा विभाग से जनपद शामली के ऊन ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय पठानपुरा के प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने प्रतियोगिता में भाग लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने हरियाणा में आयोजित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। अमित कुमार द्वारा इससे पूर्व एनसीईआरटी लखनऊ 2019 में स्वर्ण तथा राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। शामली पहुंचने पर अमित कुमार का स्वागत किया गया।

## सेवानिवृत्त हुए प्रधानाचार्यों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ

**शामली।** वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त हुए प्रधानाचार्यों का सम्मान समारोह उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद शामली द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डीआईओएस जेएस शाक्य ने सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को सम्मानित



किया। गुरूवार को एक बैंकट हॉल में आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज शामली की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या डॉ दीपाली गर्ग का डा. रचिता ढाका, डा. नीरा, डा. प्रतिभा, अलका संगल और अन्य प्रधानाचार्या द्वारा किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य लोकेंद्र कुमार का सुशील कुमार, विनोद वर्मा, हरविंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, रनधावा मलिक, कुलदीप सिंह, प्रमोद कुमार, अदीब अहमद और अन्य प्रधानाचार्यों द्वारा किया गया। दोनों सेवानिवृत्त हुए प्रधानाचार्यों को डीआईओएस द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरविंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, विनेश त्यागी, सुशील कुमार, विनोद वर्मा और प्रवीण कुमार ने अपने उद्बोधन में दोनों सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों के स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना करते हुए उनके बारे में अपने अनुभव साझा किए और दोनों को बधाई दी। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. अमित मलिक ने शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आगामी जीवन में सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष रनधावा मलिक, प्रदीप मलिक मौजूद रहे।

## विधायक पंकज मलिक ने सीबीएसई बोर्ड की टॉपर छात्रा सावी जैन से मुलाकात की



**शामली।** चरथावल विधायक पंकज मलिक ने गुरूवार को शामली पहुंचकर सीबीएसई बोर्ड की टॉपर छात्रा सावी जैन से मुलाकात कर बधाई दी। उन्होंने परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि सीबीएसई बोर्ड में 500 में से 499 अंक प्राप्त कर बेटी सावी जैन ने जिले का नाम पूरे देश में रोशन किया है।

गुरूवार को चरथावल विधायक पंकज मलिक शहर के हनुमान रोड निवासी सीबीएसई बोर्ड की टॉपर छात्रा सावी जैन से मुलाकात की। उन्होंने सावी जैन व उसके परिजनों को पूरे देश में सबसे बेहतर अंक लाने पर शुभकामनाऐं दी। कहा कि सावी जैन ने अपने परिजनों, स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। सावी जैन द्वारा ऐसा स्वर्णिम शैक्षित परिणाम प्राप्त करने पर उन्होंने छात्रा को मिठाई खिलाई और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने बेटी सावी जैन को शिक्षा क्षेत्र में आगे बढने के लिए हर संभव मदद का भी भरोसा दिलाया। कहा कि वह हमेशा आगे बढने वाले छात्र-छात्राओं के साथ खडे है। इस अवसर पर कुलदीप पंवार, अजीत निर्वाल, अभिनव निर्वाल, अंकित जैन, ललित जैन, नवीन जैन आदि मौजूद रहे।

# चार दिन में मोबाइल व्यापारी को मिली दूसरी रंगदारी की चिट्ठी, परिवार दहशत में

**शामली।** उत्तर प्रदेश के शामली में रंगदारी की चिट्ठियों का सिलसिला फिर शुरू हो गया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के फव्वारा चौक के पास मोबाइल की दुकान चलाने वाले व्यवसायी सुमित को चार दिन के भीतर दूसरी बार रंगदारी की चिट्ठी मिली है। इस घटना से उनका पूरा परिवार दहशत में है, जबकि पुलिस अभी तक अपराधियों तक नहीं पहुंच पाई है।

गुरुवार सुबह सुमित अपनी दुकान पर पहुंचे और शटर उठाया तो उनके होश उड़ गए। दुकान के अंदर एक और रंगदारी की चिट्ठी पड़ी थी। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सदर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चिट्ठी को कब्जे में लिया। यह दूसरी घटना है, क्योंकि चार दिन पहले, सोमवार को भी सुमित को ऐसी ही एक चिट्ठी मिली थी, जिसमें लिखा था, '20 लाख रुपये दो, वरना तुम्हारे पूरे परिवार को खत्म कर देंगे।' उस समय भी सुमित ने पुलिस को सूचित किया था। पुलिस ने दुकान और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और सुमित से उनकी किसी के साथ रंजिश की



जानकारी ली। चार दिन में दूसरी चिट्ठी मिलने से साफ है कि अपराधियों में पुलिस का डर खत्म हो चुका है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की, लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला। डर के मारे सुमित के परिवार ने अपने बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर दिया है। सुमित ने बताया, 'पहली चिट्ठी के बाद से हमारा परिवार दहशत में है। मेरे घरवाले मेरी चिंता में रहते हैं। हमने पुलिस को सब बता दिया, लेकिन वे सिर्फ 'जांच चल रही है' कहकर टाल रहे हैं।'

दूसरी चिट्ठी के जरिए अपराधियों ने शामली पुलिस को खुली चुनौती दी है। चार दिन बीतने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली हैं। स्थानीय व्यापारियों और लोगों में इस घटना से आक्रोश है। अब सवाल यह है कि पुलिस कब तक इन अपराधियों तक पहुंचेगी और पीड़ित परिवार को राहत दिलाएगी।

## विद्यार्थियों के लिए गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

**शामली।** शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या अनिता सिवाच, चेयरमैन सुनील गोयल, शिखर गोयल ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद स्वरूप ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। समारोह में छात्रों के माता-पिता को भी आमंत्रित किया गया




था, जिन्होंने अपने बच्चों के इस गौरवपूर्ण क्षण में सहभागिता की। समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता सिवाच, डायरेक्टर प्रियांक गोयल ने उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को शुभकामनाऐं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रामगढ गांव में युवक-युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शामली।** गुरूवार को क्षेत्र के गांव रामगढ में एक युवक व युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव जहां करोडी अंडरपास के निकट रेलवे ट्रेक पर कटा मिला वही युवती का शव घर के कमरे से बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही युवक के परिजन हत्या का आरोप लगा रहे है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव रामगढ़ निवासी 18 वर्षीय हर्ष पुत्र राजेन्द्र गत बुधवार रात्रि करीब साढे 11 बजे कमरे से गायब हो गया। सवेरे 4 बजे तक भी जब वह वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। परिजन रामभर युवक को फोन मिलाते रहे, लेकिन उसके द्वारा कोई फोन नहीं उठाया गया। बताया जाता है कि गुरूवार तडके थाना आदर्शमंडी पुलिस का फोन आया और उन्होंने युवक का शव करोडी बाईपास पर रेल से कटकर पडा होने की सूचना दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और हर्ष के शव की शिनाख्त की। वहीं दूसरी ओर मौहल्ले के ही 21 वर्षीय युवती सुनीता पुत्री प्रेम सिंह की विषैले पदार्थ का सेवन करने से मौत हो गई। युवक व युवती की





मौत की सूचना पाकर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों के शवों को कब्जे में लिया। पुलिस ने युवती के शव को उसके मकान से बरामद करते हुए फोरेंसिक टीम को बुलाकर मामले की जांच कराई। फिलहाल पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव की एक ही गली के रहने वाले युवती व युवती की मौत से गांव में तरह तरह की चचाऐं व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों में प्रेम प्रसंग चल रहा था। वहीं युवक के परिजनों ने युवती के परिजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बच्चन सिंह कॉलोनी में बाइक सवारों का तांडव, युवक को मारी गोली, बंदूक-लाठी लेकर मचाया उत्पात



**मुज़फ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र की पचेंडा रोड और बच्चन सिंह कॉलोनी मंगलवार देर रात अराजकता की चपेट में आ गई, जब बाइक सवार बदमाशों ने इलाके में जमकर उत्पात मचाया। कहीं लाठियां भांजी गईं, तो कहीं लोगों को पीटा गया और इसी दौरान आधी रात करीब साढ़े 12 बजे यश शर्मा उर्फ पोली नाम के युवक को गोली मार दी गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायल युवक को तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां से उसे गंभीर हालत में हायर सेंटर मेरठ रेफर कर दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार बाइक सवार युवकों ने लाठी-डंडों से लैस होकर मोहल्ले में दहशत फैलाई। कुछ लोगों से मारपीट की गई और एक स्थान पर बदमाशों द्वारा बंदूक लहराते हुए धमकी भी दी गई। घटना का वीडियो और फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे पुलिस को आरोपियों की पहचान में मदद मिल रही है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत के निर्देशन में नई मंडी थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीमों को आरोपियों की तलाश में लगाया गया। पुलिस का कहना है कि बदमाशों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इलाके में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।




## युवक के साथ मारपीट के विरोध में थाने पर धरना-प्रदर्शन, मुकदमा दर्ज

**मोरना।** क्षेत्र के गांव रहमतपुर में आरोपियों ने घर में घुसकर पीडित के साथ गाली गलौज व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की। पीडित के समर्थन में आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी जय भीम संगठन के पदाधिकारियों ने थाने पहुंचकर पीडित को न्याय दिलाने की गुहार लगाई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी अमित कुमार ने दी तहरीर में बताया कि वह भट्टे से ईंटें निकालने का कार्य करता है। गत मंगलवार को गांव का ही अनुज राठी शराब पीकर उनके घर में घुस गया और गुण्डागर्दी करते हुए गाली गलौज करने लगा, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चला गया था। बुधवार को पीडित गांव में ही विजय कुमार के ईंट भट्टे पर रोजाना की तरह ईंटें निकाल रहा था तभी आरोपी अनुज राठी अपने दो अन्य अज्ञात लडकों के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर आया तथा उसके साथ मारपीट शुरू कर दी तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए देख लेने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। पीडित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। आजाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संजय रवि, भीम आर्मी जय भीम संगठन के जिलाध्यक्ष विकास कुमार, सदर अध्यक्ष संजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष डॉ. अनित कुमार, कौशल, राजदुलारी, शर्मिला, रमेश, अमरपाल, सन्नी, राजबीर, लक्ष्मण, मिहन्ती, धर्मेन्द्र, कप्तान सिंह, सोनू कुमार, विजयसिंह आदि इकट्ठा होकर भोपा थाने पहुंचे तथा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए धरने पर बैठ गये। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी अनुज राठी व दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

# गोकशी की साजिश नाकाम, पुरकाजी-भोपा पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर गौकश गिरफ्तार





**मुजफ्फरनगर-** पशु चोरी और गोकशी की दो सनसनीखेज वारदातों का पुलिस ने आज खुलासा कर दिया। थाना पुरकाजी और थाना भोपा की संयुक्त पुलिस टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जंगल में गोकशी की साजिश रच रहे चार आरोपियों में से दो को मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में दबोच लिया। दोनों आरोपियों से अवैध हथियार, नगदी, एक कार, गोकशी के उपकरण और एक जीवित गाय बरामद हुई है। उनके दो साथी मौके से फरार हो गए जिनकी तलाश जारी है। थाना पुरकाजी व थाना भोपा की टीम ग्राम बढीवाला से जिन्दावाला मार्ग पर चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ लोग जंगल में गोकशी की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और देखा कि आरोपियों ने एक गाय को बांध रखा था। पुलिस ने घेराबंदी कर आत्मसमर्पण का आह्वान किया, लेकिन बदमाशों ने पुलिस पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में दो आरोपी घायल हो गए, जबकि उनके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

गिरफ्तार आरोपियों में फरमान पुत्र असलम व जमशेद उर्फ मुल्ला पुत्र रफीक, दोनों थाना लिसाड़ी गेट, मेरठ के निवासी हैं। इनके पास से 2 तमंचे 315 बोर, 2 जिन्दा और 2 खोखा कारतूस, रूपये 3300 नकद, टोयोटा इटियॉस कार, गोकशी के उपकरण और एक जीवित गाय बरामद हुई है। पुलिस की जांच में सामने आया कि ये वही आरोपी हैं जिन्होंने 4-5 मई और 6-7 मई की रातों को क्रमशः भोपा क्षेत्र से एक भैंस चोरी कर उसका मांस बेचा और पुरकाजी क्षेत्र से एक गाय की गोकशी की। इन दोनों घटनाओं के संबंध में केस दर्ज कर जांच चल रही थी। गिरफ्तार आरोपी फरमान व जमशेद उर्फ मुल्ला पर पहले से ही दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। इनमें गोकशी, हथियार अधिनियम, बिजली चोरी, गैंगस्टर एक्ट, चोरी, और अवैध मांस व्यापार जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे एक संगठित गिरोह का हिस्सा हैं, जो पशुओं की चोरी कर उन्हें मारकर अवैध रूप से मांस बेचता है। ये गिरोह छुट्टा गोवंश को भी पकड़कर गोकशी करता है और मुनाफा कमाता है। फरार दो आरोपियों आमिर उर्फ लाल और बल्लू की गिरफ्तारी के लिए कांबिंग की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना पुरकाजी में एफआईआर संख्या 91/25 के तहत गौवध निवारण अधिनियम, आयुध अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस सफल ऑपरेशन में पुरकाजी और भोपा थानों के उपनिरीक्षक और कांस्टेबल शामिल थे, जिनमें प्रमुख नाम हैं, उनि शिवकुमार शर्मा, शिवराज सिंह, नवीन कुमार, साजिद खान, सुमित चौधरी आदि।

# पुलिस चेकिंग में भाजपा नेता ने दिखाया सत्ता का रोब, पुलिस को दी गालियां, वीडियो वायरल



**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली क्षेत्र की एक सामान्य पुलिस चेकिंग सोमवार को अचानक सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई, जब भाजपा नेता का पुलिसकर्मियों से बदसलूकी करते हुए एक वीडियो वायरल हो गया। वायरल वीडियो में नेता जी न सिर्फ पुलिस पर रौब गांठते नजर आए, बल्कि उन्होंने खुलेआम अपशब्दों का प्रयोग करते हुए पुलिसकर्मियों पर अवैध वसूली के आरोप तक लगा दिए। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के रामलीला टिल्ला चौकी की है, जहां उपनिरीक्षक जय शर्मा अपने दल के साथ चुंगी नंबर दो पर नियमित वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान भाजपा नेता अजय सागर का चचेरा भाई चेकिंग में रुक गया, जिससे नाराज़ होकर अजय सागर मौके पर पहुंचे और पुलिसकर्मियों से तीखी बहस शुरू कर दी। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि भाजपा नेता स्कूटर पर बैठकर पुलिसकर्मियों को न सिर्फ खरी-खोटी सुना रहे हैं, बल्कि ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को दलाल तक कह रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि हमको मत बताओ दरोगा जी कि अवैध वसूली क्या होती है, हम सब जानते हैं। मैं भाजपा नेता हूं, और सब समझता हूं कि आप वर्दी की आड़ में क्या करते हो।

पुलिसकर्मियों ने शांतिपूर्वक चेकिंग करने और सभी वाहन चालकों के कागजात व ड्राइविंग लाइसेंस की जांच करने की बात कही, लेकिन अजय सागर का आक्रामक रवैया बना रहा। उन्होंने खुद को भाजपा नेता बताते हुए यह तक कहा कि वह राह चलता नहीं, अर्थात उन्हें सब मालूम है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच चौकी प्रभारी मोहित सहरावत की सूझबूझ ने स्थिति को नियंत्रण में रखा। उन्होंने नेता जी को संयम बरतने और आगे से पहचान देकर व्यवहार करने की सलाह दी, जिससे मामला वहीं रफा-दफा हो गया। घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि जब सत्ता से जुड़े लोग ही कानून व्यवस्था की अवहेलना करेंगे, तो आम नागरिकों के लिए अनुशासन का क्या महत्व रह जाएगा?

## तितावी पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा घायल

### अवैध शस्त्र और बाइक बरामद

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस ने एक बार फिर सक्रियता दिखाते हुए जिले में सक्रिय एक शातिर चोर और लुटेरे को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। थाना तितावी पुलिस द्वारा अमीरनगर मार्ग पर हुई इस कार्रवाई में आरोपी पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गया। उसके पास से अवैध तमंचा और एक बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। थाना तितावी पुलिस बघरा-अमीरनगर मार्ग पर चेकिंग कर रही थी तभी एक पल्सर बाइक सवार तेज रफ्तार में आता हुआ दिखा। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, मगर बाइक सवार तेजी से भाग निकला। पीछा करने पर आरोपी की बाइक असंतुलित होकर गिर गई और वह खेतों की ओर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी की, तब आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी घायल हो गया।

घायल आरोपी की पहचान अमित पुत्र कर्मवीर, निवासी ग्राम जड़ौदा, थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अमित पर पहले से ही 7 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट और हत्या के प्रयास जैसी गंभीर धाराएं शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी के पास से 315 बोर का तमंचा, 01 जिन्दा और 01 खोखा कारतूस, और बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

# क्रेडिट कार्ड को बंद करने का झांसा देकर उड़ाई हजारों की रकम

**बैंक शाखा मे क्रेडिट कार्ड बनाने वाली महिला कर्मचारी पर रैकेट चलाने का है आरोप, पुलिस जांच मे जुटी**

**मोरना।** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा पर विश्वास कर शाखा के महत्वपूर्ण काउंटर पर मौजूद युवती द्वारा झूंठ बोलकर बनाये गये क्रेडिट कार्ड को प्रयोग न करने पर भी हजारों की रकम चार्ज के रूप मे स्वत ही खाते से काटने के बाद कार्ड को बंद कराने गये पीड़ित के इनकार करने के बावजूद दूसरा क्रेडिट कार्ड बनाकर उससे हजारों की बड़ी रकम को उड़ा दिया गया है।पीड़ित ने फ्राड करने वाले व्यक्तियो को नामजद करते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला सुभाष चौक निवासी काजी मौ.अमजद ने थाने पर दी तहरीर मे बताया की कस्बे मे स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा मे उसका बचत खाता है।बीते वर्ष उसे बैंक शाखा मे बुलाया गया था और शाखा के बेहद सम्मानित ग्राहक बताकर वहां मौजूद एक महिला कर्मचारी द्वारा क्रेडिट कार्ड की सुविधा देने को कहा गया। सुविधा लेने से इनकार करने पर निशुल्क सुविधा प्रदान करने का झूठ बोलकर क्रेडिट कार्ड बना दिया गया। कार्ड को प्रयोग मे न करने पर भी पीड़ित के खाते से साढ़े तीन हजार रूपये की रकम को स्वत ही काट लिया गया। पीड़ित ने शाखा मे जाकर कार्ड बंद करने की गुहार लगाई, जिसके बाद पीड़ित के मोबाइल पर एक व्यक्ति लगातार कार्ड बंद करने को सम्पर्क करता रहा तथा उस व्यक्ति ने पुराना कार्ड बंद करने के नाम पर एक नया कार्ड भी भेज दिया, जिसके बाद बीते नो मई को पीड़ित के खाते से साढ़े तीन हजार रूपये खाते से काट लिए गये। जानकारी करने पर यह भी पता चला की नए कार्ड से साठ हज़ार से अधिक की रकम को अलग-अलग समय पर निकाला गया है। पीड़ित ने क्रेडिट कार्ड बनाकर साइबर फ्रॉड करने वाली शाखा से जुडी महिला कर्मचारी व उसके साथी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस मामले की जांच मे जुट गयी है।

# अधिकारियों ने की बैठक, 5 जून को होगा मुख्य स्नान

## 7 लाख 67 हजार का होगा ज्येष्ठ गंगा दशहरा स्नान मेले का बजट



**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ में जिला पंचायत की ओर से आयोजित किये जाने वाले ज्येष्ठ गंगा दशहरा स्नान मेले की तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भवन में किया गया, जिसमें मेले की तैयारियों को लेकर सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये। 3 जून को मेले का उद्घाटन किया जाएगा तथा 5 जून को मुख्य स्नान होगा। सुरक्षा व सफाई को लेकर विशेष ध्यान देने पर बल दिया गया। तीर्थनगरी शुकतीर्थ में जिला पंचायत के द्वारा ज्येष्ठ गंगा दशहरा स्नान मेले का आयोजन किया जाना है, जबकि मुख्य स्नान 5 जून को होगा। बैठक में जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी योगेश कुमार ने बताया कि मेले के लिए 7 लाख 67 हजार रूपये का बजट रखा गया है। बैठक में वन, स्वास्थ्य, पशुपालन, नगर पंचायत, विद्युत, एमडीए, पुलिस व प्रशासन विभाग को तैयारी में जुटने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। एसडीएम जानसठ जयेन्द्र सिंह ने कहा कि मेले में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जायेंगे। गंगा घाट पर गोताखोर, नाव, पीएसी मोटरबोट की व्यवस्था रहेगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि 3 जून को ज्येष्ठ गंगा स्नान मेले का विधिवत शुभारम्भ किया जाएगा, जबकि 5 जून को मुख्य स्नान होगा। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था की जाएगी। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

मेले को व्यवस्थित व बेहतर बनाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिये गये हैं। बैठक में बीडीओ मोरना विशाखा, जिला पंचायत अभियंता पवन कुमार गोयल, अवर अभियंता वाशिद, सुरेन्द्र कुमार, संदीप कुमार, गौरव निर्वाण, डॉ. जितेन्द्र गुप्ता, जाहिद अली, डॉ. रविदीप सिंह, अंकुलचंद शर्मा, ध्यानचंद, डिप्टी रेंजर दीपक कुमार, प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, ओमदत्त आर्य, एडीओ पंचायत योगेश्वरदत्त त्यागी, अक्षय कुमार शर्मा, मडल अध्यक्ष अरुण पाल, रविन्द्र चौधरी, वीरपाल सहरावत, विपुल सहरावत, अमित सालार, पं. विनोद शर्मा, आचार्य अचल शास्त्री, जेई इमरान अख्तर, राशिद, धर्मेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## शाहपुर में सैन समाज की बैठक आयोजित, सूरजवीर पहलवान को प्रधान पद के लिए मिला आशीर्वाद

**शाहपुर।** क़स्बा शाहपुर में गुरुवार को सैन समाज की एक अहम बैठक बालियान खाप के मंत्री हरिओम पुंडीर के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में शुक्रताल धर्मशाला मंदिर के आगामी चुनाव को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता जगदीश प्रधान माजरा ने की, जबकि संचालन सुशील कुमार मंसूरपुर वाले ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सूरजवीर पहलवान पुरबालियान को शुक्रताल धर्मशाला मंदिर के चुनाव में प्रधान (अध्यक्ष) पद के लिए समाज का आशीर्वाद दिया जाए। उपस्थित सभी लोगों ने सूरजवीर पहलवान को विजयी बनाने का संकल्प लिया और एकजुटता का परिचय दिया। इस अवसर पर सोमदेव रसूलपुर, सुनील प्रधान, जगदीश प्रधान, राजबीर सिंह, सुशील कुमार, रविन्द्र कुमार, राजेश, नंदकिशोर, शियान नद, शगुन पुंडीर, शिवा पुंडीर, पप्पन कुमार, सोनू, ओमेंद्र, विशाल और अंकित सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने समाज में एकता, सहयोग और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा धर्मशाला के विकास हेतु अपने-अपने सुझाव भी दिए।



## एसडीएम संजय सिंह को सौंपा ज्ञापन

**खतौली।** मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की वरिष्ठ अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणी से आक्रोशित कांग्रेसियों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन एसडीएम संजय सिंह को सौंपकर सख्त कार्यवाही कराए जाने की मांग की है। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेश खारी ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणी पूरे नारी समाज का अपमान है। देश की महान सैनिक का अपमान करके मंत्री विजय शाह ने अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है। मंत्री विजय शाह की अभद्र टिप्पणी से करोड़ों भारतीयों की भावनाएं आहत हुई हैं। कांग्रेसियों ने ज्ञापन में विजय शाह को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर इनके विरोध सख्त कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेश खारी के नेतृत्व में एसडीएम संजय सिंह को ज्ञापन सौंपने वालों में सतीश सहरावत, मंजीत सिंह काके, नितिन कटारिया बडसू, गुरमीत सिंह बिट्टू, धर्म सिंह, राजेंद्र सैनी, चौधरी सतेंद्र, शहज़ाद कामिल, बी डी आर्य, इमरान त्यागी आदि कांग्रेसी शामिल रहे।

## किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

**मोरना।** क्षेत्र के एक गांव में पडोसी युवक ने किशोरी को बहला फुसलाकर मकान की छत पर ले जाकर उसके दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया तथा घटना के बारे में किसी को बताने पर उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पीडिता की मां ने आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि पडोस के ही युवक सागर ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ गत 4 मई को रात्रि में पडोसी कम्पन्न के मकान की छत पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी बीच उसकी आंख खुल गई, तो वह अपने देवर को लेकर छत पर पहुंची, तो किशोरी के रोने की आवाज सुनाई दी तथा मौके पर सागर को दुष्कर्म करते हुए पाया, तो वह मौके से फरार हो गया। इसके बाद अगले दिन जब सागर के परिजनों से शिकायत की तो वहां मौजूद कम्पन्न व विपिन ने उन्हें कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी तथा वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी सागर, कम्पन्न व विपिन के विरूद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि किशोरी की डॉक्टरी करा दी गई है। आरोपी सागर, कम्पन्न व विपिन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

## हौज में पड़ा मिला शव, सनसनी


**खतौली।** अपने खेत में कुत्ता फार्म चलाने वाले ग्रामीण व्यक्ति का शव पानी की हौज में पड़ा मिलने से ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर कैलोरा निवासी 35 वर्षीय अनुज पुत्र यशपाल ने अपने खेत में कुत्ता फार्म बना रखा है। बताया गया कि कुत्ता पालन के चलते अनुज अक्सर रात को फार्म पर ही रुक जाता था। बीते बुधवार को फार्म पर आया अनुज गुरुवार प्रात तक घर वापस नहीं लौटा। पिता यशपाल के खेत पर जाने पर अनुज कहीं नहीं दिखाई दिया। बताया गया कि अनुज का शव कुत्ता फार्म में बने पानी की हौज में पड़ा देख पिता यशपाल की चीख निकल गई। अनुज का शव हौज में पड़ा मिलने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। अनुज की अचानक मौत की खबर इसके घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रोते पीटते परिजन मौके पर पहुंच गए। भाकियू नेता अंकुश प्रधान के सूचना देते ही आनन फानन कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा मौके पर पहुंच गए। बताया गया कि मृतक अनुज का मोबाईल फोन भी पानी की हौज में पड़ा हुआ मिला है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। दूसरी और चर्चा है कि मृतक अनुज के पिता यशपाल ने अपने पुत्र की हत्या किए जाने की आशंका जताई है।

## कर्नल सोफिया पर टिप्पणी को लेकर अधिवक्ताओं में रोष

**बुढ़ाना।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह की आपत्तिजनक टिप्पणी के विरुद्ध रोष जताते हुए अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने मंत्री को बर्खास्त करने व मुकदमा दर्ज करने की मांग की। तहसील परिसर में एकत्र अधिवक्ताओं ने गुरुवार को सेना की बहादुर बेटी के अपमान पर नाराजगी जताई। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद त्यागी के नेतृत्व में उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी देश के लोग बर्दास्त नही करेंगे। इस दौरान प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की गई। उन्होंने मांग की है कि मंत्री विजय शाह को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए और मुकदमा दर्ज किया जाए। इस दौरान अध्यक्ष विनोद त्यागी, महासचिव ओमपाल मलिक, जाकिर, बाबूसिंह राठी आदि मौजूद रहे।

## हैदरपुर वेटलैंड में नहीं मिला बर्ड फ्लू का खतरा, अधिकारी सतर्क

**मीरापुर।** उत्तर प्रदेश में बर्ड फ्लू को लेकर जारी अलर्ट के बाद जिले के प्रसिद्ध हैदरपुर वेटलैंड में वन्य एवं प्रवासी पक्षियों में किसी भी प्रकार की बीमारी या असामान्य मृत्यु दर की जांच के लिए पशुपालन विभाग और वन विभाग की संयुक्त टीम ने दौरा किया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में यह टीम गंगा बैराज के निकट स्थित इस जल प्लावित क्षेत्र में पहुंची। इस दौरान पक्षियों के स्वास्थ्य का गहन निरीक्षण किया गया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्षी में बर्ड फ्लू या अन्य किसी बीमारी के लक्षण नहीं पाए गए हैं और न ही किसी सामूहिक मृत्यु की घटना सामने आई है। टीम के निरीक्षण के दौरान वन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। डॉ. गुप्ता ने निर्देश दिए कि वेटलैंड में लगातार निगरानी रखी जाए, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके। साथ ही, पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नजदीकी मुर्गी फार्मों और प्राकृतिक जल स्त्रोतों का भी नियमित निरीक्षण करें तथा बर्ड फ्लू से संबंधित जागरूकता फैलाएं। जानसठ क्षेत्र के वन क्षेत्र अधिकारी आरिफ जमाल ने बताया कि अब तक क्षेत्र में बर्ड फ्लू के कोई लक्षण नहीं मिले हैं, लेकिन एहतियात के तौर पर निगरानी और सुरक्षा के सभी उपाय अपनाए जा रहे हैं। वेटलैंड घूमने आने वाले पर्यटकों को सैनिटाइज कराया जा रहा है, ताकि संक्रमण का कोई खतरा न रहे।



# आंखों में नजर आने वाले डॉट्स हो सकते हैं आई फ्लोटर्स के संकेत

**आई फ्लोटर्स आंखों की एक समस्या है, जो कई लोगों को प्रभावित कर सकती है। यह समस्या तब होती है, जब आंखों के अंदर के चिपचिपे पदार्थ के संतुलन में दिक्कत होने लगती है। आइए जानते हैं इसके कारणों और बचाव के लिए क्या खाएं इसके बारे में।**

कई बार आंखों में डॉट्स नजर आते हैं, लेकिन लोग ऐसा क्यों हो रहा है, इसके कारणों को समझ नहीं पाते हैं। ऐसा आई फ्लोटर्स के कारण हो सकता है। आंखों में जब विट्रोस ह्यूमर जमा होने लगे, तो ऐसी स्थिति को आई फ्लोटर्स कहते हैं। विट्रोस ह्यूमर एक तरह का चिपचिपा पदार्थ होता है, जो आंख के पिछले हिस्से में भर जाता है और आंखों के लगभग दो-तिहाई भाग में फैल जाता है। जिन लोगों को यह समस्या होती है उन्हें आंखों में धब्बे या डॉट्स नजर आने लगते हैं। आई मूवमेंट के दौरान इन डॉट्स को देखा जा सकता है।

## आई फ्लोटर्स के लक्षण

आई फ्लोटर्स के लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं। इसके लक्षणों में आंखों के सामने डॉट या धब्बा नजर आना शामिल है। यह समस्या एक या दोनों आंखों में हो सकती है। इसके अलावा लाइट या आसमान की ओर देखने पर आंखों में धागे जैसी संरचना भी नजर आ सकती है।

## आई फ्लोटर्स के कारण

- आंख से चिपचिपा पदार्थ आना
- आंख में लगी कोई चोट
- आंखों से ब्लीडिंग होना
- आई इंफेक्शन होना
- आंखों में सूजन होना

## बचाव के लिए इन फूड्स का करें सेवन

**मछली** - मछलियों में ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है, जो आंखों की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। इसके लिए आप टूना, सैल्मन आदि मछलियों का सेवन कर सकते हैं।

**गाजर** - आंखों के लिए गाजर अच्छा होता है। इसमें विटामिन ए और बीटा कैरोटीन दोनों ही भरपूर मात्रा में होते हैं। ये पोषक तत्व आंखों को कई बीमारियों से बचाता है

**नट्स** - आंखों की अच्छी सेहत के लिए नट्स और फलियां को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इनमें ओमेगा-3 फैटी एसिड की मात्रा मौजूद होती हैं और नट्स में विटामिन-ई भी हाई होता है।

**खट्टे फल** - खट्टे फल जैसे संतरा, नींबू और आंवला भी विटामिन सी से भरपूर होता है, जोकि आंखों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।



**कुछ ऐसे हर्ब्स और सब्जियां होती हैं, जिनमें अद्भुत शक्तियां होती हैं। इनका पानी पीने से आपकी इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग हो सकती है। ये हर्ब्स और सब्जियां भिंडी, अदरक, दालचीनी, पीपली और पुदीना हैं, जो आपके मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करती हैं।**

# इन 5 तरह के पानी से हर मौसम में बीमारियां रहेंगी दूर, आप भी बनाकर करें ट्राई

हेल्दी मेटाबॉलिज्म और बढ़िया इम्यूनिटी पाने के लिए हम अपने आहार में कई तरह के सप्लीमेंट्स को शामिल करते हैं। जरूरी नहीं कि ये सप्लीमेंट्स हर व्यक्ति को सूट करें। इसकी बजाय आप नेचुरल रेमेडी का सहारा ले सकते हैं। कुछ ऐसे हर्ब्स और सब्जियां होती हैं, जिनमें अद्भुत शक्तियां होती हैं। इनका पानी पीने से आपकी इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग हो सकती है। ये हर्ब्स और सब्जियां भिंडी, अदरक, दालचीनी, पीपली और पुदीना हैं, जो आपके मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। इस आर्टिकल में आइए इन इंग्रीडिएंट्स के बेनिफिट्स जानें और इन्हें कैसे आहार में शामिल करना है, जानें।

## भिंडी

भिंडी पोषक तत्वों से भरपूर सब्जी है जो विटामिन, खनिज और डाइट्री फाइबर का अच्छा स्रोत है। विटामिन-ए, सी और के से भरपूर, भिंडी इम्यूनिटी फंक्शन और त्वचा के स्वास्थ्य का समर्थन करती है। इसका घुलनशील फाइबर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने और पाचन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करता है। जब मेटाबॉलिज्म की बात आती है, तो भिंडी ब्लड शुगर के स्तर को स्थिर करने और इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाने में सहायता करती है। यह इंसुलिन स्पाइक्स और क्रैश को रोक सकता है, जो संतुलित मेटाबॉलिज्म को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।





## पिपली

इसे लॉन्ग पेपर के नाम से भी जाना जाता है और इसके कई स्वास्थ्य लाभ हैं। पिपली में पिपेरिन होता है, जो पोषक तत्वों की जैव उपलब्धता को बढ़ाने और मेटाबॉलिक रेट को बढ़ाने की क्षमता के लिए जाना जाता है। पिपेरिन पाचन में सहायता करने और पोषक तत्वों के अवशोषण में सुधार करने के लिए अच्छा है। यह थर्मोजेनेसिस को भी उत्तेजित कर सकता है, जिससे कैलोरी बर्न करने में वृद्धि होती है और मेटाबॉलिक फंक्शन में सुधार होता है।

## अदरक

अदरक को सदियों से इसके औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। इसमें जिंजरोल और शोगोल जैसे बायोएक्टिव यौगिक होते हैं जिनमें सूजन-रोधी और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव होते हैं। अदरक पाचन एंजाइम्स के उत्पादन को उत्तेजित करके पाचन में सहायता करता है। इसके अतिरिक्त, अदरक में थर्मोजेनिक गुण होते हैं, जिसका अर्थ है कि यह शरीर के तापमान को बढ़ा सकता है और कैलोरी बर्निंग को बढ़ावा देता है। यह वॉर्मिंग प्रभाव मेटाबॉलिक रेट को बढ़ा सकता है और वजन प्रबंधन में हेल्प कर सकता है।

## दालचीनी

दालचीनी सिर्फ एक मसाला नहीं है, यह स्वास्थ्य लाभों का एक पावरहाउस है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट और ऐसे यौगिक होते हैं जो इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करते हैं, सूजन को कम करते हैं और ब्लड शुगर के स्तर को स्थिर करते हैं। दालचीनी ग्लूकोज के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती है, जो ब्लड शुगर में गिरावट के कारण होने वाले अधिक खाने को रोक सकती है।

## पुदीना

पुदीना न केवल ताजगी देता है बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। इसमें मेन्थॉल जैसे यौगिक होते हैं जो पाचन तंत्र को सुधारने में मदद कर सकते हैं, सूजन को कम कर सकते हैं और अपच से राहत दिला सकते हैं। इसके अलावा, पुदीने का औषधीय पानी स्वाद को बढ़ाता है, पेट को गर्मी से राहत पहुंचाता है और पाचन को दुरुस्त रखता है।

### ये सामग्रियां कैसे करती हैं काम

### ब्लड शुगर रेगुलेशन

भिंडी, दालचीनी और अदरक ब्लड शुगर के स्तर को स्थिर करने के लिए प्रभावी तरीके से काम करते हैं। यह इंसुलिन स्पाइक्स को रोकने में मदद कर सकते हैं और साथ ही बैलेंस्ड मेटाबलॉलिज्म को सपोर्ट करते हैं।

### पाचन स्वास्थ्य

अदरक, पुदीना और पिपली स्वस्थ पाचन और पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ावा देते हैं। अगर आपका पाचन तंत्र अच्छा है, तो आपका मेटाबॉलिज्म भी अच्छा होगा, जो वेट मैनेज करने के लिए अच्छा हो सकता है।

### थर्मोजेनेसिस

अदरक, दालचीनी और पिपली थर्मोजेनेसिस को बढ़ाते हैं। इसका मतलब है कि इन इंग्रीडिएंट्स से कैलोरी बर्निंग रेट में वृद्धि होती है। इससे मेटाबॉलिज्म रेट भी बढ़ता है।

### कैसे पी सकते हैं ये मेडिसिनल पानी?

इन चीजों को आप कुकिंग में भी उपयोग कर सकते हैं। मगर सबसे अच्छा तरीका है कि आप इन मेडिसिनल वॉटर को डिटॉक्स ड्रिंक के रूप में पिएं। सुबह ये पानी पीने से न सिर्फ शरीर टॉक्सिन्स को बाहर निकालेगा, पर आप पूरे दिन के लिए तैयार होंगे।



# क्या तनाव की वजह से बीपी लो भी हो सकता है?

तनाव सेहत के लिए अच्छा नहीं होता है। इसकी वजह से बीपी बढ़ जाता है और दिल पर भी असर होता है। इतना ही नहीं, स्ट्रेस के कारण, हमारी ओवरऑल हेल्थ भी खराब होती है। हम सभी यह बात जानते हैं कि तनाव लेने से ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। आपने अक्सर घर में बड़े-बुजुर्गों को भी यह बात कहते सुना होगा। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इसकी वजह से बीपी कम भी हो सकता है। जी हां, सेहतमंद रहने के लिए, तनाव से दूर रहना बहुत जरूरी है। इसके अलावा, बीपी लेवल का भी अधिक या कम होना सही नहीं है। क्या अधिक तनाव, लो बीपी का कारण भी बन सकता है, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं।

## क्या स्ट्रेस की वजह से बीपी लो भी हो सकता है?

- स्ट्रेस को हमेशा हाई बीपी से जोड़कर देखा जाता है। लेकिन, इसकी वजह से कुछ लोगों को हाइपोटेंशन यानी लो बीपी की दिक्कत भी हो सकती है।
- अधिक तनाव की वजह से बीपी हाई होता है क्योंकि इसके कारण, स्ट्रेस हार्मोन रिलीज होते हैं। लेकिन, लंबे वक्त तक तनाव में रहना उल्टा असर भी दिखा सकता है।
- जब हम लंबे समय तक तनाव में रहते हैं, तो इसके कारण, शरीर में काफी कमजोरी आ जाती है और एड्रेनल ग्लैंड्स, पर्याप्त मात्रा में भी स्ट्रेस हार्मोन नहीं बना पाती हैं।
- जिस तरह स्ट्रेस हार्मोन का बढ़ना सही नहीं है, उसी तरह, इसके सामान्य से कम होने के भी नुकसान होते हैं।
- इसके कारण, शरीर में हार्मोनल इंबैलेंस होता है और इस हार्मोनल इंबैलेंस के कारण, बीपी लो हो जाता है।
- बहुत अधिक तनाव, वासोवागल सिंकोप का भी कारण बन सकता है। इसकी वजह से नर्व्स, दिल को धीमे धड़कने का सिग्नल देती हैं और ब्लड वेसल्स चौड़ी हो जाती हैं।
- इसके कारण, बीपी अचानक से ड्रॉप हो जाता है और दिल की धड़कन धीमी हो जाती है। इसकी वजह से मस्तिष्क में ब्लड फ्लो कम हो जाता है और थकान, कमजोरी व बेहोशी हो सकती है।
- वहीं, कई बार अधिक स्ट्रेस में रहने के कारण, व्यक्ति मील्स स्किप करने लगता हैं, डिहाइड्रेट रहता है और नींद भी पूर नहीं होती है। इसकी वजह से भी बीपी लो हो सकता है।
- जिन लोगों का बीपी पहले से ही लो रहता है, वे अगर स्ट्रेस लें तो दिक्कत और बढ़ सकती है।



# नहीं छूट रही है जंक फूड की लत ये टिप्स आएंगे आपके काम

**खास मौके पर अपने पसंदीदा फूड का मजा लेने में कोई हर्ज नहीं है, पर यह आपके नियमित आहार का हिस्सा बन जाए तो फिर ऐसी लत आपके सेहत के लिए नुकसानदेह हो जाती है। जी हां, हम बात कर रहे हैं जंक फूड की लत की जो आज के समय में बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को अपना शिकार बना चुकी है।**

इस लत के चलते लोग पेट से जुड़ी समस्याओं से लेकर डायबिटीज और दूसरी गंभीर बीमारियों का तेजी से शिकार हो रहे हैं। ऐसे में समय रहते इस लत पर काबू पाना बेहद जरूरी है, पर स्वाद और शौक के चलते यह लत आसानी से नहीं छूट पाती है। अगर आपके साथ भी कुछ ऐसी ही समस्या पेश आ रही है तो हमारा यह आर्टिकल आपके बेहद काम आ सकता है। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं जो जंक फूड की लत को छोड़ने में मददगार हो सकते हैं।

## प्रोटीन का सेवन बढ़ाएं

प्रोटीन सबसे अधिक संतुष्टिदायक पोषक तत्व है, जो आपके आहार शैली पर और भोजन विकल्पों पर इसका शक्तिशाली प्रभाव पड़ता है। मेडिकल क्षेत्र में किए गए शोध बताते हैं कि प्रोटीन का सेवन फूड क्रेविंग और अतिरिक्त भूख की इच्छा को कम करने में सहायक होता है। इसलिए फास्ट फूड की क्रेविंग को कम करने के लिए आपको प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए। इसके लिए आहार में अंडे, दूध, दही, पनीर, नट्स और बीज जैसी चीजों को शामिल कर सकते हैं।

## मानसिक तनाव कम करें

तनाव की स्थिति में फूड क्रेविंग की अधिक इच्छा होती है, ऐसे में क्रेविंग पर काबू पाने के लिए तनाव पर नियंत्रण पाना जरूरी है। इसलिए जब भी आपको तनाव महसूस हो तो कुछ खाने की सोचने से पहले खुद को तनाव मुक्त करने की कोशिश करें। इसके लिए आप डीप ब्रीदिंग को आजमा सकते हैं, डीप ब्रीदिंग तनाव को तुरंत नियंत्रित करने में काफी मददगार होती है। इसके अलावा तनाव महसूस होने पर आप अपना पसंदीदा गाना सुन सकते हैं या फिर अपने पसंद की गतिविधि में समय बिताना भी तनाव से राहत दिला सकता है।

## भरपूर नींद लें

नींद की कमी शारीरिक और मानसिक समस्याओं की वजह बनने के साथ ही आपके व्यवहार में भी बड़ा बदलाव लाता है। ऐसे में अक्सर लोग या तो भूख से कम खाते हैं या फिर अतिरिक्त भूख की इच्छा उन्हे सताती है। दोनों ही स्थिति में जंक फूड का सेवन बढ़ सकता है, क्योंकि जब भोजन कम लेते हैं तो आपको बाहरी चीजें खाने का मन करता है। इसके अलावा जब आपको अतिरिक्त भूख लगती है तो भी आप जंक फूड के बारे में ही सोचते हैं। इसलिए इस लत पर काबू पाने के लिए जरूरी है कि आप अपनी नींद को पूरी करें और जीवनशैली को संयमित रखें।

## हेल्दी स्नैक्स को चुने

क्रेविंग होने पर जंक फूड खाने से बचने के लिए जरूरी है कि आप इसके हेल्दी स्नैक्स विकल्पों को चुने। इसके लिए आप फल, स्मूदी, भुने हुए नट्स, ड्राई फ्रूट्स से बने लड्डू का सेवन कर सकते हैं। ऐसी चीजों के सेवन से जहां क्रेविंग आसानी से शांत होगी तो वहीं इससे शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषण भी मिलेगा।

# जिलाधिकारी ने फ्लैट बायर्स की समस्या सुन, बिल्डर्स को रजिस्ट्री के दिए कड़े निर्देश




**गौतमबुद्धनगर।** फ्लैट बायर्स की लगातार बिल्डर्स द्वारा रजिस्ट्री ने करने की लगातार शिकायतें प्राप्त होने पर आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण एवं ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण तथा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के 95 बिल्डर्स की बैठक आयोजित हुई, जिसमें तीनों प्राधिकरणों के प्रतिनिधिगण तथा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अतुल कुमार, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन (प्रथम) बीएस वर्मा, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन (द्वितीय) ब्रिजेश कुमार के साथ जनपद गौतमबुद्धनगर के समस्त उप निबन्धक तथा विहान ग्रीन्स, रतन बिल्डटेक प्रा0लि0, यमुना बिल्डटेक (मिगसन) प्रा0लि0, एस0 जे0पी0 होटल्स एण्ड रिसोर्ट्स, महालक्ष्मी इन्फ्राहोम प्रा0लि, ए0जी0सी0 रियल्टी प्रा0लि, ए0टी0एस0, देविका गोल्ड होम्स प्रा0लि0, के0वी0आई0आर0 टावर्स प्रा0लि0, टेक्नोसिटी अपार्टमेंट, आई0आई0टी0एल0 निम्बस द एक्सप्रेस पार्क व्यूव, कैपिटल इन्फ्राप्रोजेक्ट्स प्रा0लि0, रूद्रा बिल्डवेल इन्फ्रा प्रा0लि0, अरिहन्त इन्फ्रा रियल्टर्स प्रा0लि0, महागुन माईवुड्स इत्यादि बिल्डर्स के बिल्डर्स प्रतिनिधि एवं अनिबन्धित बिल्डर्स फ्लैट के आवंटीगण द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। जिन बिल्डर्स के प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित नहीं हुए उनके विरूद्ध जिलाधिकारी ने कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने दिनांक 09.05.2025 तक ओ0सी0सी0सी0 प्राप्त एवं सब लीज डीड की अनुमति प्राप्त नोएडा/ग्रेटर नोएडा/यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के बिल्डर प्रोजेक्ट्स के बकाया समस्त फ्लैट्स की रजिस्ट्री 31 मई, 2025 तक करने के कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा मल्टीस्टोरी बिल्डर प्रोजेक्ट के प्रोमोटर/बिल्डर को कड़ी चेतावनी दी गयी कि आगामी 15 दिवस में बकाया फ्लैटों की रजिस्ट्री न कराने पर भारतीय स्टाम्प अधिनियम एवं रेरा अधिनियम के प्राविधानों के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस सम्बन्ध में नोएडा प्राधिकरण के 30 बिल्डर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण/यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के 65, बिल्डर को स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों द्वारा बकाया फ्लैटों की रजिस्ट्री कराने हेतु नोटिस जारी किया गया है।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित समस्त आवंटीगणों एवं बिल्डर्स प्रतिनिधियों को सुना तथा आवंटियों के अनिबन्धित फ्लैटों की रजिस्ट्री कराने हेतु तत्सम्बन्धित बिल्डर्स के प्रतिनिधियों को कड़े निर्देश दिए।

सहायक महानिरीक्षक निबंधन प्रथम व द्वितीय द्वारा बिल्डर्स को सूचना दिया गया कि तीनों प्राधिकरणों की ग्रेटर नोएडा व नोएडा प्राधिकरण में इन फ्लैटों के निबन्धन के लिये आवश्यकतानुरूप कैम्प का आयोजन किया जायेगा। बैठक में उच्चाधिकारियों द्वारा उप निबन्धकों को निर्देशित किया गया कि बकाया फ्लैटों की रजिस्ट्री के सम्बन्ध में बिल्डर एवं आवंटियों की प्रत्येक समस्या का तत्काल निदान करें।

# ग्रेनो वेस्ट में नहीं पहले बोड़ाकी तक दौड़ेगी मेट्रो

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक मेट्रो चलाने की लंबे समय से मांग की जा रही है, लेकिन ग्रेनो वेस्ट से पहले ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से लेकर बोड़ाकी तक मेट्रो चलेगी। अगले सप्ताह होने वाली बैठक में केंद्र से मंजूरी मिलते ही इसके निर्माण की तैयारियां शुरू कर दी जाएंगी। जिले में ग्रेटर नोएडा वेस्ट, बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर-142 और ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक तीन नए मेट्रो के रूट पर काम चल रहा है। इनकी डीपीआर भी सरकार को भेजी जा चुकी है। अगले सप्ताह होने वाली केंद्रीय बैठक में बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर-142 और ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो के दो प्रोजेक्ट की प्रेजेंटेशन के लिए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को बुलाया गया है।

लेकिन, ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक मेट्रो चलाने के बारे में कोई चर्चा नहीं है। केंद्र सरकार से इसी महीने ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक मेट्रो रूट को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। यह 2.6 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ट्रैक होगा। केंद्र की मंजूरी के बाद नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) इस रूट के लिए डिजाइन कंसल्टेंट की नियुक्ति करेगा। इसके बाद निर्माण शुरू करने के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि यह एक्वा लाइन का एक्सटेंशन रूट होगा। अभी एक्वा लाइन पर नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेनो के डिपो मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो चल रही है। अब ग्रेनो डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो जाएगी। इस रूट पर जुनपत और बोड़ाकी सिर्फ दो मेट्रो स्टेशन होंगे। बोड़ाकी में बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। जिले में मेट्रो का यह सबसे छोटा रूट होगा। इस पर करीब 416 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसका बजट पांच सौ करोड़ से कम होने के कारण इसके लिए कैबिनेट से मंजूरी मिलने की भी आवश्यकता नहीं है और इस पर शीघ्र काम प्रारम्भ हो सकेगा। बोड़ाकी रूट को मंजूरी मिलने के बाद अगले एक-दो महीने में कैबिनेट से सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन रूट को भी मंजूरी मिल सकती है। वहीं, अगले चरण में नोएडा से ग्रेनो वेस्ट रूट को मंजूरी मिलेगी।

**काम शुरू होने पर तीन वर्ष में मेट्रो चलने लगेगी:** अधिकारियों ने बताया कि अगर केंद्र सरकार से इस महीने बोड़ाकी रूट को मंजूरी मिल जाती है तो अगले महीने डिजाइन कंसल्टेंट के चयन के लिए आरएफपी जारी कर दी जाएगी। डेढ़-दो महीने में एजेंसी का चयन कर लिया जाएगा। इसके बाद कम से कम अगले चार महीने में एजेंसी प्राथमिक रिपोर्ट दे देगी। इस रिपोर्ट के आधार पर मेट्रो रूट का निर्माण करने के लिए टेंडर जारी कर दिया जाएगा। इस टेंडर में एजेंसियों को आवेदन करने के लिए कम से कम तीन महीने का समय दिया जाएगा। अगर इस टेंडर में एजेंसी का चयन हो जाता है तो अगले दो से तीन महीने में काम शुरू हो जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया के हिसाब से काम शुरू होने में करीब एक साल का समय लगेगा। वहीं, काम शुरू होने के बाद इसे पूरा होने में कम से कम तीन साल का समय लगेगा। इस रूट पर मेट्रो चलने के शुरुआती साल में करीब 14 हजार राइडरशिप का अनुमान है। इसके बाद यह राइडरशिप बढ़ती चली जाएगी। बोड़ाकी में रेलवे और बस टर्मिनल भी बनेगा बोड़ाकी में बनने वाला स्टेशन बड़ा मेट्रो स्टेशन होगा। वहीं, यहां पर मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब बनना है। साथ ही यहां लोगों के ठहरने के लिए होटल भी बनाए जाएंगे। यहां ट्रेन, मेट्रो, अंतरराज्यीय बस अड्डा और स्थानीय ट्रांसपोर्ट की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यहां रेलवे और बस टर्मिनल बनाया जाएगा। ऐसे में अधिक संख्या में लोगों की आवाजाही रहेगी। इसको देखते हुए ही इस रूट पर मेट्रो चलाने का निर्णय लिया गया है। ग्रेनो वेस्ट के रूट को दो बार मंजूरी मिल चुकी ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो विस्तार प्रोजेक्ट की डीपीआर को प्रदेश सरकार दो बार मंजूरी दे चुकी है। दूसरी बार मंजूरी इसी साल पांच फरवरी को मिली थी। मेट्रो चलने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रह रहे लाखों लोगों द्वारा यहां पर मेट्रो के संचालन के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है। 17 किलोमीटर लंबे रूट पर 11 स्टेशन बनाने की योजना है। इस रूट पर मेट्रो का काम शीघ्र प्रारम्भ होने का आश्वासन तो कई बार मिल चुके, लेकिन अब तक इसका काम शुरू नहीं हो सका।

# शेयर बाजार में निवेश के नाम पर सेवानिवृत्त इंजीनियर से 52 लाख ठगे




**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर सेवानिवृत इंजीनियर से 52 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने 12 मार्च से 11 अप्रैल के बीच कुल 16 बार में कई खातों में रकम ट्रांसफर कराई। साइबर अपराध थाना पुलिस ने केस दर्ज कर दो बैंक खातों में चार लाख रुपये फ्रीज करा दिए हैं। सेक्टर-31 में रहने वाले पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में बतौर इंजीनियर काम करते थे। सेवानिवृत्त होने के बाद वर्तमान में एक स्टार्टअप से बतौर सलाहकार जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि उनको 12 मार्च को एक व्हाट्सऐप ग्रुप से जोड़ा गया।

ग्रुप की डीपी पर एचएसबीसी का लोगो लगा था और नाम एचएसबीसी सिक्योरिटीज लिखा था। ग्रुप में पहले से करीब 100 लोग जुड़े थे। समय-समय पर और लोग भी इस ग्रुप पर जोड़े जा रहे थे। इस ग्रुप पर एनएसई और बीएसई पर स्टॉक पर एकमुश्त डील या आईपीओ में निवेश करने की सलाह दी गई। ग्रुप की एडमिन कथित अदिति अरोड़ा नाम की महिला थी। वहीं, सलाहकार का नाम दीपेश जैन था। जांच करने पर पाया गया कि ग्रुप में एचएसबीसी सिक्योरिटीज का, जो पंजीकरण बताया गया वह दीपेश जैन के नाम पर ही था। यह जानने के बाद उन्हें विश्वास हो गया। दीपेश अक्सर जानकारी देता था कि किस पर निवेश करना चाहिए। ग्रुप पर लोग मुनाफा प्राप्त होने का स्क्रीन शॉट तक डालने लगे। इसके बाद उन्हें और विश्वास हो गया। यही नहीं, इन लोगों ने मुंबई में कार्यालय का पता भी दिया, ताकि पूरी तरह से इन पर विश्वास किया जा सके। पीड़ित ने 16 बार में 52 लाख एक हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

# नोएडा में अवैध इमारत पर लिखा- ये बिल्डिंग अवैध



**नोएडा।** नोएडा में भूमाफियाओं को चिह्नित और अवैध इमारतों पर ÷ये बिल्डिंग अवैध है÷ लिखने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए लाल स्याही का प्रयोग किया जा रहा है।

अब गढ़ी चौखंडी और बसई गांव में 22 इमारतों में लाल स्याही से बिल्डिंग अवैध है लिखा गया है। इसमें दुकान, रिहाइशी इमारत और होटल भी शामिल है। प्राधिकरण ने बताया कि अवैध रूप से लगे वेंडरों को हटा दिया गया है। ये कार्यवाही निरंतर जारी रखी जाएगी।इन सभी इमारतों पर नोटिस भी चस्पा किए गए है। प्राधिकरण ने कहा ये तो ये खुद इमारतों को ध्वस्त कर ले। अन्यथा प्राधिकरण इनको ध्वस्त भी करेगा और खर्चा भी वसूल करेगा।

बता दे सीईओ लोकेश एम के निर्देश पर सर्किल-1 से 10 तक सभी वरिष्ठ प्रबंधकों ने अपने क्षेत्र में अवैध इमारतों की लिस्टिंग शुरू की है। एक ज्वाइंट सर्वे किया गया है।भूमाफियाओं को किया जा रहा चिह्नित सर्वे में उन अधिसूचित भूखंडों का भी किया जा रहा है जिन पर पहले अवैध निर्माण था। उसे तोड़ा गया और अतिक्रमणकर्ता के खिलाफ एफआईआर कराई गई।सर्वे में यदि इन भूखंडों पर अवैध निर्माण पाया गया या निर्माण होता दिखा तो अतिक्रमण कर्ता को भू माफिया की श्रेणी में डाल दिया जाएगा।

इसकी एक रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी जाएगी।1068 करोड़ की जमीन करा चुके खाली बता दे प्राधिकरण ने जनवरी 2024 से अब तक करीब 1.93 लाख वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस जमीन की लागत 1068 करोड़ रुपए आंकी गई है।इसके अलावा अभियान निरंतर जारी है। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित की गई है। यहां प्लानिंग और परियोजनाएं बनाई जानी है।

इसके अलावा जमीन अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर अब तक 24 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। जबकि 118 मामलों में डीसीपी स्तर पर जांच की जा रही है। इन मामलो में भी जल्द एफआईआर की जाएगी।

# परिवहन विभाग द्वारा 15 से 17 मई तक डीएम के नेतृत्व में चलाया जा रहा विशेष अभियान




**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त एवं जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में अनाधिकृत रूप से संचालित और ओवरलोड बसों के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा 15 मई से 17 मई 2025 तक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन डॉ उदित नारायण पांडे ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना, यात्री सुविधाओं को बढ़ाना और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर अंकुश लगाना है।

अभियान के प्रथम दिन आज प्रातः सभी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन और यात्री कर अधिकारी गौतमबुद्धनगर द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। इस दौरान 09 बसें मोरना डिपो सहित 16 बसें अनाधिकृत संचालन और ओवरलोडिंग के कारण बंद की गई।

यह कार्रवाई यमुना एक्सप्रेसवे, ग्रेटर नोएडा, महामाया फ्लाई ओवर, सेक्टर 37, परी चौक और अन्य प्रमुख मार्गों पर केंद्रित थी, जहाँ ओवरलोड और बिना परमिट वाली बसों का संचालन अधिक देखा गया।

अभियान का लक्ष्य अनाधिकृत बसों, बिना परमिट संचालित बसों और ओवरलोड बसों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करना है। लक्ष्य बिना वैध परमिट, ओवरलोड और यात्री सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों को बंद करना है। मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं मे जुर्माना आरोपित किया जायेगा और नियमित उल्लंघन करने वालों के परमिट रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू की जायेगी।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गौतमबुद्धनगर ने बताया कि ÷हमारी प्राथमिकता यात्रियों की सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित करना है। ओवरलोड और अनधिकृत बसें न केवल सड़क सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि यात्री सुविधाओं को भी प्रभावित करती हैं। जनता से अपील है कि वे वैध परमिट वाली बसों का ही उपयोग करें।÷

यात्रीगण केवल उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम या वैध परमिट वाली निजी बसों में सुरक्षित होने पर ही यात्रा करें, सीटिंग क्षमता से अधिक यात्री होने पर यात्रा न करें, बस चालक ओवर स्पीड न करें, नशा या नींद में वाहन न चलाएं अन्यथा उनका ड्राइविंग लाइसेंस भी निरस्त किया जायेगा।

परिवहन विभाग यात्रियों के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। परिवहन विभाग, गौतमबुद्धनगर बस ऑपरेटर्स, यात्रियों और जनता के सहयोग से इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कृपया नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें।

## भूखंड पर कब्जा करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** बिहार निवासी व्यक्ति द्वारा सुत्याना गांव में खरीदे गए 100 वर्ग गज के भूखंड में से 50 गज हिस्से पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कब्जा करने वाले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से पटना बिहार के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद शाह दिल्ली के उत्तम नगर में रहते हैं। उन्होंने वर्ष 2024 में सुत्याना गांव में 100 वर्ग गज का भूखंड गणेश प्रसाद चौहान से साढ़े सात लाख रुपये में खरीदा था। उन्होंने कब्जा लेकर भूखंड पर तीन फीट ऊंची दीवार कर दी थी।

इसके बाद वह बिहार चले गए। करीब सात महीने बाद वह वापस लौटे तो आधे भूखंड पर भूपेंद्र सिंह का कब्जा मिला। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की। सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली की पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# घर बैठे करा सकते है डीएल का नवीनीकरण

**नोएडा।** वाहन चालक अब घर बैठे ड्राइविंग लाइसेंस का नवीनीकरण की प्रक्रिया कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें परिवहन विभाग कार्यालय और जनसुविधा केंद्र जाने की जरूरत नहीं है। घर पर ही ऑनलाइन आवेदन के बाद आधार प्रमाणीकरण करके इस प्रक्रिया को लोग पूरा कर सकते हैं। परिवहन विभाग की तमाम सेवाएं ऑनलाइन हैं। इसमें ड्राइविंग लाइसेंस, डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाण पत्र, वाहन पंजीकरण, अनापत्ति प्रमाण पत्र, वाहन स्थानांतरण समेत अन्य प्रक्रिया शामिल हैं। इसमें लर्निंग लाइसेंस के बाद ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया भी पूरी तरह से घर बैठे कर दी गई है। एआरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि यदि ड्राइविंग लाइसेंस से आधार संख्या लिंक है तो लोग घर बैठे ही इस प्रक्रिया को कर सकते हैं।

इसमें परिवहन विभाग की वेबसाइट पर जाकर ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करना है। इसके बाद आधार प्रमाणीकरण करके नवीनीकरण की प्रक्रिया को लोग पूरा कर सकते हैं। यदि इसमें कोई समस्या हो रही है तभी परिवहन विभाग कार्यालय या जनसुविधा पहुंचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आधार प्रमाणीकरण में व्यक्ति अपनी आधार संख्या के साथ अपना नाम, जन्म तिथि, लिंग, पता, या अपने फिंगरप्रिंट या आईरिस स्कैन का उपयोग करके अपनी पहचान सत्यापित कर सकते हैं। आधार प्रमाणीकरण से ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति की पहचान सत्यापित होती है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद पूर्व की तरह ड्राइविंग लाइसेंस डाक के जरिए आवेदक के दिए पते पर पहुंच जाएगा। समय की बचत होगी इस प्रक्रिया के घर बैठे होने से लोगों को परिवहन विभाग कार्यालय या जनसुविधा केंद्र में जाने व लाइन में लगने की समस्या खत्म होती है।

# कार्यदायी संस्थाएं निर्माण परियोजनाओं को निर्धारित समय अवधि में करें पूर्ण: डीएम



**गौतमबुद्धनगर।** सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों, निर्माण कार्यों सहित सभी प्रमुख योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की आज डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते हुए ऐसे सभी विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए जिनकी सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग अच्छी नहीं है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य प्राप्ति करते हुए प्रगति सीएम डैशबोर्ड पर शत् प्रतिशत फीड करायें एवं सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त करने हेतु विशेष प्रयास सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग शासन स्तर पर निरंतर होती है और डैशबोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है, इसलिए अधिकारीगण इसकी महत्ता को समझते हुए अपने-अपने विभागों में क्रियान्वन योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर शत् प्रतिशत अपलोड करें, ताकि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जनपद को शीर्ष स्थान प्राप्त हो सके। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड पर जिन जिन विभागों की रैंकिंग खराब चल रही है उनकी विरुद्ध पत्राचार किया जाए।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण सीएम डैशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से ले और जो भी डाटा सीएम डैशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डैशबोर्ड की माननीय मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के द्वारा समीक्षा की जाती है।

जिलाधिकारी ने बैठक में राजस्व विभाग, स्टाम्प विभाग, परिवहन विभाग, जी0एस0टी0 विभाग, बाट माप विभाग, आबकारी विभाग, खनन विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, दुग्ध विकास विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, पंचायती राज विभाग, जल निगम, पर्यटन विभाग, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, प्राथमिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, सिंचाई, जल संसाधन विभाग, आपदा विभाग आदि विभागों के विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारीगण शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य की पूर्ति करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी कहा कि यदि किसी भी अधिकारी को कोई समस्या हो वह मुख्य विकास अधिकारी व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए त्रुटि रहित डाटा फीडिंग करायें। सीएम डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग न करने वाले या गलत डाटा फीड करने वाले विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जिलाधिकारी ने मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं से जुड़ी हुई 05 परियोजनाओं अस्पताल, खेल मैदान, आईटीआई कॉलेज, पुलिस थाना, डिग्री कॉलेज परियोजना की प्रगति समीक्षा करते हुए जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया कि संबंधित विभागों से इस संबंध में परियोजनाओं की वर्तमान तक की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की जाये। साथ ही परियोजनाओं से जुड़े विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सभी परियोजनाएं मुख्यमंत्री जी की घोषणा से जुड़ी हुई परियोजना है इसलिए इनकी गंभीरता को समझते हुए निर्धारित समय अवधि में इनको पूरा करने का काम किया जाए। साथ ही जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि फैमिली आईडी को लेकर संबंधित विभागों की प्रगति समीक्षा की जाए एवं बैठक में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि जनपद की आर्थिक पुस्तिका तैयार करने हेतु अपने-अपने विभागों के आंकड़े निर्धारित प्रारूप पर यथाशीघ्र उपलब्ध करायें।

जिलाधिकारी ने सीएमआईएस पोर्टल की समीक्षा करते हुए कार्यदाई संस्थाओं द्वारा निर्माण कराई जा रही परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण परियोजनाओं को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करते हुए समय से संबंधित विभागों को हस्तांतरित की जाए। जिलाधिकारी ने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में जो भी निर्माण परियोजनाएं संचालित हैं उनके लिए अधिकारियों को नामित करते हुए परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कराया जाए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शिवराज सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने रॉयल बुलेटिन को मै. साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6, नोएडा- 201301 से मुद्रित कराकर 318-द्वितीय तल, जयपुरिया प्लाजा, डीपीएस के सामने, सैक्टर-26, नोएडा (गौतमबुद्धनगर, उ.प्र.) से प्रकाशित किया।

सम्पादक: अनिल रॉयल

फोन: (0120) 4545477
मो. 9910779911
e-mail Address :
royalnoida@gmail.com

# एनसीआर की साप्ताहिक बाजारों में मोबाइल चोरी करने वाले गैंग के 4 सदस्य गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा व एनसीआर क्षेत्र के आस-पास लगने वाले साप्ताहिक बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों व घरों से लोगों के मोबाइल फोन चोरी करने वाले एक गिरोह के 4 शातिर बदमाशों को पुलिस ने एक सूचना के आधार पर गुरुवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 20 एनड्रायड मोबाइल, 4 चाकू तथा 2 मोटर साइकिल बरामद किया है।

एडीसीपी सेंट्रल नोएडा हृदेश कठेरिया ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि मामूरा गांव से मोबाइल फोन चोरी करने वाले बदमाश बाइक पर सवार होकर चोरी के मोबाइल फोन बेचने जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने बैरियर



लगाकर चेकिंग करनी शुरू की। कुछ देर बाद 2 मोटरसाइकिल पर सवार होकर चार बदमाश आते हुए दिखाई दिए, जब पुलिस ने उन्हें रोककर तलाशी की तो उनके पास से 20 मोबाइल फोन मिले। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए बदमाशों ने पुलिस को बताया कि यह मोबाइल मामूरा गांव के विभिन्न जगहों से चोरी किया है।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के नाम आकाश पुत्र संजय, प्रशान्त उर्फ जोबलिन पुत्र सत्यपाल, वंश पुत्र प्रमोद तथा अजय उर्फ सिनचैन पुत्र राजे सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है जो नोएडा व एनसीआर के आसपास साप्ताहिक बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों से लोगों का मोबाइल फोन चोरी कर कम दामो में बेचकर मौज-मस्ती करते है।

# एसीईओ ने चारमूर्ति चौक और शाहबेरी रोड का लिया जायजा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बृहस्पतिवार को ग्रेनो वेस्ट स्थित चार मूर्ति चौक पर निर्माणाधीन अंडरपास और शाहबेरी रोड के चौड़ीकरण कार्य का जायजा लिया। एसीईओ ने अंडरपास का कार्य तेज करने और शाहबेरी रोड के चौड़ीकरण का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

एसीईओ प्रेरणा सिंह ने सबसे पहले चार मूर्ति चौक पर अंडरपास का जायजा लिया। एसीईओ ने अंडरपास के कार्य की अब तक की प्रगति पर जानकारी प्राप्त की। यह अंडरपास 60 मीटर रोड के पैरलल बन रहा है। उन्होंने गोलचक्कर के दोनों तरफ कार्य को शुरू कराने के लिए सीवर लाइनें और पेड़ों को शिफ्ट करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य शुरू करने में कोई बाधा उत्पन्न न हो। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कार्य तय समय पर पूरा न होने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उन्होंने ओएसडी अभिषेक पाठक को मौके पर



जाकर उद्यान से जुड़े कार्य को पूरा कराने के निर्देश दिए। ओएसडी ने अपनी टीम के साथ मौके पर जाकर उद्यान से जुड़े कार्यों का जायजा लिया और टीम को आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके बाद एसीईओ ने गौड़ सिटी से चार मूर्ति की तरफ जाने पर संकरी पुलिया को चौड़ा करने की अनुमति दे दी है। इस पुलिया पर ट्रैफिक जाम लग रहा है। उन्होंने इस काम को भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाया जा सके। चार मूर्ति चौक पर अंडरपास के बन जाने से नोएडा, गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा के बीच रोजाना सफर करने वालों को राहत मिल जाएगी। इसके बाद एसीईओ न शाहबेरी रोड पर चल रहे काम को भी देखा। शाहबेरी रोड के चौड़ीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। दो सप्ताह में इसका कार्य पूरा होने की उम्मीद है। हालांकि एसीईओ ने कार्य को दो सप्ताह से भी कम समय में पूरा करने का लक्ष्य दिया है। शाहबेरी रोड के चौड़ीकरण से गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा और नोएडा के बीच आवाजाही करने वालों को बड़ी राहत मिल जाएगी। एसीईओ के निरीक्षण के दौरान वर्क सर्किल प्रभारी प्रभात शंकर और प्रबंधक नितीश कुमार भी मौजूद रहे।

# डिजिटल अरेस्ट करने वाले 2 लोग अरेस्ट

**नोएडा।** नोएडा में डिजिटल अरेस्ट कर दो करोड़ 39 लाख 16 हजार रुपए की ठगी के मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मुकेश सक्सेना व अनीस अहमद हुई है। इन दोनों को मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है दोनों सिविल लाइन मुरादाबाद के रहने वाले है।

डीसीपी साइबर प्रीति यादव ने बताया कि 18 मार्च 2025 को थाना साइबर सेल में शिकायत मिली कि एक व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर उसे मानव तस्करी के नाम पर डराकर 2,39,16,700 रुपए की धोखाधड़ी की गयी।शिकायत मिलते ही संबंधित बैंक खातों को तत्काल फ्रीज कराया गया। मुकेश सक्सेना ने पूछताछ मे बताया गया कि वह जनपद मुरादाबाद में अकाउंट का कार्य करता हैं। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण उसका संपर्क अनीस अहमद से हुआ। करंट बैंक खाता ठगों को उपलब्ध करवाकर उनसे कमीशन लेता है।

**18 लाख रुपए हुए थे ट्रांसफर:** इसी क्रम में मुकेश सक्सेना के खाते में भी डिजिटल अरेस्ट किए गए पीड़ित के खाते से 18 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे। जिसको निकालकर इन लोगों ने आपस में बांट लिया। इनके और साथियों की तलाश की जा रही है।डीसीपी ने बताया कि इस मामले में धोखाधड़ी की 6,72,237 रुपए फ्रीज कराए जा चुके है। जिसे रिफंड किया जाएगा।

**दोनों के खातों से संबंधित 33 शिकायत:** पकड़े गए आरोपी अनीस अहमद के बैंक खाते से अब तक 12 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का होना पाया गया।जिसके अंतर्गत एनसीआरपी पोर्टल पर कुल 15 शिकायत जिसमें दिल्ली में एक, झारखंड एक, महाराष्ट्र और पंजाब में एक-एक , राजस्थान में दो , तमिलनाडु में छह तेलंगाना में तीन शिकायत दर्ज है। इसी तरह मुकेश सक्सेना के बैंक खाते से संबंधित 2 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की जा चुकी है। जिसके अंतर्गत पोर्टल 18 शिकायत मिली।

# स्वास्थ्य सेवा सभी का प्राथमिक अधिकार है: डॉ सतेंद्र कुमार



**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर जिले का नोएडा विश्व के मानचित्र पर निकला बहुत अहम शहर है। इस शहर की परिकल्पना उत्तर प्रदेश से इसका जुड़ा हुआ और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिया किया गया था। इस शहर में वैश्विक अर्थव्यवस्था, विश्वस्तरीय रहना सहन, मूलभूत सुविधाएं सभी उपलब्ध है। इसी को आगे बढ़ाने की दिशा में शहर के जाने माने चिकित्सा क्षेत्र के नाम एम डी हॉस्पिटल ने अपने नवीन परिचालन की शिला रखी। जिसका उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जाने माने समाज सेवी गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने की। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सतपाल यादव, शिव सेना (शिंदे) के जिला प्रमुख आदेश राठी, वो गेस्टोटॉक के निदेशक कुबेर बिष्ट, जाने माने यू ट्यूबर पवन यादव, एम डी सिटी हॉस्पिटल सैक्टर 122 नोएडा के निदेशक डॉ सतेंद्र कुमार, डॉ रणजीत वर्मा, डॉ प्रिया यादव, डॉ अमन, डॉ सुधीर राणा, मेड ज्वाइन ग्लोबल हेल्थकेयर के निदेशक और एन सी सॉफ्टेक के निदेशक नरेश चौहान, तुषार पंचाल मनीष गुप्ता (वरिष्ठ समाजसेवी)और एन सी सॉफ्टेक की अतिरिक्त निदेशक श्रीमती पुष्प मोहंती मौजूद रही। इस अवसर पर एम डी सिटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ सतेंद्र कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सभी का प्राथमिक अधिकार है। हमारी सरकार और हम जैसे पेशेवर इस मुहीम को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे है।

देश में जैसे जैसे अर्थव्यवस्था आगे जा रही है। वैसे वैसे अभी भी बहुत से लोग वंचित है।हमारा प्रयास है हम सभी को सही स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा पाए। हमारा प्रयास रहेगा वाणिज्यिक दृष्टि से किसी को कोई इससे वंचित न होना पड़े। उन्होंने कहा कि हमारा ये संस्थान देश की सभी उत्कृष्ट स्वास्थ्य मानकों के संस्थानों द्वारा प्रमाणित है।

# भाजपा विधायक द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**नोएडा।** महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा द्वारा देश की जांबाज सिपाही कर्नल सोफिया कुरेशी के विरुद्ध भाजपाई मंत्री द्वारा अशोभनीय टिप्पणी एवं अमर्यादित भाषा के खिलाफ सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय सैक्टर 19 पर प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह द्वारा हमारे देश की बेटी एवं भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी जी के बारे में अभद्र, अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी की गई है। संवैधानिक पद पर आसीन विजय शाह द्वारा देश की बेटी का यह अपमान देश, नारीशक्ति और सेना का अपमान है। हम मोदी की भाजपा सरकार से मांग करते हैं कि ऐसे लोगों को तत्काल प्रभाव से मंत्री पद से हटाया जाए। प्रदेश सचिव पुरूषोतम नागर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भाजपाई मंत्री का




बयान पूरी भाजपा की मानसिकता को दर्शाता है, भाजपाई एक सैनिक में भी राष्ट्र धर्म को नहीं बल्कि धर्म को देखते हैं।

आज के प्रदर्शन में शामिल पदाधिकारियों में स्टेट कॉर्डिनेटर सोशल मीडिया पवन शर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव लियाकत चौधरी, पीसीसी फिरे सिंह नागर, पीसीसी यतेंद्र शर्मा ,संजय तनेजा, राजकुमार त्यागी, रामकुमार शर्मा, कैप्टन पी एस रावत, विक्रम चौधरी, मधुराज, वीरों देवी, सतीश, शिवम,आकाश, हिमांशु, लोकेश, प्रवीण, नरेन्द्र,राम नरेश, विकाश,राहुल, अभिषेक एवं अरुण प्रधान सहित दर्जनों अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध शराब और गांजे की बिक्री में लिप्त तीन आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 और थाना फेज-1 पुलिस ने अवैध शराब और गांजे की बिक्री में लिप्त तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने राकेश को एफ-404 कंपनी सेक्टर 63, ग्रीन बेल्ट के पास से गिरफ्तार किया। राकेश मूल रूप से फरीदपुर, दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) का निवासी है और वर्तमान में गढ़ी चौखंडी, थाना फेज-3, नोएडा में रह रहा था।

अभियुक्त के कब्जे से अरुणाचल प्रदेश मार्का शराब की बोतल बरामद की गई। इस संबंध में थाना सेक्टर 63 में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

वहीं, थाना फेज-1 पुलिस ने मसाला मार्केट, हरौला नोएडा से नासिक पुत्र समीर आलम को गिरफ्तार किया। अभियुक्त हरौला सेक्टर-5 का निवासी है। उसके कब्जे से विदेशी और देशी शराब की बोतल और ट्रेटा पैक बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ थाना फेज-1 पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में मो. इस्लाम को सेक्टर-8 बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी जेजे. कॉलोनी, सेक्टर-9, नोएडा का निवासी है। उसके कब्जे से 1 किलो 150 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसके खिलाफ थाना फेज-1 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

नोएडा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए सघन चेकिंग और छापेमारी अभियान जारी रहेंगे। पुलिस आम जनता से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाने को दें।

# 5 जून तक चलेगा आईटीआई चलो अभियान

**गौतमबुद्धनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा के प्रधानाचार्य यज्ञ देव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों एवं टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से एवं जनपद के अन्य राजकीय औद्योगिक संस्थानों में दीर्घकालीन व्यवसायों में माह अगस्त 2025 में प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र हेतु अभ्यार्थी को आन लाईन आवेदन करने के लिये वेबसाईट को खोलना होगा तथा उस पर बने हुये लिंक पर क्लिक कर पहले अपना फार्म भरना होगा। अभ्यार्थी को आनलाईन आवेदन से पूर्व ह्ज्ञक्कसे मोबाइल नम्बर का सत्यापन करना होगा। फार्म भरने के पश्चात उसे वाले पृष्ठ पर अकत के लिंक पर क्लिक कर आनलाईन भुगतान करना होगा। उन्होंने बताया कि आनलाईन भुगतान डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / इन्टरनेट बैंकिंग / यूपीआई के माध्यम से किया जा सकता है, जिस हेतु यूनियन बैंक आफ इण्डिया व स्टेट बैंक आफ इण्डिया अन्य बैंक के पेमेंट गेटवे की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आवेदन शुल्क का भुगतान होने पर अभ्यार्थी अपने फार्म का प्रिंट आउट ले सकेगा। अभ्यार्थी द्वारा ऑन लाईन आवेदन में की गयी प्रविष्टियों में हुई कतिपय त्रुटियों के संशोधन हेतु 02 दिन (48 घण्टे) का समय दिया जायेगा। ऑनलाईन आवेदन में सहायता हेतु विवरणी ई- फार्म में वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यार्थी विवरणी को पूर्ण रूप से या आवश्यकता के अनुसार विवरणी का कोई भाग प्रिंट कर सकते है या डाउनलोड कर सकते है। आनलाईन आवेदन की सुविधा दिनांक 12-05-2025 से 05-06-2025 रात्री 12.00 तक उपलब्ध रहेगी। उन्होंने पंजीकरण शुल्क के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सामान्य व पिछड़ा वर्ग के अभ्यार्थियों को 250 रुपए पंजीकरण शुल्क तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के अब भारतीयों को 150 रुपए पंजीकरण शुल्क के रूप में देने होंगे।

# रेकी कर घरों में चोरी करने वाला बदमाश मुठभेड़ में घायल

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाने की पुलिस ने बुधवार देर रात चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में बदमाश को गिरफ्तार किया। गोली लगने से घायल बदमाश को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। आरोपी राहगीरों से लूटपाट और रेकी कर घरों में चोरी करता था। एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि सेक्टर-11 स्थित मदर डेयरी के पास पुलिस की टीम बुधवार रात बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। इसी बीच सेक्टर-56 टी प्वाइंट की तरफ से एक बाइक सवार आता दिखाई दिया। संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे रुकने का इशारा किया तो वह बाइक सवार पीछे मुड़कर भागने लगा। इससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गई।

पुलिस ने चेतावनी दी तो बदमाश



ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। इसके बाद घेरकर उसको पकड़ लिया गया। उसकी पहचान चौड़ा गांव निवासी सोनू भारद्वाज के रूप में हुई। उसके कब्जे से चोरी की घटनाओं में इस्तेमाल बिना नंबर प्लेट की बाइक, एक तमंचा, कारतूस के अलावा सात लाख रुपये के जेवरात बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि बदमाश बाइक से राह चलते लोगों से लूटपाट करता था। साथ हीख् रेकी करके लोगों के घरों में चोरी करता था। बरामद किया गया सामान ठिकाने लगाने जा रहा था। उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। अब तक की जांच में आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में दस मुकदमे दर्ज मिले हैं, जिसमें एक मुकदमा एनडीपीएस ऐक्ट के तहत दर्ज है।

## संक्षिप्त समाचार

### माई भारत, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का राष्ट्रव्यापी आह्वान

**गौतमबुद्धनगर।** जिला युवा अधिकारी गौतम बुद्ध नगर शिवेंद्र सिंह ने जानकारी दी है कि माई भारत, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 18 साल से ऊपर के युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए आमंत्रित किया गया है। यह राष्ट्रव्यापी आह्वान देश के युवा नागरिकों को आपात स्थितियों और संकट के समय राष्ट्रीय सेवा में भागीदारी का अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य एक लचीला स्वयंसेवी बल तैयार करना है, जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित हालात में प्रशासन का समर्थन कर सके। यह बल बचाव अभियान, प्राथमिक चिकित्सा, यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और पुनर्वास जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए, एक मजबूत समुदाय आधारित प्रतिक्रिया तंत्र की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। 18 साल के ऊपर युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने का मौका देकर सरकार न केवल उन्हें सशक्त बना रही है, बल्कि समाज की सुरक्षा प्रणाली को भी सुदृढ़ कर रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि सरल पंजीकरण प्रक्रिया माय भारत पोर्टल के माध्यम से संभव है। इच्छुक युवा पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नंबर 8527543111 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जिले में छह डबल डेकर बसें चलेंगी

**नोएडा।** जिले में अब दो की बजाए छह डबल डेकर बसें चलेंगी। बुधवार को लखनऊ में हुई बैठक में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंधक निदेशक मासूम अली सरवर ने छह बसें चलाने का निर्देश दिया। 20 मई से पहले मिलने वाली बसों में से दो बॉटनिकल गार्डन से गौड़ सिटी तक चलेंगी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि बसें बनकर प्रयागराज में खड़ी हैं। इन्हें कुछ प्रक्रिया पूरी करके नोएडा लाया जाना है। पहले दो बसें गौतमबुद्ध नगर को मिलनी थी, लेकिन बैठक में प्रबंधक निदेशक ने छह बसें चलाने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि अब तक की योजना के मुताबिक चार बसें बॉटनिकल गार्डन से ग्रेटर नोएडा के परी चौक तक चलाई जाएंगी। वहीं, दो बसें बॉटनिकल गार्डन से गौड़ सिटी तक चलाई जाएंगी। डबल डेकर बसों से पूरे नोएडा एक्सटेंशन को कवर करने की अभी योजना नहीं है, लेकिन लोगों का अच्छा रुझान मिला तो इस पर भी विचार किया जाएगा। इन बसों का समय और किराया, दो से तीन दिन में निर्धारित कर लिया जाएगा।

### अश्लील वीडियो वायरल करने वाला पांच वर्ष बाद धरा

**नोएडा।** पुलिस ने जारचा कोतवाली क्षेत्र के नूरपुर गांव निवासी युवक को सोशल मीडिया पर बच्चों के अश्लील वीडियो (चाइल्ड पॉर्न) वायरल करने के मामले में हिरासत में लिया। पुलिस ने दूरसंचार अधिनियम के तहत आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि युवक ने करीब पांच वर्ष पहले ये वीडियो अपलोड किए थे। नूरपुर गांव का रहने वाला जान मोहम्मद मजदूरी का कार्य करता है। उसने 20 नवंबर 2020 में अपने मोबाइल फोन से सोशल मीडिया पर छह चाइल्ड पॉर्न वीडियो अपलोड किए। पुलिस साइबर क्राइम मुख्यालय लखनऊ से ऐसी अश्लील साइटों की निगरानी की जा रही थी। साइबर क्राइम टीम के संज्ञान में वीडियो अपलोड करने का यह प्रकरण आया। इसके बाद जारचा कोतवाली को प्रकरण की जांच के लिए सूचित किया गया। अब जारचा पुलिस ने आरोपी जान मोहम्मद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी शादीशुदा है और पूरे परिवार के साथ गांव में रहता है। पुलिस आरोपी से प्रकरण के बारे में पूछताछ कर रही है।

### बिजली कटने पर दो एसडीओ को नोटिस

**नोएडा।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) की एमडी ने बिजली कटने पर बुधवार को दो एसडीओ को नोटिस जारी किए। उन्हें कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए गए। पीवीवीएनएल की एमडी ईशा दुहन ने सेक्टर-52 फोनरवा के दफ्तर में बुधवार को लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने उपभोक्ताओं की शिकायत का त्वरित संज्ञान नहीं लेने और अवकाश के दिन बगैर सूचना के कई घंटे बिजली आपूर्ति बाधित होने पर डिवीजन-5 के दो एसडीओ को नोटिस जारी किए। एमडी ने निर्देश दिए कि क्षेत्र के उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। उन्हें निर्बाध आपूर्ति दी जाए। औद्योगिक सेक्टर और बाजार में भी निर्बाध आपूर्ति दी जाए।

उन्होंने कहा कि लोगों के साथ बेहतर समन्वय और सीधा संवाद स्थापित करने के लिए हर महीने के प्रथम सोमवार को बैठक की जाए। बैठक में निदेशक (तकनीकी) ने बताया कि जिले में आरडीएसएस योजना के तहत बिजली ढांचे को सुधारने पर 1313 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

### स्टेशन पर पुलिसकर्मी से समय पूछा, फिर एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन पर एक कंपनी के कर्मचारी ने एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान सिकंदराबाद, बुलंदशहर के खत्रीवाड़ा मोहल्ला निवासी दीपक (24) के रूप में हुई। दीपक ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार शाम को वह दनकौर रेलवे स्टेशन पहुंचे। स्टेशन पर मौजूद एक पुलिसकर्मी से समय पूछा। इसके बाद दिल्ली से लखनऊ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन को देखकर ट्रैक पर लेट गया।पुलिसकर्मी ने उन्हें चिल्लाकर हटने को कहा। लेकिन वह नहीं हटे और ट्रेन की चपेट में आ गए। जीआरपी पुलिस ने बताया कि मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के पास से एक मोबाइल बरामद किया। इसी से उनकी पहचान संभव हो सकी।परिवार के अनुसार दीपक किसी तरह के तनाव में नहीं थे।

संक्षिप्त समाचार

## कॉलेज की लाइब्रेरी में लगी भीषण आग

### खौफनाक मंजर देख सहम उठे लोग, परीक्षा हुई रद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में पीतमपुरा में टीवी टावर स्थित गुरु गोविंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स की लाइब्रेरी में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। आग लगने से वहां अफरातफरी मच गई। वहीं, आनन-फानन में फायर ब्रिगेड की टीम को आग की सूचना दी गई।
बताया गया कि आग की सूचना मिलने पर दमकल की 11 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग



बुझाने में जुट गई। बताया गया कि आग सुबह करीब 9-40 मिनट पर लगी। आग लाइब्रेरी की पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल पर लगी है। बता दें कि आग इतनी भयंकर लगी है कि आसपास के लोग भी खौफनाक मंजर देखकर कांप उठे। इस दौरान कॉलोनी में अफरातफरी का माहौल रहा। बताया गया कि आग आंतरिक परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले लगी, इसलिए महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की संख्या कम रही। घटना के बाद आंतरिक परीक्षा रद कर दी गई। आग लगने का कारण सर्वर में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग में सैकड़ों पुस्तकें और फर्नीचर जल कर राख हो गया। लगभग 40 मिनट में आग पर काबू पाया जा सका।
गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स की ओर से बताया गया कि 15 मई 2025 को होने वाली सुबह की परीक्षा रद कर दी गई है। नई तिथि और कार्यक्रम की सूचना जल्द ही दी जाएगी।

## 3 गांवों में जमकर गरजा बुलडोजर

### आंखें के सामने तोड़े आशियाने, मचा हड़कंप

**नया गुरुग्राम, एजेंसी।** नया गुरुग्राम में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के जिला नगर योजनाकार प्रवर्तन (डीटीपीई) की टीम ने मंगलवार को पुलिस बल की सहायता से पुलिस थाना सदर सोहना के अधीन निमोत चौकी क्षेत्र के तीन गांवों में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध बड़ा तोड़फोड़ अभियान चलाया।





डीटीपीई के अनुसार, यह सभी कॉलोनियां नियंत्रण क्षेत्र में अवैध रूप से काटी की जा रही थीं। अभियान की शुरुआत गांव किरनकी से की गई, जहां एक एकड़ क्षेत्र में फैली कॉलोनी में सात डीपीसी और पांच रेडीमेड चारदीवारी को तोड़ा गया। इसके साथ ही कॉलोनी का पूरा सड़क नेटवर्क ध्वस्त किया गया। इसके बाद टीम गांव संचोली पहुंची, जहां 11 एकड़ क्षेत्र में फैली चार अवैध कॉलोनियों पर पीला पंजा चलाया गया। यहां तीन निर्माणाधीन ढांचे, नौ प्लॉटों की चारदीवारी और संपूर्ण सड़क नेटवर्क को मिट्टी में मिलाया गया।
वहीं, तीसरे चरण में गांव दौल्हा में स्थित एक अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की गई, जो छह एकड़ क्षेत्र में फैली थी। यहां लगभग 100 मीटर लंबी चारदीवारी और पूरा सड़क नेटवर्क तोड़ा गया।

# दिल्ली-एनसीआर में छाई हुई है धूल!

## आईजीआई एयरपोर्ट पर भी विजिबिलिटी प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में बृहस्पतिवार सुबह से धूल की चादर छाई हुई है। इससे विजिबिलिटी का स्तर कम हुआ है। दरअसल, मौसमी उतार चढ़ाव के बीच बुधवार रात साढ़े 11 बजे तेज आंधी आई। इसका असर अभी तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। वातावरण में हर तरफ धूल छाई हुई है। दिल्ली एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी भी प्रभावित हुई है। कल बुधवार रात 10 से साढ़े 11 बजे के दौरान धूल भरी आंधी चली। इससे एक दो घंटे में ही पालम और आईजीआई एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी 4500 मीटर से गिरकर 1200 मीटर हो गई थी। यह मुख्य रूप से उस समय क्षेत्र में अचानक धूल भरी तेज हवाएं चलने के कारण था। उन्होने कहा कि लगभग 30-40 किमी प्रति घंटे की गति से चल रही थी, लेकिन बाद में तब से ही तीन से सात किमी प्रति घंटे की शांत/कमजोर हवा की स्थिति बनी हुई है। नतीजा हवा में धूल के साथ सफदरजंग और पालम दोनों एयरपोर्ट पर दृश्यता 1200-1500 मीटर पर खराब बनी हुई है। हालांकि आज दिन में मौसम



साफ हो जाने के आसार हैं। दूसरी तरफ अब फिर गर्मी बढ़ने की संभावना है। दो दिन से तापमान 40 डिग्री पार जा रहा है। आज 41 डिग्री चले जाने के आसार हैं। हालांकि लू अभी नहीं चलेगी। दिल्ली की वायु गुणवत्ता अभी खराब श्रेणी में बनी हुई है। आज दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। तेज धूप भी खिली रहेगी, लेकिन 15 से 25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। बीच बीच में यह रफ्तार 35 किमी प्रति घंटे तक की भी हो सकती है। बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे दिल्ली का एक्यूआई 249 रिकॉर्ड किया गया। इसे खराब श्रेणी में रखा जाता है। धूल भरी आंधी के चलते आज आठ दिन बाद दिल्ली का एक्यूआई 200 से ऊपर गया है। एनसीआर के शहरों में भी हवा खराब श्रेणी में चल रही है। पूर्वानुमान है कि हाल फिलहाल एक्यूआई की यही श्रेणी बनी रहेगी। तापमान का चढ़ता ग्राफ गौतमबुद्ध नगर में भी गर्मी बढ़ाने लगा है। बुधवार को नोएडा में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके चलते लोगों को गर्मी के सितम से दो चार होना पड़ा। लोग भीषण गर्मी के बीच ही जरूरी कामकाज करते नजर आए। मौसम विशेषज्ञों ने आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने बताया है तो जिले में अगले दो दिन अधिकतम तापमान 42 डिग्री रहने की संभावना जताई है।

### वायु गुणवत्ता में लगातार नौवें दिन सुधार बरकरार

मौसमी परिस्थितियों के चलते वायु गुणवत्ता में लगातार नौवें दिन भी सुधार बना रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक बुधवार को दिल्ली का एक्यूआइ 135 दर्ज किया गया। इसे मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पूर्व मंगलवार को यह 141 रहा था। यानी 24 घंटे के दौरान इसमें छह अंकों की गिरावट दर्ज की गई है। एनसीआर के शहरों में भी यही स्थिति है। हाल फिलहाल इसके मध्यम श्रेणी में ही बने रहने के आसार हैं।

## सीबीएसई की परीक्षा में आए 83त्न नंबर, फिर भी नाखुश 10वीं के छात्र ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरी जिले के बुराड़ी में सीबीएसई रिजल्ट में 83 प्रतिशत नंबर लाने से उदास दसवीं के छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। नतीजे घोषित होने के बाद वह बेहद उदास था। कोचिंग जाने की बात कर वह घर की छत पर बने स्टोर रूम में पहुंचा और वहां फंदा लगा लिया। मृतक की पहचान अक्षत के रूप में हुई। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

अक्षत परिवार का इकलौता बेटा था। स्वजन का कहना है कि उन्होंने बेटे पर कभी पढ़ाई का दबाव नहीं बनाया। पुलिस उसका मोबाइल फोन कब्जे में लेकर छानबीन कर रही है। उपायुक्त राजा बांठिया के मुताबिक, मंगलवार की रात करीब आठ बजे बुराड़ी के सरकारी अस्पताल से उन्हें एक छात्र के फंदा लगाने की सूचना मिली। उसके स्वजन ने बताया कि वे एकता सोसायटी, संत नगर बुराड़ी में रहते हैं। अक्षत के पिता भुवनेश कुमार पालीवाल डॉक्टर लाल पैथ लैब में जनरल मैनेजर हैं, जबकि मां दिल्ली नगर निगम के स्कूल में टीचर हैं। अक्षत मॉडल टाउन के एक नामी स्कूल में पढ़ता था। फिलहाल वह बुराड़ी स्थित आकाश इंस्टीट्यूट में मेडिकल की तैयारी कर रहा था। मंगलवार को रिजल्ट आने के बाद वह उदास था। दोपहर करीब तीन बजे उसने मां से कहा कि वह कोचिंग जा रहा है। कोचिंग जाने के बजाय वह छत पर बने स्टोर रूम में गया और उसने चुन्नी के सहारे फंदा लगा लिया। शाम करीब 4.30 बजे उसकी मां ने उसे कॉल की तो उसका फोन नहीं उठा। मां ने कोचिंग के टीचर को कॉल की।

# यमुना में सीवेज डंपिंग से निपटने के लिए सरकार सख्त

## डीपीसीसी को दिए ये निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को यमुना में सीवेज डंपिंग पर 10 दिन के भीतर विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि उन्होंने डीपीसीसी को सात दिन में गहन जांच करने और फिर 10 दिन के भीतर कार्ययोजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, जिसमें विभाग की जिम्मेदारी, समयसीमा और शहर के नालों में सीवेज के अवैध निर्वहन को रोकने के उपायों का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए।

अधिकारियों के अनुसार, अनधिकृत कॉलोनियों और जेजे क्लस्टरों से अवैध रूप से सीवेज का निर्वहन रोकने में विफल रहने पर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) पर 18.54 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

सिरसा ने कहा कि डीपीसीसी ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) को एक रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें पुष्टि की गई है कि 58 जेजे क्लस्टरों से अनुपचारित सीवेज - जिसकी मात्रा 2.04 एमजीडी (9.274 एमएलडी) है - सीधे यमुना की ओर जाने वाले नालों में बह रहा है। हैरानी की बात यह है कि पहले की चेतावनियों और फरवरी 2025 में लगाए गए जुर्माने के बावजूद, जमीनी स्तर पर स्थिति अपरिवर्तित बनी हुई है।

इसे आप सरकार के तहत शासन की विफलता का प्रत्यक्ष परिणाम बताते हुए सिरसा ने कहा, यह चौंकाने वाला और अस्वीकार्य है कि अदालत के हस्तक्षेप, नियमों और 18 करोड़ रुपये के जुर्माने के बावजूद, यमुना में अभी भी अवैध रूप से सीवेज डाला जा रहा है।

इसे आप सरकार के तहत शासन की विफलता का प्रत्यक्ष परिणाम बताते हुए सिरसा



ने कहा, यह चौंकाने वाला और अस्वीकार्य है कि अदालत के हस्तक्षेप, नियमों और 18 करोड़ रुपये के जुर्माने के बावजूद, यमुना में अभी भी अवैध रूप से सीवेज डाला जा रहा है। मंत्री ने कहा, इस संकट की जड़ पिछली सरकार की पूरी तरह से उदासीनता है। उनकी चुप्पी और निष्क्रियता से पता चलता है कि उन्हें दिल्ली के पर्यावरण या उसके लोगों की कितनी कम परवाह थी।

सिरसा ने जल और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा के साथ चर्चा की भी पुष्टि की, जो संकट को दूर करने के लिए समानांतर कदम उठा रहे हैं। सिरसा ने कहा, उनके (वर्मा के) नेतृत्व और केंद्र के समर्थन से, हमें विश्वास है कि हम जल्द ही जमीन पर स्पष्ट बदलाव देखेंगे

उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्रवाई मिशन यमुना स्वच्छता के व्यापक दायरे में आती है, जिसमें सरकार का लक्ष्य लंबे समय से चली आ रही विफलताओं को सुधारना और समन्वित कार्रवाई और सख्त जवाबदेही के माध्यम से नदी को बहाल करना है।

# दोनों हाथों में पिस्टल लेकर खड़ा था बदमाश

### पुलिस ने घेरा तो की फायरिंग, फिल्मी अंदाज में हुई गिरफ्तारी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** फरुखनगर के झज्जर गेट पर पूर्व पार्षद मुकेश सैनी के पोते राकेश सैनी की दो गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपित की बुधवार दोपहर फिल्मी अंदाज में चरखी दादरी में गिरफ्तारी की गई। आरोपित की पहचान झज्जर के इस्माइलपुर गांव निवासी पंकज रूप में की गई। मंगलवार को हत्या के बाद वह पहले झज्जर और फिर भागकर चरखी दादरी पहुंचा था।

बताया जाता है कि बुधवार दोपहर चरखी दादरी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रेक पर दोनों हाथों में पिस्टल लेकर आरोपित खड़ा था। पास में रहने वाले कुछ लोगों ने जब इसे इस हालत में देखा तो पुलिस को सूचना दी। जीआरपी समेत अन्य नजदीकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस को देखकर उसने तीन बार हवा में और एक बार पुलिसकर्मियों की तरफ फायर किया। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। इसके बाद जब पुलिस आगे बढ़ी तो उसने खुद की कनपटी पर पिस्टल रखकर गोली चलाने की धमकी दी और चंद सेकेंड बाद उसने गोली चला भी दी।

हालांकि, फायर होने पर उसका हाथ फिसल गया और गोली सिर के पास से गुजर गई। इससे वह नीचे गिर गया और पुलिस कर्मियों ने उसे धर दबोचा। वह काफी नशे में लग रहा था। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान पंकज के रूप में



की गई। आरोपित के पास से दो अवैध पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए।

आरोपित फिलहाल जीआरपी की गिरफ्त में है। जीआरपी के अनुसार पूछताछ में उसने मंगलवार को फरुखनगर में युवक राकेश की हत्या की वारदात स्वीकार की। यह भी बताया कि हत्या के बाद वह इस्माइलपुर गांव चला गया था।

बुधवार सुबह उसे एक और व्यक्ति की हत्या करनी थी, लेकिन जब वह वारदात करने पहुंचा तो आरोपित नहीं मिला। इसके बाद वह भागकर झज्जर अनाज मंडी पहुंचा। यहां से निजी वाहन या बस से चरखी दादरी गया था। पकड़े जाने पर वह इतने नशे में था कि उसे खुद नहीं पता था कि वह भागकर कहां जा रहा था।

फरुखनगर के वार्ड नंबर 10 निवासी 33 वर्षीय राकेश सैनी ने झज्जर गेट के पास चाय-समोसे की दुकान कर रखी थी। सोमवार शाम आरोपित पंकज अपने साथियों के साथ समोसा खाने दुकान पर आया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसकी राकेश से झड़प हो गई थी।

आरोपित द्वारा देख लेने की धमकी देने पर राकेश ने फरुखनगर थाना पुलिस को इसकी जानकारी भी दी थी। हालांकि, लिखित शिकायत न होने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। दूसरे दिन मंगलवार सुबह दस बजे आरोपित बाइक पर आया और काउंटर पर बैठे राकेश पर फायरिंग कर दी।

राकेश के सीने पर एक और कोहनी के पास एक गोली लगी थी। इसमें उसकी मौत हो गई थी।

## अपने ही जिगर के टुकड़े को मां ने नहर में फेंका, जांच में तांत्रिक भी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, एजेंसी।** दो साल के बेटे को आगरा नहर फेंकने वाली महिला और षड़यंत्रकारी तांत्रिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गोताखोर की मदद से मंगलवार को आगरा नहर में बीपीटीपी के पुल से 500 मीटर आगे बच्चे के शव को बरामद कर लिया है। उसका शव कीचड़ में बुरी तरह से फंसा हुआ था। महिला को बच्चे को आगरा नहर में फेंकते हुए वहां से गुजर रहे लोगों ने देख लिया था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। थाना बीपीटीपी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। महिला सैनिक कालोनी में रहने वाली मेघा लुकरा है। मेघा के पति कपिल प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनके दो बच्चे हैं। जिसमें 14 साल की बेटी मानिया व दो साल का बेटा तन्मय है। महिला के पति ने पुलिस को बताया कि मेघा मानसिक रूप से परेशान रहती है।

वह उनके बेटे को किसी तांत्रिक के पास लेकर जाती रहती थी। तांत्रिक के बहकावे में आकर वह अपने दो साल के लड़के को जिन्न का बच्चा बताती है। तांत्रिक के कहने पर ही उसने बच्चे को बीपीटीपी पुल से आगरा नहर में फेंक दिया।

## बुजुर्ग को तीन दिन तक रखा डिजिटल अरेस्ट, फिर लगाया करीब 17 लाख का चूना

**फरीदाबाद, एजेंसी।** घोटाले की रकम खाते में आने की धमकी देकर साइबर ठगों ने एक बुजुर्ग को तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 16.44 लाख रुपये ठग लिए। जब पीड़ित के खाते में कुछ नहीं बचा तो उन्हें थाने जाने की बात कही। थाने में जाकर सच्चाई का पता चला कि यह साइबर फ्राड हो गया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत साइबर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



थाना साइबर क्राइम सेंट्रल में सेक्टर-86 में रहने वाले अशोक ने दी शिकायत में बताया कि वह प्राइवेट जाब करते थे। 16 साल पहले सेवानिवृत्त हो गए थे। पत्नी की मौत हो चुकी है और बेटा अलग रहता है। वह फ्लैट में अकेले रहते हैं। 28 अप्रैल 2025 को उनके पास वॉट्सएप कॉल आई। काल करने वाले ने उससे कहा कि वह मुंबई क्राइम ब्रांच से बोल रहे हैं। नरेश गोयल नाम का आदमी मुंबई क्राइम ब्रांच ने पांच हजार करोड़ रुपये के घोटाले मे गिरफ्तार किया है। नरेश गोयल ने पूछताछ में आपका नाम घोटाले की साजिश में शामिल बताया है। जांच में पता चला है कि 6.5 करोड़ रुपये का घोटाला आपके पेन कार्ड व आधार कार्ड का प्रयोग करके किया है। इस संबंध में आपसे पूछताछ करेंगे।

इसलिए आपको लगातार वीडियो काल पर रहना है और हमारी अनुमति के बिना किसी से भी बात नहीं करनी है। बिना हमारी अनुमति के कही नहीं जाना है और अपने फोन की बैटरी चार्ज रखनी है।

# दिल्ली के इस इलाके में 40 साल बाद खुला सरकारी स्कूल

## अब कह रहा एडमिशन लेने के लिए बाद में आना

**बाहरी दिल्ली, एजेंसी।** लगभग 40 साल पहले बसे प्रेमनगर (किराड़ी) के लोग अपने क्षेत्र में पहला सरकारी स्कूल पा कर खुश थे। बीती छह जनवरी को तत्कालीन मुख्यमंत्री आतिशी ने स्कूल की भव्य इमारत का लोकार्पण किया तो लोगों को उम्मीद थी कि उनके बच्चों को पढ़ने के लिए लंबी दूरी नहीं नापनी पड़ेगी, लेकिन अब स्कूल के गेट पर बिजली-पानी कनेक्शन नहीं है, दाखिला लेने बाद में आना का नोटिस देख अभिभावकों की हालत पांव तले जमीन खिसकने जैसी हो गई।

यह नोटिस देख बड़ी संख्या में अभिभावक बैरंग लौट रहे हैं। कई अभिभावक ने तो इस उम्मीद में स्कूल से अपने बच्चे का नाम कटवा लिया कि घर के पास ही उसका बच्चा पढ़ेगा। लोग सवाल कर रहे हैं कि जब बिजली-पानी सुविधा नहीं थी तो उद्घाटन नहीं करना चाहिए था। प्रेमनगर में सरकारी स्कूल की जमीन के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने वाले सामाजिक कार्यकर्ता मोहन पासवान कहते हैं कि एक सरकार ने उद्धघाटन में जल्दबाजी दिखाई तो वर्तमान शासन-प्रशासन सुस्ती के




जद में है। अन्यथा, स्कूल के लिए बिजली-पानी कनेक्शन लेना कौन सा मुश्किल काम है।

शासन-प्रशासन चाहे तो चंद घंटों का काम है। इस बारे में स्थानीय विधायक से लेकर शिक्षा विभाग के उप निदेशक व स्कूल प्रभारी तक संपर्क किया गया, लेकिन कोई जवाब को तैयार नहीं हुआ।

किराड़ी क्षेत्र के प्रेमनगर में नवनिर्मित खूबसूरत राजकीय सर्वोदय कन्या विद्यालय व बाल विद्यालय की इमारत बरबस ही सबका ध्यान खींच रही है। नवनिर्मित खूबसूरत सरकारी स्कूल की इमारत का चार माह पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री आतिशी ने लोकार्पण किया था।


आतिशी ने कहा था कि नई इमारत बनने से तीन हजार से ज्यादा छात्रों को लाभ होगा। यहां पर प्रेम नगर की 10-12 कॉलोनियों के बच्चे पढ़ने के लिए दाखिला ले सकेंगे। यह दो शिफ्टों में चलने वाला सरकारी स्कूल है। लड़कियों के लिए साइंस स्ट्रीम भी उपलब्ध है। स्कूल कुल 72 कमरे हैं। इस उजले पहलू के पीछे स्याह तसवीर अब लोगों के सामने आई। इतनी भव्य इमारत में बिजली और पानी तक की सुविधा नहीं है, यह जानकर सब चौंक गए। मंगलवार को अपनी लड़की के दाखिले के लिए स्कूल आए ऋषिपाल सिंह यादव बताते हैं कि लड़की तीसरी कक्षा में क्षेत्र के एक प्राइवेट स्कूल में थी। यह स्कूल घर के नजदीक है, इसलिए वहां से नाम कटवा दिया और यहां दाखिला नहीं मिल रहा है। 10-12 दिन से उनकी बच्ची घर पर हैं। अब नोटिस लगाकर बिजली-पानी की सुविधा नहीं होने की बात कह रहे हैं। अभिभवावक ईश्वर चंद मौर्या का कहना है कि वे बच्चों के दाखिले के लिए डेढ़ महीने से चक्कर लगा रहे हैं। पहले मार्च में दाखिले होने की बात बताई, फिर अप्रैल बताया गया।

अब कहा जा रहा है कि स्कूल में काम चला है। ये बताने वाला कोई नहीं कि काम कब पूरा होगा, बच्चों के दाखिले कब होंगे। स्कूल प्रभारी व तीन-चार स्टाफ सदस्य कभी-कभार मिलते हैं। अभिभावकों ने बताया कि बच्चों को पढ़ने के लिए दो से पांच किलोमीटर जाना पड़ता है। रास्ते में रेलवे पटरी पड़ती हैं, इस वजह से जोखिम भी रहता है।

लगभग 15 दिन पहले शिक्षा विभाग की ओर से स्कूल के मुख्य गेट पर नोटिस चस्पाया गया, नोटिस में कहा गया कि सभी अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को सूचित किया जाता है कि हमारे विद्यालय में जब तक बिजली, पानी एवं सीवरेज की समुचित व्यवस्था पूर्ण रूप से स्थापित नहीं हो जाती, तब तक विद्यालय में कक्षाएं आरंभ करना संभव नहीं है।

# नीरज चोपड़ा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल बनाया

## धोनी, कपिल और बिंद्रा इसका हिस्सा





**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना ने स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि दी है। नीरज को यह सम्मान खेल में असाधारण योगदान और राष्ट्र के प्रति उनकी कमिटमेंट के लिए दिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार, 14 मई को इसकी घोषणा की। बयान के अनुसार, यह नियुक्ति 16 अप्रैल से प्रभावी है। नीरज चोपड़ा पहले भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर थे। उन्हें 2018 में सुबेदार बनाया गया था। नीरज 2016 में भारतीय सेना में नायब सूबेदार के रूप में शामिल हुए थे। नीरज चोपड़ा से पहले पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी, कपिल देव और अभिनव बिंद्रा जैसे खिलाड़ियों को टेरिटोरियल आर्मी में मानद उपाधि दी जा चुकी है।

- **नीरज आज दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे** – नीरज चोपड़ा शुक्रवार 16 मई को दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे। नीरज ने पिछले सीजन में 88.36 मीटर भाला फेंककर दूसरा स्थान हासिल किया था। वे 2023 में 88.67 मीटर के स्कोर के साथ चैंपियन बने थे। नीरज के अलावा, जेवलिन थ्रोअर किशोर जेना, मिडिल डिस्टेंस रनर गुलवीर सिंह और पारुल चौधरी भी हिस्सा लेंगी।

**लगातार दो ओलिंपिक मेडल जीत चुके हैं नीरज** – नीरज चोपड़ा दुनिया के नंबर-2 जेवलिन थ्रोअर हैं। वे भारत की ओर से लगातार दो ओलिंपिक गेम्स में मेडल जीत चुके हैं। नीरज ने पेरिस ओलिंपिक में सिल्वर और टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। इसके अलावा, वे वर्ल्ड चैंपियनशिप, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे वर्ल्ड क्लास टूर्नामेंट में भारत को गोल्ड मेडल जिता चुके हैं।

# कैफ बोले-लगता है विराट टेस्ट खेलना जारी रखना चाहते थे

## चयन समिति ने नहीं दिया साथ; 12 मई को लिया था संन्यास



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि विराट कोहली इंग्लैंड सीरीज के लिए पूरी तरह तैयार थे। लेकिन, उन्हें अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति का समर्थन नहीं मिला। कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी थी।

### रणजी खेलकर इस फॉर्मेट को जारी रखने के दिए थे संकेत

कैफ ने बुधवार को आईएएनएस को दिए एक इंटरव्यू में कहा, मुझे लगता है कि वह इस फॉर्मेट में खेलना जारी रखना चाहते थे। इसको लेकर उनकी बीसीसीआई अधिकारियों और चयनकर्ताओं से बातचीत भी हुई होगी। चयनकर्ताओं ने पिछले 5-6 सालों में उनके प्रदर्शन का हवाला दिया होगा और उन्हें बताया होगा कि टीम में उनकी जगह अब नहीं हो सकती। हमें कभी पता नहीं चलेगा कि क्या हुआ, यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल है कि पर्दे के पीछे वास्तव में क्या हुआ था। उन्होंने आगे कहा, ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटने के बाद रणजी ट्रॉफी खेलने से यह साफ था कि वह आगामी टेस्ट में वापसी करना चाहते थे। उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें बीसीसीआई और चयनकर्ताओं से भी समर्थन मिलेगा, पर उन्हें नहीं मिला।

### पिछले पांच सालों में टेस्ट में 3 शतक ही जड़े

कोहली के अगर पिछले सालों के प्रदर्शन को देखें तो पता चला कि उनके प्रदर्शन में गिरावट आई है। उन्होंने इस बीच खेले 68 पारियों में केवल 2028 रन बनाए और तीन शतक ही लगाए। इस दौरान उनका करियर औसत घटकर 46 तक आ गया। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पर्थ में शानदार शतक के साथ वापसी के संकेत दिखे, लेकिन बाकी दौरे में वह केवल 90 रन ही बना पाए और भारत 1-3 से सीरीज हार गया।

# गुजरात में शामिल हो सकते हैं कुसल मेंडिस

## इंग्लैंड के जोस बटलर की जगह लेंगे, दिल्ली ने बांग्लादेशी पेसर रहमान को साइन किया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका के विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस गुजरात टाइटंस (जीटी) में शामिल हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मेंडिस के इंग्लैंड के जोस बटलर की जगह लेने की संभावना है। हालांकि गुजरात की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बटलर वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई से शुरू हो रही वनडे सीरीज के कारण आईपीएल के प्लेऑफ मैच के लिए उपलब्ध नहीं हो सकते हैं। इससे पहले, बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बतौर रिप्लेसमेंट टीम में शामिल किया है। वे ओपनर जैक फ्रेजर मैगर्क की जगह लेंगे। मैगर्क मौजूदा सीजन के बाकी मैचों के लिए भारत नहीं आएंगे। फ्रेंचाइजी ने रहमान से 6 करोड़ रुपए में एग्रीमेंट किया है, लेकिन यह एग्रीमेंट मुश्किल में पड़ता दिखाई दे रहा है। एग्रीमेंट के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा- अभी तक बीसीबी से प्लेयर और बीसीसीआई ने इस एग्रीमेंट के लिए एनओसी नहीं मांगा गया है। उन्होंने क्रिकइंफो से कहा- मुस्तफिजुर को टीम के साथ यूएई जाना है। हमें आईपीएल अधिकारियों से कोई संदेश नहीं मिला है। मुझे मुस्तफिजुर से भी ऐसा कोई आधिकारिक संदेश नहीं मिला है। आमतौर पर आईपीएल किसी भी प्लेयर से एग्रीमेंट का ऐलान तभी करता है, जब जब खिलाड़ी को उसके घरेलू बोर्ड से एनओसी मिल जाती है।

आईपीएल के बचे मैच का शेड्यूल और बांग्लादेश के ,श्व दौरे का शेड्यूल क्लैश हो रहा है। आईपीएल के बचे मैच 17 मई से शुरू हो रहे हैं, जबकि बांग्लादेश को यूएई में 17 और 19 मई को दो टी-20 मैच खेलने हैं। फिर टीम को 25, 27 और 30 मई, 1 और 3 जून को पाकिस्तान से 5 मैच खेलने हैं। मुस्तफिजुर टीम के साथ,श्व के लिए रवाना भी हो गए हैं।

### पहले भी दिल्ली के लिए खेल चुके




मुस्तफिजुर इससे पहले 2022 और 2023 सीजन में डीसी के साथ थे। उन्होंने 2016 में अपने पहले सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ खिताब जीता था, इस दौरान उन्होंने 16 विकेट लिए थे। मुस्तफिजुर उसी साल इमर्जिंग प्लेयर ऑफ ईयर का टाइटल जीतने वाले पहले विदेशी प्लेयर बने थे।

### आईपीएल में 61 विकेट ले चुके

मुस्तफिजुर 4 आईपीएल टीमों के लिए खेल चुके हैं। 2024 में वे चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा थे। इसके अलावा मुस्तफिजुर मुंबई, दिल्ली और राजस्थान के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने कुल 57 आईपीएल मैचों में 61 विकेट लिए हैं। डीसी ने इस सीजन के उन्हें 6 करोड़ रुपए में शामिल किया हैं।

### डीसी के लिए तीसरे लेफ्ट आर्म पेसर

मुस्तफिजुर दिल्ली कैपिटल्स के लिए तीसरे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज होंगे। टीम के पास पहले से मिचेल स्टार्क और टी नटराजन भी हैं। स्टार्क टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर हैं। उन्होंने अब तक 11 मैचों में एक बार 5 विकेट लेकर 14 विकेट लिए हैं।

### प्लेऑफ में पहुंचने के लिए तीनों मैच जीतना जरूरी

भारत-पाकिस्तान सीजफायर के बाद 17 मई आईपीएल फिर से शुरू होने वाला है। दिल्ली पॉइंट्स टेबल में अभी 11 मुकाबलों में 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। अगर टीम को प्लेऑफ में पहुंचना है तो बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे। दिल्ली के बचे तीन मैच गुजरात, मुंबई और पंजाब के खिलाफ हैं। हालांकि लास्ट 5 मैचों में दिल्ली को सिर्फ एक में ही जीत नसीब हुई है।

### मैगर्क के लिए सीजन खराब रहा

जैक फ्रेजर मैगर्क के लिए 2025 आईपीएल सीजन कुछ खास नहीं रहा। उन्हें पहले छह मैचों के बाद टीम से बाहर कर दिया गया। मैगर्क सीजन में मात्र 55 रन बना सके।

# ला लीगा- रियल मैड्रिड ने मायोर्का को 2-1 से हराया

## एमबाप्पे और रैमॉन ने एक-एक गोल किया, बार्सिलोना का खिताब जश्न टला




**बार्सिलोनी (एजेंसी)।** स्पेनिश लीग ला लीगा में बुधवार को खेले गए मैच में रियल मैड्रिड ने मायोर्का को इंजरी टाइम में गोल कर 2-1 से हरा दिया। मैड्रिड के लिए किलियन एमबाप्पे और जैकोबो रैमॉन ने एक-एक गोल किया।

### बार्सिलोना को खिताब के लिए करना पड़ेगा इंतजार

इसके साथ ही बार्सिलोना को अपने 28वां लीग खिताब के लिए इंतजार करना पड़ेगा। स्पेनिश लीग में सबसे ज्यादा पॉइंट अर्जित करने वाली टीम खिताब जीतती है। बार्सिलोना के 35 मैच के बाद 82 पॉइंट है। वह पॉइंट टेबल में टॉप पर है। जबकि रियल मैड्रिड 36 मैचों के बाद 78 पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर है। स्पेनिश लीग में 20 टीमें खेल रही है। प्रत्येक टीम को एक-दूसरे से दो दो मैच खेलने हैं। एक मैच अपने होम ग्राउंड पर और दूसरा बाहर यानी प्रत्येक टीम को 38 मैच लीग में खेलने हैं। बार्सिलोना को 3 मैच खेलने हैं और एक भी जीतने के बाद वह खिताब जीत जाएगी। जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली रियल मैड्रिड के दो मैच बाकी है, और दोनों जीतने के बाद भी खिताब हासिल करना मुश्किल है।

### हाफ टाइम में मायोर्का ने 1-0 से आगे

मार्योका ने हाफ टाइम में रियल मैड्रिड से 1-0 से आगे रहा। मार्योका की तरफ से 11 वें मिनट में मार्टिन वाल्जेंट ने गोल कर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। उसके बाद हाफ टाइम तक दोनों टीमों ने कोई और गोल नहीं किए।

### मबाप्पे ने गोल कर टीम को बराबरी पर लाया

मैच के 68वें मिनट में किलियन एमबाप्पे ने गोल कर रियल मैड्रिड को 1-1 की बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। लीग में उनका यह 28वां गोल था।

वह लीग में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उनसे तीन गोल पीछे बार्सिलोना के रॉबर्ट लेवांडोव्स्की हैं। इनके 25 गोल हैं।

### रैमॉन ने इंजरी टाइम में विजयी गोल दागा

ऐसा लग रहा था कि बार्सिलोना का खिताब तय हो गया, पर इंजरी टाइम में रियल मैड्रिड की ओर से जैकोबो रैमॉन ने गोल कर स्कोर को स्कोर 2-1 कर दिया और टीम को जीत दिला दी।

इसके साथ ही बार्सिलोना को खिताब जश्न मानने के लिए रोक दिया। उन्हें अपने अगले मैच तक इंतजार करना पड़ेगा। बार्सिलोना का मैच गुरुवार को एस्पेनयोल के साथ है। जीत के साथ ही वह खिताब भी जीत लेगी।

# डब्ल्यूटीसी 2025 फाइनल की प्राइज मनी की घोषणा

## विनर को 30.79 करोड़ रुपए, नंबर-3 पर रहने पर भारत को 12.32 करोड़ रुपए मिलेंगे

**दुबई (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की राशि में बढ़ोतरी की है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच 11 से 15 जून तक खेला जाएगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के विजेता को 30.79 करोड़ रुपए राशि मिलेगी, जबकि हारने वाली टीम को 18.47 करोड़ रुपए राशि मिलेगी।

- **पिछले दो फाइनल से 17.96 करोड़ रुपए ज्यादा** – इस बार विजेता टीम को मिलने वाली इनामी राशि पिछले दो फाइनल के विजेताओं न्यूजीलैंड (2021) और ऑस्ट्रेलिया (2023) की जीती राशि से 17.96 करोड़ रुपए से अधिक है। पिछले दो एडिशन में विजेता को 13.68 करोड़ रुपए दिए गए थे, जबकि उपविजेता को 6.84 करोड़ रुपए दिए गए थे। ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में भारत को हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता था।
- **टीम इंडिया को मिलेगी 12.32 करोड़ रुपए** – वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में खेलने वाली सभी 9 टीमों को प्राइज मनी मिलेगी। नौवें स्थान पर रहने वाली पाकिस्तान को भी 4.10 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम इंडिया को 12.32 करोड़ रुपए मिलेंगे।
- **साउथ अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया टॉप-2 में रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया** – वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चरण में साउथ अफ्रीका ने 69.44 प्रतिशत के साथ पॉइंट टेबल में टॉप रह कर फाइनल के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया था। जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 67.54 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। भारत ने अधिकांश समय पॉइंट टेबल में टॉप पर रहने के बाद आखिरी में 50.00 अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रहा। भारत को आखिरी दो सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में हार के बाद उसे ऑस्ट्रेलिया में हार का सामना करना पड़ा था।
- **आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा- तीसरा चरण काफी रोचक रहा** – आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि तीसरा चरण काफी रोचक रहा। फाइनलिस्ट का फैसला आखिरी में जाकर हुआ। मुझे यकीन है कि लॉर्ड्स में दर्शकों के साथ-साथ दुनिया भर से आने वाले प्रशंसकों को इस प्रतिष्ठित फॉर्मेट में कुछ बेहतरीन क्रिकेट देखने को मिलेगा, जब ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका अब से एक महीने से भी कम समय में मैदान पर उतरेंगे।
- **पैट कमिंस बोले- टॉफी का डिफेंड करने हमारे लिए महत्वपूर्ण** – ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि लॉर्ड्स में ट्रॉफी को डिफेंड करना हमारे लिए गर्व की बात है। मैं पिछले दो सालों में टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों को फाइनल में पहुंचने के लिए बधाई देता हूं और यह हमारे लिए सम्मान की बात है। सभी ने इसके लिए कड़ी मेहनत की है। हम इंग्लैंड में साउथ अफ्रीका की चुनौती का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।
- **तेम्बा बावुमा ने कहा- आईसीसी खिताब जीतने का अच्छा मौका** – साउथ अफ्रीकी टीम के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा है कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर बेहद खुश हैं। हमारे पास आईसीसी खिताब जीतने का अच्छा मौका है।

# कोहली के साथ खेलने का सपना अधूरा रह गया- वॉर्नर

## जावेद अख्तर बोले- विराट के जल्दी संन्यास ने निराश किया, उनमें बहुत क्रिकेट बचा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वॉर्नर ने कहा, विराट कोहली के साथ एक टीम में खेलने का सपना अधूरा रह गया। मैं आईपीएल में भी विराट के साथ नहीं खेल सका। वहीं गीतकार जावेद अख्तर ने कहा, विराट के जल्दी संन्यास लेने से निराश हूं, उनमें बहुत क्रिकेट बचा था। टीम इंडिया के विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया। 36 साल की उम्र में रेड बॉल क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद कई दिग्गजों ने कहा कि उन्होंने जल्दबाजी में यह फैसला लिया। विराट टेस्ट में 10 हजार रन भी पूरे नहीं कर सके, उन्होंने 30 सेंचुरी लगाकर 9230 रन बनाए।

**वॉर्नर बोले- विराट की टीम में खेलना चाहता था** – डेविड वॉर्नर ने रेव्जस्पोर्ट्ज को दिए इंटरव्यू में कहा, विराट के खिलाफ मैंने 1 दशक तक क्रिकेट खेला, शुरुआती मैचों में ही मुझे पता चल गया कि वे कितने चैलेंजिंग है। तेंदुलकर, द्रविड़, लक्ष्मण जैसे प्लेयर्स के संन्यास के बाद बाद विराट ने टीम की जिम्मेदारी संभाली। मैंने हमेशा उनके खिलाफ खेलना एंजॉय किया। आईपीएल में जब भी उनके




सामने खेला तो उनकी एनर्जी ने मुझे प्रभावित किया। मेरा सपना था कि किसी मौके पर विराट के साथ एक ही टीम में खेलूं। मुझे यह बात हमेशा सताएगी कि सपना अधूरा रह गया।डेविड वॉर्नर और विराट कोहली 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में आखिरी बार एक-दूसरे के खिलाफ भिड़े थे।

**विराट बेहतरीन लीडर- वॉर्नर** – वॉर्नर ने आगे कहा, टेस्ट और वनडे में विराट के रिकॉर्ड बेहतरीन रहे। रन चेज करते हुए तो उनके आसपास भी कोई नहीं। इंडिया के लिए खेलते हुए कभी भी उनकी एनर्जी कम नहीं हुई। विराट की कप्तानी ने उन्हें बाकियों से अलग बनाया, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में बताया कि वे क्यों खास हैं। कई प्लेयर्स ने कहा कि विराट को थोड़ा और खेलना चाहिए था, लेकिन मुझे लगता है कि विराट को पता है कि कब उन्हें खेलना बंद करना है। वे अपने गेम को बखूबी जानते हैं, इसलिए मैं उनके फैसले का सपोर्ट करता हूं। वे हमेशा बेहतरीन लीडर के रूप में पहचाने जाएंगे।

# स्टार्क की पत्नी ने बताई धर्मशाला में ब्लैकआउट की कहानी

## कहा- डर का माहौल था, मैसेज मिला- तुरंत निकलो,मिसाइल हमले की अफवाह थी

**मेलबर्न (एजेंसी)।** मिचेल स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली ने विलो टॉक पॉडकास्ट में धर्मशाला ब्लैकआउट की कहानी बताई। वहां डर का माहौल था और स्थिति काफी खराब हो गई थी। जब अचानक एक व्यक्ति आया और कहा यहां से तुरंत निकलो। उसका चेहरा सफेद हो गया था। क्योंकि, वहां मिसाइल हमले की अफवाह फैल गई थी। यह बताते हुए दिल्ली के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली सहम गई। वे विलो टॉक पॉडकास्ट पर 8 मई की रात धर्मशाला स्टेडियम में ब्लैकआउट की कहानी बयां कर रहीं थी।

ऑस्ट्रेलिया विमेंस क्रिकेट टीम की कप्तान एलिसा हीली ने एक पॉडकास्ट में बताया कि मिसाइल हमले की अफवाह के बीच कैसे धर्मशाला स्टेडियम खाली कराया गया और कैसे प्लेयर्स और उनके परिवार को सुरक्षित होटल तक पहुंचाया। हीली ने कहा- वहां स्थिति काफी अच्छी नहीं थी। अचानक हमें वैन में ठूंस दिया गया और हम होटल वापस चले गए। 8 मई को पाकिस्तान के ड्रोन अटैक के बीच धर्मशाला में पंजाब-दिल्ली मैच बीच में रोक दिया गया था। फिर 20 मिनट के अंदर स्टेडियम खाली करा दिया गया। खिलाड़ियों के साथ सपोर्ट स्टाफ को एक बस में होटल वापस ले जाया गया। बीसीसीआई ने अगले दिन स्पेशल वंदे भारत ट्रेन से सभी को दिल्ली पहुंचाया। क्योंकि, सभी उड़ाने रद्द कर दी गई




थी।

जब खेल रोका गया था, एलिसा उस समय अन्य खिलाड़ियों के परिवार के सदस्यों के साथ स्टैंड में मौजूद थीं। यह मानते हुए कि यह एक मामूली समस्या है, एलिसा और उनके साथ मौजूद अन्य लोग पहले तो शांत रहे, लेकिन फिर चीजें हाथ से निकल गईं। उन्होंने बताया... बिजली के कुछ टावर की बत्ती गुल हो गई और हम बस वहीं इंतजार कर रहे थे। मैंने कुछ सीट दूर अफवाह सुनी कि हमें स्टेडियम खाली करना पड़ सकता है, क्योंकि बिजली गुल हो गई है। हमारे साथ परिवार और अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ का एक बड़ा समूह था अगले ही मिनट एक आदमी (जो हमारे ग्रुप के साथ था और हमारा ध्यान रखता था।) आता है और कहता है कि हमें तुरंत निकलना होगा। उसका चेहरा सफेद पड़ गया था।' अचानक हमें वैन में ठूंस दिया गया और हम होटल वापस चले गए। वहां स्थिति काफी अच्छी नहीं थी। हम पंजाब के कुछ खिलाड़ियों के साथ बस में बैठे थे। मुझे लगता है कि श्रेयस मेरी बस में था। यह ऐसा था जैसे आप वहां से निकलते ही वैन में चढ़ जाएं।

**हमें लगा हम स्टेडियम में सुरक्षित हैं** – एलिसा ने कहा- 'उस आदमी ने कहा कि हमें अभी जाना चाहिए। और हम कह रहे थे, 'ओह, यह ठीक है।' हम बाकी सभी को स्टेडियम से पहले बाहर जाने देना और वहां रुके रहना बेहतर समझ रहे थे। हमें लगा कि हम शायद यहां सुरक्षित हैं, क्योंकि हर जगह लोग सीढ़ियों से नीचे उतर रहे होंगे।'

एलिसा ने बताया कि इसके बाद चीजें तेजी से बदल गईं और हमें एक कमरे में ले जाया गया। वहां पंजाब और दिल्ली के खिलाड़ी पहले से मौजूद थे। फिर एक और आदमी आया, उसका चेहरा सफेद पड़ चुका था, उसने एक बच्चे को पकड़ लिया और कहा- हमें अभी निकलना होगा।'

**यह इतना जल्दी हुआ कि फाफ बिना जूते के निकले** – एलिसा ने कहा- यह इतनी तेजी से हुआ कि फाफ डु प्लेसिस ने जूते भी नहीं पहने थे। वे सभी वहां बस इंतजार कर रहे थे। सभी तनाव में दिख रहे थे। मैंने मिच (मिचेल स्टार्क) से पूछा, 'क्या हो रहा है?' और उसने कहा, '60 किलोमीटर दूर शहर में अभी-अभी मिसाइलों से हमला हुआ है'।